आषाढ़ कृष्ण पक्ष 08, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

**रांची का तापमान**

| कांके | रांची |
|---|---|
| अधिक. 24.5° | अधिक. 25.0° |
| न्यून. 22.5° | न्यून. 22.8° |

रांची, गुरुवार
19 जून 2025
वर्ष-26, अंक-137, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




### हिंद के प्रहरियों के जज्बे को सलाम

राष्ट्रीय नवीन मेल




**लक्ष्मी सिंह 'रुबी'**

पहलगाम की सुंदर वादियों में आतंकियों ने जहर घोला, चारों ओर भयावह माहौल बनाया, धर्म पूछ कर सुहागिनों का श्रृंगार मिटाया। भारत की तीनों सेनाओं (थल, वायु और नौसेना) ने 7 मई, 2025 को 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से आतंकवादियों के विरुद्ध अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर सशक्त रूप में प्रदर्शित किया। मां भारती के बेटों ने अपनी वीरता और शौर्य दिखाया। 'ऑपरेशन सिंदूर' यह नाम उन नवविवाहिताओं को ध्यान में रख कर चुना गया था, जिनका सिंदूर आतंकियों ने उजाड़ा था। भारत के शूरवीर जवानों ने यह बतलाया है कि भारत अपने हर बलिदान को याद रखता है। मां भारती के चरणों में और पहलगाम हमले की विधवाओं के प्रति देश के जांबाज जवानों ने अपने प्राणों का बलिदान देकर जो श्रद्धांजलि अर्पित किया है, उसे शत-शत नमन। शहीदों का बलिदान हमें प्रेरित करता है कि हमें अपने देश के सम्मान के लिए हर मुश्किल से लड़ना है। देश के बहादुर जवानों आपकी इस बलिदान को, भारत सदैव याद ही नहीं रखेगा, बल्कि इसका उचित सम्मान और प्रतिदान भी करेगा। मेरे भारत के वीर सपूतों तुमको शत-शत नमन है। जय हिंद, जय भारत।

## स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा एचसीएल टेक के बीच हुआ एमओयू

# युवा पीढ़ी का बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने को सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

**इस पहल से युवाओं को उज्ज्वल भविष्य के सपने साकार करने के मिलेंगे मौके**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को कहा कि राज्य की युवा पीढ़ी का बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस सिलसिले में करियर निर्माण के लिए नई पीढ़ी को रास्ता दिखाने एवं नया आयाम जोड़ने का प्रयास निरंतर जारी है। इसी कड़ी में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और एचसीएल टेक के बीच प्लेसमेंट लिंक्ड बेस्ड प्रोग्राम 'टेक बी' के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर एक बड़ा कदम है। सीएम सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में प्लेसमेंट लिंक्ड बेस्ड प्रोग्राम 'टेक बी' के लिए आयोजित एमओयू कार्यक्रम में ये बातें कही। उन्होंने कहा कि इस पहल से राज्य के युवाओं को सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य के सपने को साकार करने का मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 12वीं कक्षा के बाद से ही झारखंड के विद्यार्थियों को आईटी सेक्टर से जोड़ने की दिशा में एचसीएल के 'टेक बी' कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि यहां की युवा पीढ़ी को तकनीकी शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण के साथ जॉब उपलब्ध कराने के लिए अगर कोई कंपनी या संस्थान पहल करती है, तो उसे राज्य सरकार पूरा सहयोग करेगी।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बच्चे -बच्चियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा, कौशल विकास तथा रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित होकर काम कर रही है। सीएम सोरेन ने कहा कि 'टेक बी' एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसके जरिए विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा पूरी करने के साथ ही निश्चित भविष्य बनाने का मौका मिल रहा है। इतना ही नहीं, सफल प्रशिक्षण के बाद जॉब और उच्च शिक्षा प्राप्त करने के भी अवसर मिलेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे पूरी लगन के साथ इस प्रोग्राम का हिस्सा बनकर अपने करियर को नई दिशा दें। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से संबंधित सभी तरह की जानकारियां स्कूली विद्यार्थियों तक पहुंचाने की दिशा में ठोस पहल होनी चाहिए। इस अवसर पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक शशि रंजन और एचसीएल टेक के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुब्बारमण बालासुब्रमण्यम उपस्थित थे।

## नई पीढ़ी के बेहतर करियर निर्माण के लिए प्रयास निरंतर जारी



### राज्य के बच्चे-बच्चियों में प्रतिभा की कमी नहीं

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के बच्चे -बच्चियों में प्रतिभा और हुनर की कोई कमी नहीं है। जरूरत इस बात की है कि इन्हें कैसे सही रास्ता दिखाया जाए, ताकि वे आगे बढ़ सकें। हमारी सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से यहां की नई पीढ़ी को बेहतर शिक्षा देने के साथ कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण और रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास लगातार करती आ रही है।

### गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ लें बच्चे

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के बच्चों को पढ़ाई में आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की गई है। चाहे आप इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना चाहते हों, या मैनेजमेंट अथवा कोई और कोर्स, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत बिना किसी गारंटी के आपको 15 लाख रुपए तक का लोन उपलब्ध होगा। सरकार की ओर से आप सभी को हर स्तर पर सहयोग किया जाएगा।

## राज्य कैबिनेट की बैठक कल

**रांची।** राज्य कैबिनेट की बैठक 20 जून को अपराह्न 04:00 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। यह जानकारी बुधवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली इस कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

## मॉनसून ने झारखंड के सभी जिलों को किया कवर

# रांची सहित राज्य के 6 जिलों में आज भारी बारिश का रेड अलर्ट




### धनबाद सहित सात जिलों में हुई जबर्दस्त वर्षा

**मौसम विभाग के अलर्ट के मायने**

| ग्रीन अलर्ट | येलो अलर्ट | ऑरेंज अलर्ट | रेड अलर्ट |
|---|---|---|---|
| किसी विशेष सलाह की आवश्यकता नहीं | खराब मौसम के लिए तैयार रहें, मौसम से जुड़ी जानकारी लेते रहें | मौसम की स्थिति देखकर ही घर से बाहर निकलें, बहुत जरूरी काम हो, तो ही घर से बाहर निकलें और सावधानी के साथ निकलें | भारी बारिश, तूफान, बादल फटने जैसी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें, जान-माल का नुकसान हो सकता है, सावधानी बरतें, बच्चे-बुजुर्गों का खास ख्याल रखें |

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राज्य में बुधवार को भारी बारिश से आम जन-जीवन प्रभावित रहा। रांची सहित झारखंड के कई जिलों में बुधवार की सुबह से ही भारी बारिश हुई, जो देर रात तक जारी रही। ज्ञात हो कि दक्षिणी-पश्चिमी मॉनसून झारखंड के सभी जिलों को कवर कर चुका है। इसकी वजह से पूरे राज्य भर में अच्छी बारिश हो रही है।

इधर, मौसम विभाग ने राज्य के 13 जिलों में भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बुधवार (18 जून) और गुरुवार (19 जून) को झारखंड के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। 18 जून के लिए राज्य के धनबाद, दुमका, जामताड़ा, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, बोकारो और रामगढ़ जिले के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया था और इन जिलों में ज्यादातर जगहों पर भारी बारिश हुई। वहीं, 19 जून को रांची, रामगढ़, बोकारो, हजारीबाग, कोडरमा और गिरिडीह जिले के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने 20 जून (शुक्रवार) को भी पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना व्यक्त की है।

शेष पेज 11 पर




### रांची में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित

**रांची।** रांची में पिछले 24 घंटों के दौरान 128 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। बुधवार को भारी बारिश से रांची के कई मुहल्लों में जल जमाव हो गया। रांची के कई इलाकों में बारिश का पानी सड़कों बह रहा था। इससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लगातार हो रही बारिश के चलते कई लोग कार्यालय नहीं जा सके। कई बच्चे स्कूल जाने से वंचित हो गए। इधर, रांची में सुबह से देर रात तक बारिश जारी रही।

### खराब मौसम को लेकर रांची के सभी स्कूल आज रहेंगे बंद



**रांची।** खराब मौसम को देखते हुए रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने जिले के सभी स्कूलों को गुरुवार (19 जून) को बंद रखने का निर्देश दिया है। बुधवार को उपायुक्त कार्यालय की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के विशेष शेष पेज 11 पर

### भारी बारिश के बीच चार सड़क हादसों में 5 की मौत, 15 घायल

**रांची।** राज्य में भारी बारिश के बीच बुधवार को अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत गई। वहीं, इन दुर्घटनाओं में 15 लोग घायल हो गए हैं। धनबाद जिले के टुंडी थाना क्षेत्र में कमलपुर जंगल के पास बुधवार को दिन में करीब 12:00 बजे एक ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। बताया गया कि बारिश के कारण शेष पेज 11 पर

### जेएसएससी सीजीएल के रिजल्ट पर हाईकोर्ट ने रोक बरकरार रखी

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने बुधवार को वर्ष 2024 में आयोजित झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल (सीजीएल) परीक्षा के रिजल्ट प्रकाशन पर रोक बरकरार रखी। कोर्ट ने इस परीक्षा में गड़बड़ियों की सीबीआई जांच कराने की मांग वाली याचिका पर बुधवार को सुनवाई की। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से बहस के लिए अतिरिक्त समय की मांग की गई, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। अब इस याचिका पर अगली सुनवाई 26 जून को निर्धारित की गई है। इस मामले में पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया था कि मामले में सीआईडी की जांच जारी है। परीक्षा के पेपर लीक का अब तक कोई साक्ष्य नहीं मिला है। अनुसंधान की प्रक्रिया एक माह में पूरी कर ली जाने की उम्मीद है।

शेष पेज 11 पर

## नवाबाजार सीओ 30 हजार घूस लेते एसीबी के हाथों गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**नवाबाजार/पलामू।** बुधवार शाम पलामू एसीबी की टीम ने नवाबाजार अंचलाधिकारी शैलेश कुमार को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई उस समय की गई जब सीओ एक जमीन के म्यूटेशन मामले में रिश्वत ले रहे थे। एसीबी की इस कार्रवाई से पूरे जिले के प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। सूत्रों के अनुसार, नवाबाजार के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष व ईटको पंचायत के पूर्व मुखिया अजय कुमार उर्फ दीपक गुप्ता से एक जमीन के म्यूटेशन के बदले सीओ शैलेश कुमार ने 30 हजार रुपये की मांग की थी। दीपक गुप्ता ने इसकी शिकायत एसीबी कार्यालय में की थी। इसके बाद योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया गया और आरोपी शेष पेज 11 पर

### नवाबाजार में अब तक चार अधिकारी-कर्मी एसीबी के जाल में फंसे

नवाबाजार प्रखंड भ्रष्टाचार के मामलों में लगातार सुर्खियों में रहा है। अंचलाधिकारी शैलेश कुमार की गिरफ्तारी से पहले भी एसीबी यहां तीन अन्य लोगों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर चुकी है। 11 जुलाई 2018 को पहली कार्रवाई पंचायत सेवक नंद किशोर राम पर हुई थी। 14वें वित्त से कराए गए कार्यों के भुगतान के बदले लाभुक से पैसे की मांग करने के आरोप में उन्हें बसना पंचायत से गिरफ्तार किया गया था। 16 मार्च 2021 को मनरेगा बीपीओ आनंद कुमार को रिश्वत लेते पकड़ा गया था। हालांकि इस गिरफ्तारी को स्थानीय कर्मियों ने साजिश बताया था और सभी कर्मियों ने उपायुक्त को जांच की मांग करते हुए एक दिवसीय धरना भी दिया था। शेष पेज 11 पर

### डीआईजी की पहल रंग लाई

## जेजेएमपी के सबजोनल कमांडर बैजनाथ सिंह ने किया सरेंडर, सात उग्रवादी मामलों में था वांछित

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** डीआईजी नौशाद आलम की सतत निगरानी और झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के असर से एक और बड़ा नक्सली चेहरा मुख्यधारा में लौट आया है। बुधवार को झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के सबजोनल कमांडर बैजनाथ सिंह ने लातेहार पुलिस मुख्यालय में आत्मसमर्पण कर दिया। सरेंडर के समय उनकी पत्नी और परिजन भी उपस्थित थे। इस अवसर पर डीआईजी नौशाद आलम, एसपी कुमार गौरव और सीआरपीएफ कमांडेंट याद राम बुनकर ने बैजनाथ सिंह का पारंपरिक रूप से स्वागत करते हुए उन्हें शॉल और माला पहनाकर सम्मानित किया। डीआईजी ने इस मौके पर स्पष्ट रूप से कहा कि सरकार और पुलिस दोनों ही उग्रवाद को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन जो उग्रवादी हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ना चाहते हैं, उनके लिए यह एक सुनहरा अवसर है। डीआईजी ने आत्मसमर्पण को एक सकारात्मक संकेत बताते हुए कहा, "अब समय आ गया है कि बाकी उग्रवादी भी हिंसा छोड़कर आत्मसमर्पण करें और अपने भविष्य को बेहतर बनाएं। सरकार की पुनर्वास नीति में हर जरूरी सहयोग और सुरक्षा की गारंटी है।" बैजनाथ सिंह पहले भाकपा (माओवादी) संगठन से जुड़े हुए थे और वर्ष 2020 में उन्होंने नक्सली

शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

## नदी नालों को गायब करते लोगों और अधिकारियों पर हत्या जैसी कार्रवाई हो

राजनीति या पैसों के बलबूते नियम तोड़ने की होड़ के बीच रास्तों से लेकर नदी नालों तक के ऊपर घर या दुकान बनाने वाले अतिक्रमण से अधिक बड़ा अपराध करते हैं क्योंकि वे लाखों लोगों की परेशानी और भविष्य के लिए समस्याएं खड़ी करते हैं । महीनों से बरसात की आस लगाए झारखंडवासी अब जल जमाव से परेशान हैं क्योंकि मॉनसून की पहली बारिश उन्हें डरा रही है । देश की तरह झारखंड के नदी नालों पर अतिक्रमण कर लोगों ने घर दुकानें बना लीं हैं। राजधानी रांची के हिन्दपीढ़ी इलाके में 2019 में पांच साल की बच्ची एक खुले नाले में गिर गई थी और उसका शव तीन किलोमीटर दूर श्मशान घाट के निकट स्वर्णरेखा नदी से बरामद हुआ था 2021 नें एक वृद्ध नाले में बह गए और 12 घंटे बाद भी शव का पता नहीं चला था । ऐसा ही ही मामला कांटाटोली के नाले के ऊपर रहने वालों के साथ हुआ था,हंगामा हुआ फिर लोग भूल गए । आजकल रातू रोड के पंचशील नगर और न्यू शाहदेवनगर में पानी भरा हुआ है । 2023 में रांची के तत्कालीन नगर निगम प्रशासक शशि रंजन ने कहा था कि बिल्डिंग बायलॉज के अनुसार नदी और नालों के 15 मीटर के दायरे में भवन या किसी प्रकार का निर्माण नहीं कराया जा सकता है । ऐसा करने पर नदी-नाले का अतिक्रमण माना जाएगा इसके लिए उन्होंने टीम गठित करने का निर्देश दिया था । पर वस्तुस्थिति यह है कि अतिक्रमण और औद्योगीकरण का परिणाम है कि रांची में बहने वाली 12 से 14 सहायक छोटी नदियां या तो लुप्त हो गई हैं या अंतिम सांसें गिन रही हैं। कई नदियों के नाम तक लोग भूल गए है। वर्ष 2000 के पहले व बाद राज्य गठन के समय से ही तेजी से इन नदियों को अतिक्रमण व दूषित करके इसे विलुप्त कर दिया गया। इसमें हटिया क्षेत्र में नकटी नदी भी है। जिस पर बढ़ते शहरीकरण से इसका अस्तित्व समाप्त हो गया। ऐसी ही दूसरी डोढ़ नदी भी थी। जो इरगूटोली होकर बहती थी। अब यह सहायक नदी नाले में बदल दी गई है। इसके अलावा करमटोली से करम ढोढ़हा नामक की छोटी सी जलधारा बहा करती थी जो कोकर स्थित डिस्टिलरी तालाब तक आती थी। इसका भी स्रोत अब शहरीकरण व आबादी बढ़ने के कारण बंद हो गया है । इस तरह कई और सहायक नदियां हैं, जिनका आज कुछ पता नहीं है। दिनों-दिन अतिक्रमण के कारण गढ़वा के बंशीधर नगर के लिए लाइफलाइन कही जाने वाली बांकी नदी सिकुड़ती गई । पेयजल संकट के बाद सरकार, स्वयंसेवी संगठन व बुद्धिजीवी प्राकृतिक जल स्रोतों की पुनरुद्धार करने की बात दो वर्ष से कर रहे हैं । गुमला शहर के दोनों छोर से गुजरने वाली नदी धीरे-धीरे सिकुड़ती जा रही है। उत्तर में बस स्टैंड के नीचे से होकर और दक्षिण में काली मंदिर से होकर गुजरने वाली दोनों नदियों के किनारे की जमीन का अतिक्रमण कर भूमाफिया ने इन्हें नाले में बदल दिया है। इससे दुर्गंध आती है और हल्की बारिश होने पर लोगों के घरों में पानी प्रवेश कर जाता है। आवागमन बाधित हो जाता है। रांची की लाइफ-लाइन कही जाने वाली हरमू नदी का पानी कुछ दशक पहले एकदम साफ हुआ करता था और आसपास की बस्तियों के लोग इसका पानी पीते तक थे। नहाने-धोने, मवेशियों को पिलाने और खेतों की सिंचाई के लिए भी हरमू नदी के पानी काम आता था। आज इस का पानी गंदगी और प्रदूषण के कारण काला पड़ गया है। हाईकोर्ट की निगरानी में एक कमेटी ने क्षेत्र का दौरा किया था तो जानकारी मिली कि हरमू नदी के उद्गम स्थल से लेकर अंतिम छोर तक अतिक्रमण और अवैध कब्जा हुआ है। झारखंड की महत्वपूर्ण नदियों में से एक स्वर्णरेखा नदी अतिक्रमण का शिकार होती रही है। जो कभी 24.47 मीटर चौड़ी हुआ करती थी वह आज 05 मीटर तक रह गयी है। जुमार नदी जो कभी 30.4 मीटर चौड़ी हुआ करती थी वह भी आज 10 मीटर तक चौड़ी रह गयी है। पोटपोटो नदी जो कभी 32.37 मीटर चौड़ी हुआ करती थी वह आज की तारीख में अतिक्रमण की वजह से 07 से 08 मीटर चौड़ी रह गयी है। सिकुड़ती नदियां यह बताने को काफी है कि कैसे रांची नगर निगम और सरकारों ने पब्लिक की शिकायतों की दशकों से अनदेखी की । राजधानी बनने के बाद रांची में जमीन महंगी होती गयी और भू माफियाओं ने सरकारी बाबुओं के साथ मिलकर नदी किनारे की जमीन को भी नहीं छोड़ा। हर बरसात में इस पर चर्चा होती है फिर समाप्त हो जाती है । इस तरह अतिक्रमण करने वालों के कारण अनेक लोगों का जीवन खतरे में पड़ता है इसलिए इन्हें और जमीन की हेराफेरी में मदद करने वाले सरकारी कर्मचारियों पर हत्या के प्रयास या हत्या जैसे कठोर कानून बनाने का समय आ गया है तभी इस पर रोक लगेगी अन्यथा लीपापोती पर समाज और सरकार मूकदर्शक बने रहेंगे और पीड़ित की कमजोर आवाज सुनी नहीं जाएगी।



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक



फाइल फोटो रांची

## भारत आएंगे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

**क्वाड समिट के लिए पीएम मोदी के न्योते को स्वीकार किया**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द भारत दौरे पर आएंगे। क्वाड समिट के लिए डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत के दौरान न्योते को स्वीकार कर लिया है। बुधवार को भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने इसकी जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच 35 मिनट की बातचीत में कई विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के संबंध में दोनों नेताओं ने अपने विचार साझा किए। दोनों ने इस क्षेत्र में क्वाड की अहम भूमिका के प्रति समर्थन जताया। विदेश सचिव के मुताबिक, क्वाड की अगली बैठक के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को भारत यात्रा का निमंत्रण दिया।

शेष पेज 11 पर



### भारत ने कभी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं किया : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-पाकिस्तान सीजफायर को लेकर स्पष्ट कर दिया है कि इसमें अमेरिका की कोई भूमिका नहीं थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ 35 मिनट चली बातचीत में पीएम मोदी ने दो टूक शब्दों में कहा कि भारत ने शेष पेज 11 पर

### इंडिया गठबंधन की बैठक में झामुमो शामिल नहीं

# गठबंधन टूटेगा तो कौन मजबूत होगा और कौन कमजोर?

नवीन मेल संवाददाता



रांची। बिहार में साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने अपने-अपने सियासी समीकरण बदलने शुरू कर दिए हैं। बीते दिन इंडिया ब्लॉक (महागठबंधन) की बैठक में आरजेडी और कांग्रेस जैसे प्रमुख दल शामिल हुए जबकि इस महत्वपूर्ण बैठक में झारखंड में प्रचंड जीत से उत्साहित और महागठबंधन में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा को न्योता नहीं दिया गया जिसे लेकर कई तरह की राजनीतिक गलियारों में कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।चुनावी समीकरण को लेकर हुई महागठबंधन की बैठक से आउट हुई झारखंड मुक्ति मोर्चा के तेवर कड़े हो गए हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय प्रवक्ता विनोद पांडेय से जब पूछा गया की महागठबंधन की बैठक में आपके दल को बुलाया नहीं गया तो उन्होंने स्पष्ट किया कि हम झारखंड में बड़े भाई की तरह सभी का सम्मान कर रहे हैं तो उम्मीद तो करेंगे ही हमें भी भी बिहार में छोटे भाई की तरह सम्मान मिले । उन्होंने कहा कि हमें सूचना नहीं दी गई तो कब तक इंतजार करेंगे और हम लोग बिहार में चुनाव लड़ेंगे ही यह तय है किसके साथ और कितनी सीटों पर यह तय करना है।उल्लेखनीय है कि झामुमो ने पहले भी स्पष्ट किया है कि वह बिहार की चुनावी राजनीति में मजबूती से उतरेगा अब देखना कि गठबंधन टूटने पर एक दूसरे के पूरक कांग्रेस,आरजेडी और झामुमो में कौन मजबूत या कमजोर होगा और दोनों राज्यों की भविष्य की राजनीति पर इसका क्या असर पड़ता है?

## राज्यपाल गंगवार ने पुस्तक का किया लोकार्पण



रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को राज भवन में पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार बलमुचू द्वारा लिखित पुस्तक "झारखंड एक सिंहावलोकन" का लोकार्पण किया गया। राज्यपाल ने लेखक को पुस्तक की रचना के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## झारखंड में पेसा कानून को जल्द अधिसूचित करे राज्य सरकार : पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास

नवीन मेल संवाददाता



रांची। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर झारखंड में पेसा कानून को शीघ्र अधिसूचित कर पूर्ण रूप से लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 996 में संसद की ओर से पारित यह कानून अनुसूचित क्षेत्रों में स्वशासन की अवधारणा को मजबूत करता है, लेकिन झारखंड में अब तक इसे अधिसूचित नहीं किया गया है। पत्र में दास ने बताया कि उन्होंने 2018 में मुख्यमंत्री रहते हुए पेसा नियमावली का प्रारूप तैयार कराया था। वर्ष 2023 में मौजूदा सरकार ने नियमावली का संशोधित प्रारूप जारी किया, जिसे विधि विभाग और महाधिवक्ता की मंजूरी भी प्राप्त हुई। इसके बावजूद सरकार ने अब तक अधिसूचना जारी नहीं की। इससे जनजातीय समाज में असंतोष है। उन्होंने यह भी कहा कि हाई कोर्ट ने नियमावली की अधिसूचना के लिए निर्देश जारी किए थे और जून 2024 में मुख्य सचिव को पक्षकार बनाते हुए अवमानना याचिका दायर की गई है। दास ने स्पष्ट किया कि पेसा कानून जनजातीय समाज की पहचान, परंपराओं और धार्मिक विश्वासों की रक्षा का एक सशक्त माध्यम है।

### अमन साहू गिरोह ने फिर कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा को दी धमकी

रांची। अमन साहू गिरोह ने एक बार फिर कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा को धमकी दी है। सोशल मीडिया पर राहुल सिंह ने धमकी देते हुए कहा है कि बिपिन मिश्रा मार्केट में बयानबाजी कर रहा है। अमन साहू के मरने के बाद अमन साहू गैंग क्या कर लेगा। बिपिन मिश्रा तुमको अपना जितना सुरक्षा बढ़ाना है बढ़ा लो, उसके बाद भी तुमको और तुम्हारे लोगों को ठोकेंगे। इस बार तुमको हॉस्पिटल नहीं सीधा पोस्टमार्टम घर भेजेंगे।

### झारखंड की ब्यूरोक्रेसी में बड़ा फेरबदल

## 56 आईएएस इधर से उधर

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्य सरकार ने बड़े पैमाने पर आईएएस अफसरों का पदस्थापन के साथ तबादला भी कर दिया है। 56 आईएएस इधर से उधर किए गए हैं। जिसमें कई की पोस्टिंग, कई का तबादला और कई को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### कौन कहां थे कहां गए, किसे मिला अतिरिक्त प्रभार

- अमिताभ कौशल: सचिव वाणिज्य कर विभाग, अतिरिक्त प्रभार सचिव, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग
- राजेश कुमार शर्मा : सचिव, आपदा प्रबंधन प्रभाग, अतिरिक्त प्रभार नागरिक सुरक्षा आयुक्त
- अरवा राजकमल- सचिव, भवन निर्माण विभाग,प्रबंध निदेशक, झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड,स्थानिक आयुक्त, झारखण्ड भवन सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग, सचिव, उद्योग विभाग, झारखण्ड, अध्यक्ष, झारखण्ड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड, अतिरिक्त प्रभार खान आयुक्त,
- ए दोड्डे- पदस्थापन की प्रतीक्षा- विशेष सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग अतिरिक्त प्रभार निदेशक, भू-अर्जन, भू-अभिलेख एवं परिमाप
- राजेश्वरी बी- विशेष सचिव, वित्त विभाग से तबादला करते हुए निदेशक, पंचायती राज, बनाया गया है।

### पेयजल से हटे राजीव रंजन, माटी कला बोर्ड के निदेशक बने

रांची। राज्य सरकार ने पेयजल स्वच्छता विभाग में विशेष सचिव के पद पर पदस्थापित राजीव रंजन को स्थानांतरित करते हुए माटी कला बोर्ड का निदेशक सह सीईओ बनाया है। राजीव रंजन को मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के सीईओ का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसी तरह श्रम विभाग में अपर सचिव के पद पर पदस्थापित नागेंद्र पासवान को जमशेदपुर का डीडीसी पद पर स्थानांतरित किया गया है। योजना एवं विकास विभाग के संयुक्त सचिव ओम प्रकाश गुप्ता को हुसैनाबाद का एसडीओ बनाया गया है।

### पहले वर्षों तक भाजपा विधायक सीपी सिंह ने नहीं बनने दिया रातू रोड फ्लाइओवर : झामुमो

## उद्घाटन में देरी जनता का अपमान है : डॉ तनुज

नवीन मेल संवाददाता



रांची। झामुमो के केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज ने रांची के बहुप्रतीक्षित रातू रोड फ्लाइओवर के उद्घाटन में हो रही देरी को लेकर भाजपा पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने इसे जनता के साथ सीधा धोखा और मज़ाक करार देते हुए कहा कि जब भाजपा की सरकार राज्य और केंद्र दोनों जगह थी, तब भी रांची में एक भी फ्लाइओवर जनता को समर्पित नहीं किया जा सका।उन्होंने कहा कि रांचीवासियों ने वर्षों तक रातू रोड फ्लाइओवर की माँग की, लेकिन भाजपा के स्थानीय विधायक श्री सी.पी. सिंह ने इसे बार-बार रोकने, डराने और टालने का प्रयास किया। कभी दुकानदारों को धमकाया गया कि फ्लाइओवर बनने से दुकानें बंद हो जाएगी।कभी बहाने बनाकर प्रोजेक्ट को फाइलों में दबा दिया गया।यह सब कुछ भाजपा की वोटबैंक राजनीति का हिस्सा था।

जब राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी, तभी जाकर इस परियोजना को प्रशासनिक स्वीकृति मिली और कार्य ज़मीन पर शुरू हुआ। भले ही निर्माण एनएचएआई के ज़रिए हुआ हो, पर राज्य सरकार की भूमिका हर स्तर पर निर्णायक रही। डॉ तनुज ने भाजपा पर तीखा व्यंग्य करते हुए कहा कि "बिना ढोल-नगाड़े, बिना पीआर कैमरों की चमक-धमक के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची को एक नहीं, दो-दो फ्लाइओवर रिकॉर्ड समय में जनता को समर्पित कर दिए। लेकिन भाजपा की आदत रही है हर चीज़ का श्रेय लेने की बेचैनी।चाहे ट्रेन हो, सड़क हो या शौचालय उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री को बुलाना इनकी ज़रूरत बन चुकी है। ऐसे में यह मानना मुश्किल नहीं कि बिना किसी केंद्रीय मंत्री की औपचारिक 'उपस्थिति', रातू रोड फ्लाइओवर जैसे महत्त्वपूर्ण प्रोजेक्ट को चालू करने की हिम्मत भी नहीं कर पा रहे हैं।" डॉ तनुज ने कहा कि झारखंड सरकार ने जमीन दी, विभागीय मंजुरियां दीं, तकनीकी और प्रशासनिक सहयोग भी दियापर अब केवल इसलिए जनता को इंतजार करवाया जा रहा है क्योंकि भाजपा को 'दिल्ली से हुक्म' चाहिए। यह तो वही पुरानी भाजपा की शैली है। आत्मनिर्भरता की बात करने वाले लोग असल में राजनीतिक फ़ैसलों तक के लिए दिल्ली की तरफ़ देखते हैं। दुर्भाग्य यह है कि जब तक कोई मंत्री आकर फीता नहीं काटेंगे, तब तक रांची की जनता ट्रैफिक और तकलीफ में फंसी रहेगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा की मांग की है कि जनता की जरूरतों को राजनीतिक तमाशा बनाना बंद करें और बिना देरी के रातू रोड फ्लाइओवर आम जनता के लिए चालू करें।



### मनगढ़ंत आरोप लगाना और बकवास करना झामुमो को शोभा नहीं देता : सीपी सिंह



रांची। विधायक सीपी सिंह ने झामुमो पर पलटवार करते हुए कहा कि झारखंड विधान सभा के अंदर जब भाजपा की सरकार थी और सुदेश कुमार महतो पथ निर्माण मंत्री होते थे उस समय मैंने फ्लाईओवर के निर्माण का मांग किया था। जब नितिन गडकरी मंत्री बने तो उनसे मिला और सिर्फ रातू रोड फ्लाईओवर का ही नहीं बल्कि रांची से लेकर मुरी सेमर तक फोर लेन नेशनल हाइवे बनाने का मांग किया था। उस समय से लगातार लगा रहा। नितिन गडकरी जब रांची आऐ थे तो हरमू के जनसभा में कहा था कि सीपी सिंह फ्लाईओवर का मांग कर रहे हैं, इसका निर्माण हम कराएंगे। सारे दस्तावेज मौजूद है,जब कहेंगे झामुमो के मुंह में मार दिया जाएगा। मनगढ़ंत आरोप लगाना और बकवास करना झामुमो को शोभा नहीं देता।

## यूटी कांगड़ी-I चढ़कर शशि शेखर ने फहराया तिरंगा व झारखंड पर्यटन का झंडा

नवीन मेल संवाददाता



- पहले भी कई साहसिक उपलब्धियां हासिल कर चुके हैं बोकारो के शशि शेखर

रांची। बोकारो जिला के युवा पर्वतारोही शशि शेखर ने एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि अपने नाम करते हुए लद्दाख की 6,070 मीटर ऊंची, तकनीकी और दुर्गम चोटी 'यूटी कांगड़ी-I' को सफलतापूर्वक फतह किया। उन्होंने यह चढ़ाई पर्वतारोहण की सबसे चुनौतीपूर्ण अल्पाइन स्टाइल में पूरी की। बिना किसी पोर्टर, शेर्पा या बाहरी सहायता के, पूरी तरह आत्मनिर्भर अभियान के रूप में। शिखर पर पहुंचकर उन्होंने भारत का तिरंगा और झारखंड पर्यटन विभाग का झंडा फहराया, जिससे राज्य की साहसिक पर्यटन क्षमता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दर्शाया जा सके। अभियान की शुरुआत 13 जून को लेह से हुई। 14 जून को वे बेस कैंप पहुंचे और 15 जून की रात 3:00 बजे उन्होंने शिखर के लिए अंतिम चढ़ाई (समिट पुश) शुरू की। लगातार 5 घंटे की कठिन चढ़ाई के बाद, सुबह 7:50 बजे उन्होंने यूटी कांगड़ी-I के शिखर को छू लिया। पूरे अभियान में शशि के साथ उनके मित्र फुंसोग नामग्याल भी सहभागी रहे। दोनों ने तेज़ हवाओं, न्यूनतम तापमान और बर्फ़ से ढकी तीखी ढलानों जैसी मुश्किल परिस्थितियों का साहसपूर्वक सामना करते हुए यह लक्ष्य प्राप्त किया। शशिशेखर ने कहा कि यह चढ़ाई मेरे लिए सिर्फ एक व्यक्तिगत विजय नहीं थी, बल्कि झारखंड की पहचान को हिमालय की ऊंचाइयों तक पहुंचाने का एक प्रयास था।"इस अभियान का आयोजन झारखंड की प्रमुख साहसिक संस्था लैम्बडा ऐडवेंचर द्वारा किया गया, जो राज्य में ट्रेकिंग, रॉक क्लाइंबिंग, रैपलिंग और नेचर स्टडी कैंप्स जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं और स्कूली बच्चों को साहसिक गतिविधियों से जोड़ने का कार्य कर रही है। यह न केवल साहसिक खेलों को प्रोत्साहन दे रहा है, बल्कि झारखंड पर्यटन को भी ज़मीनी स्तर पर सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है।

### 22 जून को मनेगा आजसू का स्थापना दिवस

## खेलगांव के हरिवंश टाना भगत स्टेडियम में होगा मुख्य समारोह

- कई लोगों ने ग्रहण की आजसू की सदस्यता

नवीन मेल संवाददाता



रांची। आजसू पार्टी के वरिष्ठ झारखंड आंदोलनकारी नेताओं डॉ देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर, हसन अंसारी, राजेंद्र मेहता एवं दीपक महतो ने संयुक्त रूप कहा है कि 22 जून को बलिदान दिवस के रूप में आजसू का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। मुख्य समारोह खेलगांव के हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। यह दिवस झारखंड के शहीदों को समर्पित होगा। उस दिन झारखंड के संघर्ष के इतिहास और वर्तमान दशा पर भी मंथन होगा।पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में युवा नेता संजय मेहता, मीडिया संयोजक परवाज खान, महानगर प्रवक्ता देवाशीष चट्टोराज आदि भी उपस्थित थे। शहीदों को समर्पित होगा बलिदान दिवस मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि यह दिन झारखंड आंदोलन के उन अमर शहीदों को समर्पित है, जिन्होंने राज्य की अस्मिता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। इस पूर्व सुमित कुमार, अभिषेक त्रिवेदी, संजीव कुमार पासवान, पिंकू कुमार वर्मा, पीनू प्रसाद, अमित समेत कई युवाओं ने आजसू की सदस्यता ग्रहण की।

### संघ ने बलिदान दिवस को सफल बनाने का लिया निर्णय

रांची। अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ की एक बैठक न्यू बार भवन के प्रथम तल्ला पर संघ के महासचिव भरत चन्द्र महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 22 जून को आजसू पार्टी के द्वारा खेल गांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में मनाए जाने वाले बलिदान दिवस को सफल बनाने का निर्णय लिया गया।इस अवसर पर संघ के प्रधान महासचिव भरत चन्द्र महतो ने कहा कि बलिदान दिवस को एतिहासिक रूप देना है। उन्होंने संघ से जुड़े अधिवक्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने का आग्रह किया।बैठक में रेखा वर्मा,अंजित कुमार, बी खंडित, समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

### निगम ने जन्म-मृत्यु पंजीकरण के लिए 117 निजी अस्पतालों को दी आईडी

रांची। रांची नगर निगम ने जन्म-मृत्यु पंजीकरण के लिए शहर के 117 निजी अस्पतालों को हॉस्पिटल आईडी दी। निगम के मुताबिक, इसका उद्देश्य जन्म-मृत्यु अधिनियम 1969 के तहत शत-प्रतिशत व समय पर पंजीकरण सुनिश्चित करना है। इस कड़ी में बुधवार को उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू की अध्यक्षता में एक बैठक भी की गई, जिसमें सभी निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों को आईडी संचालन की तकनीकी जानकारी, आवश्यक दस्तावेज तथा पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान उप प्रशासक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जन्म या मृत्यु की घटना के 21 दिनों के भीतर पंजीकरण अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि नागरिकों को प्रमाण पत्र शीघ्र उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि समय पर पंजीकरण न करने वाले अस्पतालों पर जुर्माने का प्रावधान है। नागरिक सुविधा को प्राथमिकता देते हुए यह प्रणाली अधिक पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करेगी।

### हिंदी कार्यशाला एवं बैठक आयोजित, अखिल कुमार मिश्रा ने कहा

## हिंदी से जुड़ी नई तकनीक व नवाचार को सीखते रहना है

नवीन मेल संवाददाता




रांची। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो तथा पत्र सूचना कार्यालय, रांची कार्यालयों में बुधवार को संयुक्त रूप से त्रैमासिक हिंदी कार्यशाला एवं बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में अपर महानिदेशक, पीआईबी- सीबीसी, रांची अखिल कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि से रूप में शामिल हुए, वहीं वरिष्ठ पत्रकार नमिता तिवारी तथा राजभाषा के जानकार बिक्रम साव अतिथि वक्ता के रुप में सम्मिलित हुए। कार्यशाला की शुरुआत अतिथियों एवं सीबीसी तथा पीआईबी के अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई, तदोपरांत मुख्य अतिथि एवं अतिथि वक्ताओं को अंगवस्त्र एवं पौधा भेंट कर स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि अपर महानिदेशक, पीआईबी सीबीसी अखिल कुमार मिश्रा ने कहा कि भारत सरकार के विभागों द्वारा खासकर 'क' क्षेत्र में इस कार्यशाला का बहुत महत्व है, हमें लगातार इसमें कार्य करना है और अपने संचार को सुधारते रहना है। हिंदी से जुड़े नई तकनीक और नवाचार को भी हमें सीखते रहना है, अतः मैं आप सभी से अपील करूंगा कि आज की इस बैठक से आप जो सीखते हैं, उसे दैनिक कार्यशैली में उपयोग में लाए।

पत्रकार नमिता तिवारी ने कहा कि भारत में सफल संचार के लिए हिंदी और स्थानीय भाषाओं की समझ जरूरी है। संचार सिर्फ शब्दों से नहीं उसमें दृष्टिकोण और संवेदना भी होती है। संवाद विश्वास बनाने का एक जरिया है। अगर संवाद केवल शब्दों से भरा हो तो वह शोरगुल बन जाता है, वहीं सरलता, सहानुभूति और समझदारी से बना संवाद समाज को बदल देता है।

बिक्रम साव ने कहा कि तकनीक ने हिंदी में कार्य करना बहुत आसान बना दिया है। जरूरत है हम इसे अपने और रोजमर्रा के राजभाषा में कार्यों में तकनीक का लाभ लें। उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट, तथा मोबाइल में फ़ॉन्ट, टाइपिंग तथा ट्रांसलेशन से जुड़े सॉफ्टवेयर कर चर्चा की, और सभी ने उनके सत्र को काफी ध्यान से देखा और सुना। साथ ही साथ राजभाषा पर एक ऑनलाइन क्विज भी उन्होंने कराया जिसमें सभी कर्मियों और अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

सीबीसी रांची के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान ने सभी अतिथियों का परिचय कराया और आज की इस कार्यशाला की प्रासंगिकता एवं तकनीक के युग में राजभाषा में कार्य करने के चलन को कैसे और बेहतर कर सकते हैं इस पर सबका ध्यान आकृष्ट किया।

स्वागत भाषण में पीआईबी के कार्यालय प्रमुख राजेश सिन्हा ने कार्यशाला में आए हुए वक्ताओं के कार्यक्षेत्र के अनुभव की सराहना की, तथा उनसे सीखने को सभी को सलाह दी, कार्यशाला में केंद्रीय संचार ब्यूरो रांची, दूरदर्शन और आकाशवाणी तथा पीआईबी, रांची के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। जिसमें मुख्य रूप से, दूरदर्शन न्यूज रांची के कार्यालय प्रमुख दिवाकर कुमार, समाचार संपादक गौरव पुष्कर तथा आकाशवाणी रांची से समाचार संपादक महविश रहमान ने हिस्सा लिया। कार्यशाला के समापन पर क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पाण्डेय ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया तथा सभी को अपना समय एवं सहभागिता द्वारा कार्यशाला की सफलता सुनिश्चित करने के लिए धन्यवाद दिया गया।

**विकास**

### लघु उद्योग भारती की प्रांतीय आमसभा सह उद्यमी सम्मेलन आयोजित, बोले रक्षा राज्य मंत्री

## एमएसएमई सेक्टर आत्मनिर्भर भारत का ब्रांड एंबेसडर

नवीन मेल संवाददाता




रांची। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर विकसित और आत्मनिर्भर का ब्रांड एंबेसडर है। बिना एमएसएमइ के सहयोग से विकसित और आत्मनिर्भर भारत की कल्पना नहीं कर सकते हैं। पीएम मोदी का संकल्प है कि वर्ष 2047 तक भारत को एक ताकतवर देश बनायेंगे। इसमें एमएसएमई सेक्टर का बड़ा योगदान होगा। आत्मनिर्भर भारत एमएसमई सेक्टर के योगदन के बिना अधुरा है। इसके लिए जल्द ही रांची, जमशेदपुर, रामगढ़, बोकारो, धनबाद जैसे अन्य जिलों में स्थित एमएसएमई इकाइयों को बुस्टअप देने जा रहे हैं। जल्द ही अच्छी सूचना प्राप्त होगी। मेरा प्रयास है कि रक्षा के क्षेत्र में लघु उद्योग सहयोग करें और सहभागी बन कर इस देश को आत्मनिर्भर भारत बनाने में योगदान दे। श्री सेठ बुधवार को लघु उद्योग भारती की प्रांतीय आमसभा सह उद्यमी सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस सम्मेलन का आयोजन टाटीसिल्वे इंस्ट्रीयल एरिया स्थित झारखंड गर्वनमेंट टूल रूम के ऑडकटोरियमें किया गया था। श्री सेठ ने कहा कि लघु उद्योग भारती ने देशभर में एक अलग पहचान बनाई है। सम्मेलन में मुख्य वक्ता लघु उद्योग भारती के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश मित्तल ने कहा कि लघु उद्योग भारती की झारखंड समेत देशभर में कई नई इकाइयां खुल रही है। संगठन का लगातार विस्तार हो रहा है। संगठन के माध्यम से एमएसएमई की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। सम्मेलन में राष्ट्रीय सचि इंद्र अग्रवाल ने छोटे उद्योगों को बढ़ाने पर जोर दिया। लघु उद्योग भारती झारखंड प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष विजय छापड़िया ने स्वागत भाषण देते हुए लघु उद्योग को बढ़ावा देने की बात कही। प्रांतीय सचिव विजय मेवाड़ ने संगठन के दो सालों के कार्यो की जानकारी दी। इस अवसर पर संगठन के पालक अधिकारी राजीव कमल बिट्टू, प्रांतीय उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश पांडे, झारखंड चैंबर के अध्यक्ष परेश गट्टानी, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, जेसिया के अध्यक्ष अंजय पेचरीवाल, दीपक मारू, विनोद अग्रवाल, झारखंड गर्वनमेंट टूल रूम के प्राचार्य एनके गुप्ता समेत कई जिलों से प्रतिनिधिगण मौजूद थे।

### लघु उद्योग की समस्याएं हो रही हैं दूर : प्रकाश चंद्र

अखिल भारतीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र ने कहा कि लघु उद्योग भारती के प्रयास लघु उद्योगों की समस्याओं को दूर किया जा रहा है। वहीं, छोटे छोटे उद्योगों को भी मदद कर रहा है। हमें लघु उद्योगों को आगे बढ़ाने के लिए कम लागत में उत्पादन, गुणवत्ता वाले उत्पाद, एक्सपोर्ट जैसे प्रयास करते रहना चाहिए। आने वाले समय पर एमएसएमई का भविष्य बेहतर होने वाला है। अवसर खुल रहे हैं, इसका लाभ उठाना चाहिए। एमएसएमई सेक्टर को निर्माण के क्षेत्र में मिलकर काम करें।

## संपूर्ण क्रांति की संगोष्ठी में अवश्य भाग लें जेपी सेनानी : डॉ सूरज मंडल

### जेपी सेनानी सम्मान योजना लागू करवाना मुख्य मुद्दा

नवीन मेल संवाददाता



रांची। अखिल भारतीय संपूर्ण क्रांति राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ. सूरज मंडल ने देशभर में 74 के आंदोलनकारियों, यातनाभोगियों एवं भूमिगत क्रांतिकारियों के पेंशन व सम्मान में एकरूपता अखिल भारतीय संपूर्ण क्रांति राष्ट्रीय मंच का सबसे प्रमुख मुद्दा है। उन्होंने कहा कि पीएम ने भी संसद के पटल पर ऐसा आश्वासन दिया था और उनसे बहुत अधिक भरोसा है। डॉ. मंडल ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों को दी जा रही पेंशन व अन्य प्रदत्त सुविधाओं के समकक्ष ही लोकनायक की सम्पूर्ण क्रांति के आंदोलनकारियों को पेंशन एवं अन्य सुविधा देने की उन्होंने मांग की है। डॉ. मंडल ने सम्पूर्ण क्रांति के झारखंड के सभी आंदोलनकारियों से आह्वान किया है कि आपातकाल और जेपी आंदोलन की 50वीं वर्षगांठ पर 25 जून को नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के एनेक्सी हॉल में संपूर्ण क्रांति राष्ट्रीय मंच के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में अवश्य शामिल हों ताकि मंच की न्यायोचित मांगों को और भी बल मिले। लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रताड़ित होनेवाले उन आंदोलनकारियों एवं भूमिगत क्रांतिकारियों का महत्व स्वतंत्रता सेनानियों से कम बिल्कुल भी नहीं है।

## योग संपूर्ण शरीर को स्वस्थ रखने व जीवन जीने की कला है: महेश

**रांची।** भारत सहित पूरा विश्व 21 जून को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य थीम के साथ योग दिवस मनाने जा रहे है। इस संबंध में योगाचार्य महेश पाल बताया कि योग एक प्राचीन भारतीय अभ्यास है जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से हमें मजबूत बनाता है। यह शारीरिक मुद्राओं (आसन), श्वास नियंत्रण (प्राणायाम) और ध्यान का संयोजन है। योग के कई फायदे हैं, जिनमें तनाव कम करना, लचीलापन बढ़ाना, बच्चों की ऊंचाई बढ़ाना, मोटापा कम करना मांसपेशियों को मजबूत करना और मानसिक स्पष्टता में सुधार करना शामिल है। नियमित रूप से योग करने से, अपने जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है, पिछले कई समय से योगाचार्य महेशपाल द्वारा कई लोगों को रोग अनुसार योग करवाया जा रहा है जिसमें बच्चे युवा, युबतियो और समाज के सभी वरिष्टों जनो ने योगाचार्य महेश पाल की मार्गदर्शन में योग सीखकर कई लाभ प्राप्त किए हैं।

### आज / कल




### बनहोरा नदी का अतिक्रमण बारिश में 20 हजार घरों को करता है प्रभावित

# अतिक्रमण से पानी का निकास है बंद और घरों में ठहरता पानी

### नाले के पांच डिसमिल जमीन का हुआ है अतिक्रमण

### प्रशासन की मिलीभगत या आंखों में झोंकी जा रही धूल




**मनोज मिश्रा। रांची।** बनहोरा नदी के जलप्रवाह को पिछले छह महीने में किसी साजिश के तहत बदल दिया गया है। अब, इसका प्रवाह राधा नगर से सीधा रातू रोड की तरफ नहीं है बल्कि राधा नगर के पानी प्रवाह को शांति नगर की तरफ मोड़ दिया गया है, जिससे शांति नगर डूबने के कगार में है। शांति नगर से पानी नहीं निकलने पर वाटर लोगिंग होगी और राधा नगर भी पानी में डूबेगा। अब सवाल उठता है कि नदी के प्रवाह को मोड़ने की जरूरत क्यों आ गई।

खाता नंबर 210 प्लॉट नंबर 1075 में नाला के जमीन का उल्लेख है। इसके अतिक्रमण का पता तब चलता है जब बनहोरा नदी का पानी बरसात में उतरता है अगर नदी के पानी का प्रवाह बदल दिया जाए तो अतिक्रमण का पता नहीं चलेगा। वही हुआ राधा नगर से रातू रोड में आते हुए बनहोरा नदी के प्राकृतिक बहाव को बदल दिया गया और शांति नगर की तरफ किया गया। लेकिन, प्रकृति पर जोर नहीं चला और पानी का बहाव रातू रोड की तरफ होता रहा है। अब साफ-साफ सभी देख रहे हैं कि नाले पर घर बनें हैं और निगम ने पानी निकलने के लिए तीन फीट का अंडरग्राउंड नाली बनाई है जो नाकाफी साबित हो रही है। वहीं नाले की जमीन पर बड़ी इमारत बनाने का काम चल रहा है जब जमीन नाले की है तो इमारत कैसे बनाई जा रही है और इमारत का नक्शा पास हो गया है। स्थानीय चर्चा है कि या तो प्रशासन की मिलीभगत से इमारत बनाई जा रही है या फिर प्रशासन की आंखो में धूल झोंका जा रही है। लोग कहते हैं कि जिस नदी के बहाव में भैंसें बह जाती थी वहां अब नाला भी नहीं दिखता मगर जब प्रकृति दिखाना चाहती है तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाता है।




दरअसल, पांच डिसमिल जमीन 50 डिसमिल जमीन पर भारी पड़ी है। 50 डिसमिल जमीन नाला का जमीन है। वहीं पंचशील चौक के पास नाले का पांच डिसमिल जमीन को अतिक्रमण कर घर बना दिया गया है। दुकानें खोल दी गई हैं जिससे नदी का पानी नहीं निकल पाता है और वाटर लोगिंग के कारण राधा नगर के 1000 घरों और शांति नगर के 50 घरों और पंचशील नगर के हजारों घरों में पानी घुस रहा है। वर्ष 2008 में स्थानीय लोगों द्वारा विरोध भी किया गया था परंतु अतिक्रमण करने वाला निगम का ही क्लर्क था तो बताया जाता है कि विभाग को अपने तरफ मिला लिया और कारवाई नहीं होने दी।




# रांची प्रशासन ने जारी किए आपातकालीन दिशा निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



- सभी संबंधित विभागों और नागरिकों को सतर्क रहने को कहा गया

मौसम विभाग ने बुधवार और गुरुवार (18 व 19 जून 2025) के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। इसमें भारी बारिश, तेज हवाओं और संभावित आपदा की चेतावनी दी गई है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों और नागरिकों को सतर्क रहने और आपातकालीन तैयारियों को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जिला प्रशासन ने कहा है कि वह स्थिति पर निरंतर नजर रखे हुए है और नागरिकों की सुरक्षा के लिए हरसंभव कदम उठा रहा है। जिला प्रशासन सभी से सहयोग और सतर्कता की अपेक्षा करता है। प्रशासन ने जिला पंचायती राज अधिकारी (डीपीआरओ) को निर्देश देते हुए सभी मुखिया समूहों के माध्यम से रेड अलर्ट और सुरक्षा उपायों से संबंधित जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के आदेश दिए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर रहने और आपातकालीन किट तैयार करने को लेकर भी निर्देश दिए गए हैं।

मौसम की स्थिति के आधार पर स्कूलों को बंद करने या ऑनलाइन कक्षाओं के संचालन का निर्णय तुरंत लेने के निर्देश दिए गए। स्कूल परिसरों में जलभराव या अन्य जोखिमों की स्थिति पर त्वरित कार्रवाई करने को कहा गया है।

क्षेत्रीय निगरानी समितियों (आरएमसी) के साथ मिलकर जाम नालियों, रुके हुए पानी और गिरे हुए पेड़ों की स्थिति पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, कहा गया है कि जल निकासी की व्यवस्था को तुरंत दुरुस्त करें और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों की तैयारी रखें।

ट्रैफिक डीएसपी एवं डीटीओ को यातायात की स्थिति पर विशेष ध्यान देने, खासकर टूटे हुए वाहनों, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों और बारिश के कारण बह गए सड़कों व पुलों पर यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए आवश्यक संसाधनों को तैनात करने और नागरिकों को वैकल्पिक मार्गों की जानकारी देने का निर्देश दिया गया है।

### डीसी ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते कहा

# लंबित योजनाओं को प्राक्कलन के अनुसार ससमय पूर्ण करें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बुधवार को जिले में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में प्रभारी उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, निदेशक डीआरडीए सहित अन्य उपस्थित थे। उपायुक्तमंजूनाथ भजंत्री ने सभी कार्यकारी एजेंसियों को योजनाओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्यान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी योजनाएँ प्राक्कलन के अनुरूप पूर्ण हों, और सत्यापन के पश्चात ही भुगतान किया जाए। साथ ही, लंबित निविदाओं और एकरारनामों को तत्काल निपटाने के लिए कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने बैठक में सिविल सर्जन से 108 टॉल फ्री एम्बुलेंस की स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा की ऐसे एम्बुलेंस जो जो एमपी, एमएलए फंड एवं एनजीओ द्वारा रांची जिला को दिए गए हैं, वैसे एम्बुलेंस को सदर अस्पताल एवं प्रखंड के अस्पताल से टैग करने के निर्देश दिए गए।

**जिला में चल रही सभी योजनाओं की गुणवत्ता पर ध्यान दे :** उपायुक्त ने सभी सम्बंधित पदाधिकारियों/कार्यकारी एजेंसी को सख़्त निर्देश देते हुए कहा की जिला में चल रही सभी योजनाओं की गुणवत्ता पर ध्यान दे। किसी भी योजना के पूरा होने के बाद पूरी जाँच करके ही भुगतान करें।

**किसी भी योजना के कार्य में अनियमिता पाए जाने पर सीधे कार्रवाई की जाएगी :** उपायुक्त सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा की जिलें में चल रही सभी योजनाओं के कार्य के गुणवत्ता में ध्यान दे। किसी भी योजना के कार्य में अनियमिता पाए जाने पर सीधे कार्रवाई की जाएगी।



# मादक पदार्थो पर रोक के लिए शपथ ग्रहण का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**



मादक पदार्थो पर रोक के लिए पूर्णतः संकल्पित झारखंड सरकार की पहल पर नशे को ना जिंदगी को हां, को साकार करने के लिए सिल्ली प्रखंड के सभागार में संध्या पांच बजे से एक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में मुख्य रूप से रांची जिला परिषद उपाध्यक्ष बीणा चौधरी मौजूद रहीं।उनकी एवं पुलिस निरीक्षक सिल्ली ब्रह्मदेव प्रसाद की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का संचालन मोहम्मद फारूक ने किया। सभागार में उपस्थित लोगों को प्रखंड प्रमुख जीतेन्द्र बड़ाइक एवं सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने मादक पदार्थों से होने वाले नुकसानों को लेकर बहुत सारी बातें को बताया। उपस्थित सामाजिक एवं गणमान्य लोगों ने भी अपने बहुमूल्य सुझाव को रखा एवं समाज में नशा को रोकथाम करने के लिए लोगों को जागरूक करना एवं गांवों में कमेटी का गठन कर कमेटी के द्वारा निगरानी करते हुए नशा करने वाले लोगों को जागरुक कर मादक पदार्थों को छुड़वाने का काम किया जा सकता है। सामाजिक एवं गणमान्य लोगों ने सुझाव दिया कि प्रशासन के द्वारा चौक चौराहा एवं गांवों में विशेष गश्ती टीम के द्वारा लगातार छापामारी अभियान चलाया जाय ताकि मादक पदार्थों के उत्पादन एवं क्रय विक्रय पर नकेल कसा जा सके।अंत में कार्यक्रम का समापन एवं धन्यवाद ज्ञापन अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का ने किया।इस मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो,नरोत्तम गोराई,कमल किशोर कुशवाहा समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## मानसून की पहली बारिश से उफनी नदियां, खलारी में जनजीवन अस्त-व्यस्त



**खलारी।** मानसून की पहली ही बारिश ने खलारी में जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। मंगलवार शाम से शुरू हुई मूसलाधार वर्षा लगातार रुक-रुक कर जारी है। बारिश इतनी तीव्र है कि कुछ ही दिनों पहले तक जिन नदियों में रेत नजर आ रहा था, वे अब लबालब बह रही हैं। खलारी की प्रमुख नदियां सपही, दामोदर और सोनाडुबी पूरे उफान पर हैं और जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बारिश का सीधा असर आमजन पर भी दिख रहा है। जिन सड़कों पर जलनिकासी की व्यवस्था ठीक नहीं है, वहां पानी भर जाने से सड़कें तालाब में तब्दील हो गई हैं। स्कूली बच्चों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। फिसलन के कारण मुख्य सड़कों पर दुपहिया और भारी वाहनों के लिए खतरा बढ़ गया है। बारिश का सबसे अधिक प्रभाव कोयला खनन क्षेत्र में देखा जा रहा है। सीसीएल (एनके एरिया) की कोयला खदानों में पानी भरने से उत्पादन कार्य प्रभावित हुआ है।

## सड़क जाम करने पहुंचे मॉडल स्कूल के बच्चे

**चान्हो।** अपनी मांगों को लेकर सड़क जाम करने पहुंचे मॉडल स्कूल के बच्चे और अभिभावक खराब मौसम के कारण वापस लौट गए। गोविंद साहू के अनुसार जल्द ही नई तिथि की घोषणा कर आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा।

## राष्ट्रीय योग ओलिंपियाड में झारखंड की उपासना को मिला रजत पदक



**रांची ।** तमिलनाडु के कन्याकुमारी में 15 से 18 जून तक आयोजित 6-8 कक्षा वर्ग राष्ट्रीय योग ओलिंपियाड प्रतियोगिता में झारखंड को रजत पदक मिला है। सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस (गर्ल्स), साकची जमशेदपुर की उपासना कुमारी ने राज्य को गौरवान्वित किया है। उपासना बालिका वर्ग प्रतियोगिता में दूसरे पायदान पर रही। पूरे देश से इस कक्षा वर्ग में कुल 132 लड़कियों ने भाग लिया था। राष्ट्रीय योग ओलिंपियाड में भाग लेने से पूर्व उपासना ने 'योगमय झारखंड' अंतर्गत आयोजित राज्यस्तरीय योग ओलिंपियाड में सफलता पायी थी, जिसके बाद उपासना को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के द्वारा विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया था। उपासना की सफलता पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विभागीय मंत्री रामदास सोरेन, विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह, झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, योग प्रशिक्षक सह टीम लीडर कलावती कुमारी समेत खेल कोषांग के अन्य पदाधिकारियों ने उपासना को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

### मॉनसून की पहली बारिश में घाघरी जलप्रपात अपने उफान पर

# सैकड़ों पर्यटक पहुंचे कैमरे में कैद किए खूबसूरत नजारे

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**



लापुंग प्रखंड में भारी बारिश के कारण प्रसिद्ध घघारी जलप्रपात में पानी उफान पर दिखा। साल के घने जंगलों के बीच घघारी जलप्रपात में मॉनसून की पहली बारिश में ही जमुनी नदी का जल स्तर तेजी से बढ़ गया और जलप्रपात में नदी का रौद्र रूप देखने को मिला। जलप्रपात में उफान को देखने के लिए सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई अपने कैमरे पर जलप्रपात के खूबसूरत नजारे को कैद करते दिखे। इस दौरान सैकड़ो लोगों ने घघारी बाबा धाम में लोगों ने पूजा अर्चना की। घघारी बाबा धाम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकमल गोप एवं सचिव संजय कुमार महतो ने बताया कि पहली बारिश से नदी तृप्त होती दिखी। उन्होंने कहा कि रांची जिले के पश्चिमी छोर पर घघारी जलप्रपात इकलौता जलप्रपात है जिसे देखने के लिए खूंटी रांची गुमला लोहरदगा सहित अन्य जिलों से बड़ी संख्या में सैलानी देखने के लिए आते हैं। वास्तव में घघारी जलप्रपात सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र है। रांची से 35 किलोमीटर दूर बेड़ों होकर वहां से महज 12 किलोमीटर की दूरी पर घघारी जलप्रपात देखने के लिए सैलानियों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर साईं मंदिर सड़क से घघारी जलप्रपात जाने वाली सड़क का पुनः निर्माण किया गया है। बुधवार को सुबह से ही पर्यटकों की भीड़ घघारी जलप्रपात में उमड़ने लगी थी। संजय कुमार महतो सैलानियों के गाइड के लिए खुद मौजूद रहे और सैलानियों का मार्गदर्शन किया। यहां पहुंचने वाले सैलानियों ने बताया कि घघारी जलप्रपात का असली मजा जलप्रपात के नीचे से लिया जा सकता है लेकिन नीचे उतरने के लिए सीढ़ी और पक्के रास्ते की कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने मांग की है कि घघारी जलप्रपात माननीय कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के अपने विधानसभा क्षेत्र का एक आकर्षण का केंद्र है जहां पर्यटकों की सुविधाओं के लिए जलप्रपात के दोनों ओर नीचे उतरने के लिए सीढ़ी और पक्की सड़क के निर्माण की जरूरत है। अगर पर्यटन विभाग घघारी जलप्रपात पर ध्यान दें तो यह रांची जिले के पश्चिम क्षेत्र छोर का सबसे आकर्षक पर्यटन केंद्र हो सकता है। इसे विकसित करने की जरूरत है।

## झारखंड राज्य तलवारबाज़ी चैंपियनशिप का हुआ उद्घाटन



**रांची।** 17वें झारखंड राज्य तलवारबाज़ी चैंपियनशिप का उद्घाटन हुआ, जिसमे मुख्य अतिथि रामगढ़ जिला खेल अधिकारी मार्कस हेम्ब्रोम एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी विजय कुमार राय ने संयुक्त रूप से सभी खिलाड़ियों एवं तकनीकी पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि यह खेल बहुत ही अच्छा है। जहां आप अपने जीवन में कुछ भी हासिल कर सकते हैं अगर मेहनत करें। विशिष्ट अतिथि विजय कुमार राय ने भी कहा कि इस खेल को नजदीक से देखने का मौका मिला है और मैं रोमांचित हो गया हूं। राज्य संघ और जिला संघ की मेहनत से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिला है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोडरमा जिला के सचिव प्रिंस मिश्रा के अलावा आयोजन को सफल बनाने में रामगढ़ जिला संघ की टीम और तकनीकी टीम के प्रेम उदय बेक, रामाशीष सिंह, अभिजीत, मोतीलाल, रोहन सहित कई अन्य की सराहनीय योगदान रहा है ।

## जीएसटी घोटाला: आरोपी मोहित देवड़ा की बेल पर ईडी कोर्ट में हुई सुनवाई,फैसला सुरक्षित

**रांची।** 800 करोड़ रुपए के जीएसटी घोटाला के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी कोलकाता के कारोबारी मोहित देवड़ा की जमानत याचिका पर रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। बुधवार की सुनवाई के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने बहस की। मोहित देवड़ा पर शेल कंपनियों के नाम पर जीएसटी इंट्री कर 800 करोड़ से अधिक के फर्जीवाड़े का आरोप है। इस मामले की जांच ईडी कर रही है। इस मामले में अब तक 4 आरोपियों को ईडी ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में शिव कुमार देवड़ा, जमशेदपुर के जुगसलाई का कारोबारी विक्की भालोटिया, कोलकाता के कारोबारी अमित गुप्ता और मोहित देवड़ा शामिल हैं।

### चौपारण प्रखंड निवासी कुमार शौर्य को मिली सफलता से क्षेत्र गौरवान्वित

## ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में शानदार प्रदर्शन, 266 अंक हासिल कर रचा कृतिमान

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

झारखंड राज्य, हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखंड अंतर्गत ग्राम रानीक निवासी धर्मेंद्र कुमार सिंह उर्फ छोटू के पुत्र एवं शालिग्राम सिंह के पौत्र कुमार शौर्या ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल झुमरी तिलैया, (कोडरमा) एंट्रेंस एग्जाम– 2025 (AISSEE) में सफलता हासिल किया। उन्होंने टोटल मार्क्स 300 में 266 रैंक प्राप्त कर ग्राम व प्रखंड व जिले का नाम रोशन किया है। कुमार शौर्य की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार को गर्वित किया है, बल्कि गांव के साथ पूरे प्रखंड व जिले में एक नई प्रेरणा का संचार किया है। कुमार शौर्य ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, दोस्त एवं शिक्षकों को दिया है। जिन्होंने उनका मार्गदर्शन कर समर्थन किया। उन्होंने कहा कि मैं आगे की पढ़ाई पूरा कर सैन्य अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहता हूं। इसमें मेरे माता-पिता के साथ अपनों ने हमेशा मुझे प्रोत्साहित किया, और मेरे सपनों को साकार करने में मदद की।आपको बताते चलें कि कुमार शौर्या भाजपा नेता सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह के भतीजे लगते हैं। कुमार शौर्या के पिता एक साधारण व्यवसाई हैं और दादा शालिग्राम सिंह जन वितरण प्रणाली का राशन की दुकान चलाते हैं, और उनके माता श्वेता सिंह ग्रहणी हैं। पिता धर्मेन्द्र कुमार सिंह एवं माता श्वेता सिंह ने अपने बेटे की इस कामयाबी से खुश होकर कहा कि ये सफलता बेटे की कठिन मेहनत और अनुशासन का फल है। परीक्षा में सॉरी को मैथ्स में 138 लैंग्वेज में 40 इंटेलिजेंस में 46 और जनरल नॉलेज में 42 अंक प्राप्त हुए हैं जो उनकी विविध विषयों में पकड़ को दर्शाता है शौर्य की यह उपलब्धि सभी छात्रों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखते हैं स्थानीय लोगों और स्कूल शिक्षकों ने भी उनकी सफलता पर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।वहीं भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह ने कुमार शौर्य की इस कामयाबी पर बताया कि उनकी सफलता यह दर्शाता है कि सही मार्गदर्शन और परिश्रम से किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। श्री सिंह ने कहा कि सैनिक स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने वाले अक्सर विद्यार्थी अपनी सेवा देकर राष्ट्र की सेवा करना चाहते हैं। मेरे भी दो लड़के हैं, और दोनों लड़के भारतीय वायु सेना में सेवारत होकर राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं।

## समर्पण शाखा ने लगाया रक्तदान शिविर




**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने रक्तदान पखवाड़ा के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन लालपुर स्थित एच एक्सवायर परिसर में किया गया। शिविर के माध्यम से कुल 16 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। रक्तदाता को सर्टिफिकेट, फ्रूट्स और जूस का वितरण किया गया । शिविर का कार्य सेवा सदन और सदर अस्पताल के चिकित्साकों के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल कोमल पोद्दार, वेदिका सिंघानिया,रेखा राईका और अन्य सदस्य मौजूद थी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

## पार्वती तिर्की साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार-2025 के लिए नामित



**रांची/नई दिल्ली।** हिन्दी कविता की युवतम पीढ़ी में पार्वती तिर्की का स्वर अलग से पहचाना जा सकता है। उनकी कविताओं में आदिवासी जीवन-दृष्टि, प्रकृति और सांस्कृतिक स्मृतियों का वह रूप सामने आता है, जो अब तक मुख्यधारा के साहित्य में बहुत कम दिखाई देता रहा है। झारखंड के कुड़ुख आदिवासी समुदाय से आनेवाली कवि पार्वती तिर्की को उनके कविता-संग्रह 'फिर उगना' के लिए साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार 2025 से सम्मानित किए जाने की घोषणा हुई है। यह न केवल उनके रचनात्मक योगदान का सम्मान है, बल्कि हिन्दी कविता के निरन्तर समृद्ध होते हुए भूगोल और अनुभव संसार के विस्तार की स्वीकृति भी है। इस अवसर पर पार्वती तिर्की ने कहा, मैंने कविताओं के माध्यम से संवाद की कोशिश की है। मुझे खुशी है कि इस संवाद का सम्मान हुआ है। संवाद के जरिए विविध जनसंस्कृतियों के मध्य तालमेल और विश्वास का रिश्ता बनता है। इसी संघर्ष के लिए लेखन है, इसका सम्मान हुआ है तो आत्मविश्वास बढ़ा है। फिर उगना' पार्वती तिर्की की पहली काव्य-कृति है जो वर्ष 2023 में राधाकृष्ण प्रकाशन से प्रकाशित हुई थी। इस संग्रह की कविताएँ सरल, सच्ची और संवेदनशील भाषा में लिखी गई हैं, जो पाठक को सीधे संवाद की तरह महसूस होती हैं। वे जीवन की जटिलताओं को बहुत सहज ढंग से कहने में सक्षम हैं। इन कविताओं में धरती, पेड़, चिड़ियाँ, चाँद-सितारे और जंगल सिर्फ़ प्रतीक नहीं हैं—वे कविता के भीतर एक जीवंत दुनिया की तरह मौजूद हैं। इस उपलब्धि पर राजकमल प्रकाशन समूह के अध्यक्ष अशोक महेश्वरी ने कहा, पार्वती तिर्की का लेखन यह साबित करता है कि परम्परा और आधुनिकता एक साथ कविता में जी सकती हैं।

## केंद्र सरकार ने मनरेगा सामग्री मद में झारखंड को दिए 282.87 करोड़

**रांची।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मनरेगा मद में राज्य को 28287 करोड़ रुपए दिए। यह राशि मनरेगा की योजनाओं के क्रियान्वयन में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्रियों पर खर्च किया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा सामग्री मद की राशि विमुक्त करने के बाद राज्य सरकार ने भी सामग्री मद में अपने हिस्से की 94 l29 करोड़ रुपए विमुक्त करने का आदेश जारी किया है।जारी आदेश में ग्रामीण विकास विभाग ने स्पष्ट किया है कि सबसे पहले इस पैसे से पुरानी योजनाओं में इस्तेमाल की गयी सामग्रियों के बकाये का भुगतान किया जाएगा। राज्य सरकार ने सभी जिलों को निर्देश दिया है कि सामग्री मद में 40 प्रतिशत से अधिक खर्च नहीं किया जाए।

**आवागमन बाधित** पाकलमेड़ी नदी का डायवर्सन बहा, खेतों में जलजमाव से फसलें बर्बाद

# नवनिर्मित सड़क के कटाव से निर्माण की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

- बेड़ो व ग्रामीण क्षेत्र में मुसलाधार बारिश का कहर, जन-जीवन अस्त-व्यस्त
- विधायक सह कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देश पर बेड़ो के अंचलाधिकारी प्रताप मिंज ने स्थल का निरीक्षण किया

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**



बेड़ो प्रखंड में मंगलवार की देर रात से हो रही मॉनसून की पहली बारिश से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। वहीं लगातार हो रही बारिश के कारण नरकोपी सड़क पर पाकलमेड़ी गांव स्थित नदी में बना अस्थायी डायवर्सन नदी के तेज बहाव में बह गया। इससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया और पाकलमेडी. टेरो डहुटोली सहित दर्जनों गांवों का संपर्क बेड़ो से टूट गया। बारिश के कारण बेड़ो और आसपास के क्षेत्रों के खेतों में जलजमाव हो गया जिससे हरी सब्जियों की तैयार फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। पाकलमेडी. के किसान नवदीप कुमार महतो सहित अन्य किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है और उन्हें भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी रही है। पाकलमेडी. नदी के डायवर्सन बहने से सड़क आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर डायवर्सन की क्षति की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक सह कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देश पर बेड़ो के अंचलाधिकारी प्रताप मिंज ने स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संवेदक से बात की और बताया कि संबंधित नदी पर पुल निर्माण का कार्य प्रगति पर है। बारिश से पहले ही पुल का निर्माण पूर्ण कर देना था लेकिन समय पर काम पूरा नहीं हुआ। फिर अचानक हुई भारी बारिश के कारण डायवर्शन बह गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर पुल निर्माण हेतु ढलाई का कार्य पूरा कर लिया जाएगा स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नदी पर स्थायी पुल निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण किया जाय ताकि हर साल बारिश में इस तरह की समस्याओं से बचा जा सके। इधर चचकोपी गांव जाने वाली सड़क पुल के समीप बारिश से सड़क के दोनो किनारे से धंस गई है। सड़क में चार पहिये वाहनो का आवागमन बंद हो गया है। वहीं लगातार बारिश से तापमान में भी काफी कमी आई है जिससे लोगों को भीषण गर्मी और उमस से निजात तो मिली लेकिन बारिश से काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। लोग अपने घरों में रहने को मजबूर हैं। इधर हठुआ पुल के पास रांची गुमला मुख्य मार्ग में बायपास के अंडर पास के पास बेडो. जामटोली ककरिया सड़क पर जलजमाव से आवागमन बाधित हो गया था। वहीं दूसरी ओर नवनिर्मित सड़क के किनारे के कटाव से पहली बारिश में ही सड़क निर्माण की गुणवत्ता की कलई खुल गई है।

# न्यूज बॉक्स

## सिल्ली लैम्पस में अनुदानित दर पर धान बीज वितरण का हुआ शुभारंभ



**सिल्ली।** सिल्ली लैम्पस में बुधवार को किसानों के बीच धान बीज का वितरण का शुभारंभ किया गया। जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, जिप सदस्य लक्ष्मी कुमारी, प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक के द्वारा क्षेत्र के 8 किसानों को धान बीज वितरण किया गया। जिप उपाध्यक्ष ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि लैम्पस के माध्यम से 50 प्रतिशत अनुदान दर पर धान बीज का वितरण किया जा रहा है। किसानों को बीज बाजार से कम दामों में उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे किसानों के ऊपर बोझ ना पड़े और वो आसानी से खेती कर सके। इस मौके पर मुखिया भरत मुंडा, लैम्पस अध्यक्ष सुरेश मुंडा, सिल्ली एवं टूटकी लैंपस के सदस्य, लैंपस कर्मी गोपाल कोइरी, धनीराम महादानी, लैम्पस कर्मी एवं किसान उपस्थित थे।

## चिकित्सक के निधन से शोक की लहर



**सिल्ली।** सिल्ली मुरी आसपास के क्षेत्र के लोगों को अपनी चिकित्सा-सेवा से प्रभावित करने वाले व्यवहार कुशल चिकित्सक डॉ आर एन पाण्डे के आकस्मिक निधन से प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वह पिछले के माह से बीमार चल रहे थे। एवं इलाज के क्रम में कोलकाता में ही बुधवार को दिन 10 बजे निधन हो गया। गुरुवार को मुरी स्वर्ण रेखा स्थित घाट में अंत्येष्टि दी जाएगी। डॉ आर एन पांडे आजसू पार्टी बुद्धिजीवी मंच के सदस्य एवं समाजसेवी थे। वे सामाजिक व धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। निधन पर पुर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह,, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी, मुखिया सीमा कुमारी गोंझु, पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, रतन लाल महतो, प्रो विजय प्रसाद मंडल,अरविंद विनय साव, विजय साव, दिवाकर प्रसाद, विश्वनाथ साय, बबलु साव, पवन अग्रवाल समेत विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठन के लोग उनके निधन पर गहरा शोक संवेदना व्यक्त की है।

## भैंसा चोरी के आरोपियों को भेजा गया जेल

**मुरी।** सिल्ली पुलिस ने भैंसा चोरी के आरोप में तीन आरोपियों को मंगलवार को जेल भेज दिया। सिल्ली थाने में कांड संख्या 60/25 के तहत मंगलवार को एक मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों में कुटाम निवासी सलीम अंसारी, नजगुल अंसारी एवं मजुरुद्दीन अंसारी शामिल है। तीनों कुटाम गांव के रहने वाले है। इन पर गांव के भैंसा चोरी करने का आरोप है। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी इसके बाद ग्रामीणों के मदद से तीनों को गिरफ्तार कर लिया। भैंसा को अभिराम महतो को जिम्मानामा पर दिया गया है। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि ये लोग अक्सर ग्रामीणों के मवेशियों को चोरी करके बेचने का काम करते थे। इससे ग्रामीण परेशान थे।

## आईडीबीआई बैंक के पास पलटी सवारी गाड़ी, कोई हताहत नहीं



**मुरी।** मुरी ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार की अगले सुबह आईडीबीआई बैंक के नजदीक रांची पुरुलिया मुख्य पथ के किनारे एक सवारी गाड़ी जो सिल्ली की ओर से मुरी की तरफ जा रही थी अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है क्योंकि सवारी गाड़ी खाली था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गाड़ी के चालक को हल्की-फुल्की चोट लगी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गाड़ी की रफ्तार काफी तेज थी और बारिश भी काफी तेज रफ्तार से हो रही थी जिससे गाड़ी के चालक ने अपना संतुलन खो दिया और वाहन पलट गया। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले को लेकर क्षाणबीण में जुट गई है।

## सड़क पर जमा नाली का पानी कई घरों में घुसा



**चान्हो।** प्रखंड के तरंगा गांव में मंगलवार रात से हो रही लगातार बारिश के कारण मुख्य सड़क पर जलजमाव की स्थिति बनी हुई है। सड़क में नाली जाम हो जाने कि वजह पानी की निकासी नहीं हो पाती है। तरंगा में मुख्यत कारोबारी लोग निवास करते हैं। इस सड़क से तरंगा के साथ-साथ बुढ़मू प्रखंड के कई गांव के लोग और विद्यार्थी इसी रास्ते से चलते हैं। लेकिन जल जमाव के कारण वहां के लोगों का भी परेशानी हो रही है। वैसे ये समस्या नई नहीं है पिछले कई वर्षों से तरंगा वासी इस समस्या से जूझ रहे हैं। इसके लिए उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधि समेत अधिकारियों से भी नाली सफाई की गुहार लगाई और जन प्रतिनिधियों द्वारा दो बार नाली साफ किया गाय। लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। पिछले वर्ष इस पथ का निर्माण कार्य का शिलान्यास हो चूका है मगर अभी तक मुख्य पथ में किसी तरह का कोई निर्माण कार्य सुरु नहीं हुआ है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को,योग को अपनाएं जीवन को सुखमय बनाएं: संजय सर्राफ



**रांची।** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रांतीय प्रवक्ता सह हिंदी साहित्य भारती के उपाध्यक्ष संजय सर्राफ ने कहा है कि हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। यह दिन योग के महत्व, इसकी उपयोगिता और इसकी वैश्विक स्वीकार्यता का प्रतीक बन चुका है। योग भारत की प्राचीनतम जीवनशैली और आध्यात्मिक परंपरा का एक अमूल्य उपहार है, जिसे आज पूरी दुनिया अपनाने की दिशा में अग्रसर है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन और आत्मा को भी संतुलित करता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का विचार भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा में 27 सितंबर 2014 को प्रस्तुत किया गया था। उन्होंने अपने भाषण में कहा, "योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। यह मन और शरीर, विचार और क्रिया, संयम और पूर्ति के बीच सामंजस्य है।

### मॉनसून के दस्तक के साथ ही रामगढ़ जिले में मूसलाधार बारिश शुरू

# लगातार बारिश से जनजीवन हुआ प्रभावित



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

झारखंड में मॉनसून के जोरदार दस्तक का प्रभाव रामगढ़ जिले में भी दिख रहा है। जहां पिछले लगभग 24 घंटे से मूसलाधार बारिश हो रही है। इससे जिले में जनजीवन प्रभावित हुआ है। हांलाकि बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत प्रदान की है। लेकिन जोरदार बारिश से जिले के नदी नाले भर गए हैं। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक अगले दो दिनो तक जिले में जोरदार बारिश जारी रह सकती है। वहीं, मॉनसून के आगमन के बाद जिले के किसान खेती बारी में जुट गए हैं। किसानों द्वारा खेतों की जोताई आरंभ कर दी गई है। बारिश होने किसानों में काफी खुशी देखी जा रहा है। वे लोग अपने खेती कार्य में जुट गए हैं। किसानों का कहना है कि इस बार बारिश अच्छी होगी।

## अचानक मौसम में आए बदलाव के कारण कक्षा 8 तक 18,19 व 20 जून को पढ़ाई बंद रहेंगे



रामगढ़। उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के निर्देशानुसार अचानक मौसम में आए बदलाव एवम अत्यधिक बर्षा को देखते हुए रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी सरकारी एवं निजी विद्यालय कक्षा 8 तक 18,19 एवम 20 जून तक बंद रहेंगे। जिस तरह से बारिश का रफ्तार देखने को मिल रहा है वैसे लगता है कि भीगने से लोग बीमार भी पड़ सकती है। लगातार दो दिनों से हो रही बारिश ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। कई के घरों में बाहर का पानी घरों में प्रवेश कर गया है। बारिश होने कच्ची सड़कें भी धंसने लगी हैं , जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है।

### कांग्रेसियों ने वित्त मंत्री व प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात

## नेहरू की प्रतिमा स्थापना और चोचरो पार्क के सुंदरीकरण को लेकर उठी मांग



**बरही।** विधानसभा बरही के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रांची स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से आत्मीय मुलाकात की। मुलाकात का नेतृत्व बरही विधानसभा पूर्व प्रत्याशी अरुण साहू ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ. निजामुद्दीन अंसारी, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, गौतम मेहता एवं बैजू गहलोत भी उपस्थित रहे। बातचीत के दौरान बरही प्रखंड अंतर्गत ऐतिहासिक चोचरो पार्क में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की नई प्रतिमा स्थापित करने और पार्क के समग्र सुंदरीकरण की मांग प्रमुखता से रखी गई।इस पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सहमति जताते हुए तुरंत हजारीबाग के जिला उपायुक्त को पत्र लिखकर चोचरो पार्क के सौंदर्यीकरण और नेहरू जी की प्रतिमा स्थापना हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि तिलैया डैम, जिसका निर्माण 21 फरवरी 1953 को तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा शुरू किया गया था, बरही क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है। उनके समय में तिलैया डैम और चोचरो पार्क क्षेत्र का प्रमुख आकर्षण हुआ करता था।

## मुख्यमंत्री पशुधन योजना ग्रामीण आजीविका को मजबूत बनाने का माध्यम है : सुधीर मंगलेश



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत परिसर में 18 जून को मुख्यमंत्री पशुधन योजना के अंतर्गत 14 लाभुकों के बीच ब्रॉयलर मुर्गी चूजा का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम ग्रामीण आजीविका को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर पशुपालन को बढ़ावा देना और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि सरकार की यह योजना ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि के साथ-साथ पोषण सुरक्षा को भी सुनिश्चित करती है। उन्होंने लाभुकों को इस योजना का पूर्ण लाभ उठाने और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. शशि सिन्हा, मुखिया प्रतिनिधि रामकिशुन भोक्ता, उप मुखिया सुबोध कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अजय भोक्ता, उतम कुमार, हेमलाल महतो, धन्नजय महतो, ठाकुरदास महतो, राजेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बारिश से लोग रहें सतर्क, जरूरी काम से निकलें बाहर : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



वर्तमान में हजारीबाग में मॉनसून के प्रवेश के कारण अत्यधिक वर्षा की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग ने भी इस संबंध में जानकारी साझा की है। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है, इसलिए हम आपसे अत्यधिक वर्षा के दौरान कुछ महत्वपूर्ण सुरक्षात्मक उपाय अपनाने की अपील करते हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से झारखंड में लगातार बारिश हो रही है, उससे काफी जानमाल का नुकसान भी हो सकता है। इस मूसलाधार बारिश में बेकाम से बाहर न जाएं और बच्चों को भी अपने घरों में ही सुरक्षित रखें। जिन लोगों के घर मिट्टी से बने हैं उसे सतर्क रहें ताकि वह घर कभी भी नुकसान पहुंचा सकता है। जिन सड़कों या निचले इलाकों में पानी भर गया हो, उनसे दूर रहें। जलभराव वाली जगहों पर गाड़ी चलाने या पैदल चलने से बचें क्योंकि पानी के नीचे खुले मैनहोल या अन्य खतरे हो सकते हैं। बच्चों और पालतू जानवरों का ध्यान रखें उन्हें पानी भरे इलाकों से दूर रखें।पेड़ों के नीचे आश्रय न लें। तेज़ हवाओं और बिजली गिरने के कारण पेड़ टूट सकते हैं या गिर सकते हैं।

**बाढ़ की चेतावनी पर ध्यान दें :** स्थानीय अधिकारियों द्वारा जारी की गई बाढ़ या मौसम संबंधी चेतावनियों पर पूरा ध्यान दें और उनका पालन करें।

**अपनी आपातकालीन किट तैयार रखें:** इसमें ज़रूरी दवाएं, प्राथमिक उपचार का सामान, टॉर्च, बैटरी, पानी और कुछ सूखा भोजन शामिल होना चाहिए।

**अपने पड़ोसियों की मदद करें:** विशेषकर बुजुर्गों और कमज़ोर लोगों को ज़रूरत पड़ने पर सहायता प्रदान करें।

**अफ़वाहों पर ध्यान न दें :** केवल आधिकारिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी पर ही भरोसा करें। इन सुरक्षात्मक उपायों का पालन करके हम सब मिलकर अत्यधिक वर्षा से होने वाले संभावित खतरों को कम कर सकते हैं। अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करें। सुरक्षित रहें।

## न्यूज बॉक्स

### शिक्षाविद प्रधानाध्यापक स्वर्गीय रामकृष्ण मेहता की 81वीं जयंती मनाई गई



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सलैया मोड़ स्थित यशोदा रामकृष्ण पब्लिक स्कूल परिसर में शिक्षाविद प्रधानाध्यापक स्व रामकृष्ण मेहता की 81वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक हरीहर चौधरी, जिप सदस्य प्रतिनिधि सह शिक्षक यमुना साव, निदेशक अरुण कुमार मेहता ने पुष्प अर्पित कर व दीप जलाकर किया। अतिथियों ने स्व0 रामकृष्ण मेहता की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने की आह्वान किया।वहीं स्व0 मेहता के पुत्र अरुण मेहता ने कहा कि मैं अपने पिता के अधूरे कार्य को पूरा करने का प्रयास करूंगा। कहा कि अपने पिता की याद में तथा सूदूरवर्ती क्षेत्र में शिक्षा सुलभ कराने के उद्देश्य से यशोदा रामकृष्ण पब्लिक स्कूल खोला गया है। मौके पर अतिथियों एवं अभिभावकों को शॉल देकर सम्मानित किया गया। जबकि विद्यालय के 50 बच्चों के बीच स्कूल बैग का वितरण किया गया। इस अवसर पर स्व मेहता की पत्नी सह कालेज कि संस्थापिका यशोदा देवी, नारायण प्रसाद समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बाल विकास परियोजना कार्यालय बरकट्ठा में समर एप्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में एक दिवसीय गैर आवासीय समर एप्प प्रशिक्षण बुधवार दोपहर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षाका, आंगनबाड़ी सेविका और एएनएम को समर एप्प का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से सीडीपीओ नीलू रानी, आंगनबाड़ी के सभी सुपरवाइजर उपस्थित थे। इस दौरान उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति अभियान के तहत सभी को शपथ दिलाया गया।इस कार्यक्रम के तहत उर्मिला कुमारी चौधरी, रूपा कुमारी,राधा कुमारी, मंजू देवी, मुन्नी देवी, वीणा कुमारी, सुनीता कुमारी, ललिता देवी, रेखा देवी, गीत देवी, उषा देवी के अलावे सैकड़ो की संख्या में महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण पाकर सभी कर्मी काफी उत्साह से दिखे।

### विद्यालय से गैस सिलेंडर व चूल्हा की चोरी थाने में की गई प्राथमिकी दर्ज



**बरही।** बीते रविवार की रात्रि छोटकी केवाल स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय से गैस सिलेंडर और चूल्हे की चोरी का मामला सामने आया है । मामले को लेकर प्रभारी प्रधानाध्यापक डीलेश्वर दास ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना में आवेदन देते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई है. आवेदन के अनुसार शनिवार को विद्यालय बंद होने के समय सभी समान सुरक्षित थें. रविवार को विद्यालय बंद था. सोमवार को विद्यालय खुलने पर रसोई घर का ताला टूटा पाया गया. जिसमे उक्त समान गायब थे. प्रभारी प्रधानाध्यापक ने इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी से उचित कार्रवाई की मांग की है.

### जोरदार टक्कर के बाद दो ट्रिप ट्रेलरों में लगी आग, आवागमन कुछ देर रहा बाधित



**रामगढ़।** रामगढ़ बोकारो मार्ग अंतर्गत चोपादारू स्थित संघौय घाटी में बुधवार को दो ट्रिप ट्रेलरों में जोरदार भिड़ंत हो गई । इस भिड़ंत के बाद दुर्घटना ग्रस्त वाहनों में आग लग गयी। आग ने देखते देखते दोनो वाहनों में फैल गयी। घटना दिन के करीब 12:00 बजे की बतायी जा रही है। दुर्घटना की जानकारी के बाद गोला पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। दुर्घटना के बाद वाहनों का आवागमन रूक गया था। जिसे पुलिस ने पुनः आरंभ करवाया।

### पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं आश्रितों की समस्याओं के समाधान के लिए की बैठक

**हजारीबाग।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय हजारीबाग के प्रांगण में जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी विंग कमांडर राजेश कुमार गुप्ता "रिटायर्ड" के संयोजन में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और सैनिकों के आश्रितों की समस्या के समाधान हेतु एक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल मसूर बी थापा रिकॉर्ड सिख रेजीमेंट रामगढ़ थे। कार्यक्रम में रिकॉर्ड सिख रेजीमेंट रामगढ़ के मेजर करिअप्पा बी सी ने पेंशन, स्पर्श पोर्टल, डीएसपी अकाउंट, कॉम्यूटेशन, डिसेबिलिटी पेंशन से संबंधित जानकारियों को साझा किया और समस्याओं के स्वतः समाधान हेतु कारगर प्रक्रिया पर चर्चा किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि कर्नल मसूर बी थापा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी की समस्याओं के समाधान हेतु हम हमेशा तत्पर हैं, और जब भी जरूरी हो तो रिकॉर्ड सिख रेजीमेंट रामगढ़ में भी आकर अपना समस्या का समाधान करवा सकते हैं। साथ ही कार्यक्रम में स्टेट बैंक आफ इंडिया मटवारी ब्रांच के प्रतिनिधि एक्स एयर फोर्स सौरभ कुमार ने एसबीआई खाते के कई लाभ मौजूद लोगों को बताया।

### आसमान में काले घने बादल के साथ दिन भर होती रही बारिश, जन जीवन अस्त व्यस्त

**गिद्दी।** गिद्दी ए, रेलीगढ़ा, गिद्दी सी और पास के गांवों में बुधवार को आसमान में काले घने बादल के साथ दिन भर बारिश होती रही। जिससे लोगों को गर्मी से तो राहत मिल गई। पर लगतार बारिश होने के कारण लोगों का जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। मंगलवार को दिन में साढ़े गयारह बजे झमाझम बारिश हुई। फिर शाम तक कुछ देर रूक रूक कर तेज बारिश हुई। फिर मंगलवार को शाम में बारिश शुरू हुई है रात भर कम अधिक होते रही। इसके बाद दूसरे दिन बुधवार को सुबह से जो बारिश शुरू हुई है तो दिन भर अनवरत जारी रही। बुधवार को कभी झमाझम तो कभी रिमझिम लगतार बारिश होती रही। इससे कोयलांचल के लोगों को जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लोगों को मजबूरी में घर से छाता और बरसाती लेकर आवश्यक काम से निकलना पड़ा है।

## नाराज पेंशनर संघ प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन उपायुक्त को सौपेंगे



**बरही ।** बीते 29 मई को बेंगुलुरू में अखिल भारतीय पेंशन फेडरेशन के तत्वाधान में लिए गए फैसले का स्वागत करते हुए झारखंड राज्य पेंशनर समाज अनुमंडल शाखा के सदस्यों ने प्रधानमंत्री के नाम बुधवार को ज्ञापन प्रपत्र भरने का काम किया. जिससे पेशनरों में नाराजगी है. उक्त जानकारी अनुमंडल शाखा के अध्यक्ष राजेंद्र रुखरियार ने दी. उन्होंने 10 जून की मासिक बैठक में उपस्थित पेशनरों ने केंद्र सरकार के फैसले पर नाराजगी जताते हुए सर्वसम्मति पीएम के नाम ज्ञापन देने के लिए संघ के फैसले का समर्थन किया था. इसी संदर्भ में उनकी अध्यक्षता व तोखन प्रजापति के संचालन में बैठक कर ज्ञापन प्रपत्र भरा गया. जिसे उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री तक पेशनरों की भावना से अवगत कराया जाएगा.ज्ञात हो कि केंद्र सरकार ने केंद्रीय सिविल सेवा पेंशन और भारत के संचित निधि पेंशन नियम को बांटकर पेशनरों में विभेद पैदा कर दिया है. बैठक में देवधारी प्रजापति, छात्रधारी ठाकुर, रत्नेश्वर केसरी, तपेश्वरी कुमारी, नारायण रविदास, सुरेश प्रसाद, श्रीकांत पांडे, महावीर यादव आदि कई पेंशनर मौजूद थे.

### रोड सेल को लेकर विस्थापितों का पीओ कार्यालय में धरना-प्रदर्शन

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा कोलियरी विस्थापित प्रभावित रोड सेल समिति ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत भुरकुंडा परियोजना कार्यालय में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि समिति ने सीसीएल प्रबंधन के सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया है और चारों राजस्व गांवों के विस्थापितों ने भी इस संबंध में संयुक्त रूप से प्रबंधन से अपील की है। बावजूद इसके सीसीएल प्रबंधन गंभीरता नहीं दिखा रहा है और लगातार टालमटोल कर रहा है, जिससे उनकी भावनाओं का अपमान हो रहा है। वक्ताओं ने कहा कि अब वे खोखले आश्वासनों के झांसे में नहीं आने वाले। यदि प्रबंधन ने यथाशीघ्र उनकी मांगों को लेकर सकारात्मक पहल नहीं किया तो 24 जून से बलकुदरा का कोयला संप्रेषण अनिश्चितकाल के लिए ठप कर देंगे।

### ओरपरता गांव में अब भी कच्ची सड़क, बारिश में बढ़ी ग्रामीणों की परेशानी

## चुनाव के समय वादे किए थे पर काम अब तक अधूरा, ग्रामीणों में आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**



डपोक पंचायत के ओरपरता गांव में आज भी ग्रामीणों को कच्ची सड़क की समस्या से जूझना पड़ रहा है। विशेष रूप से आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंचने वाली सड़क की स्थिति बेहद दयनीय है, जिससे बरसात के दिनों में लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस मुद्दे को कई बार जनप्रतिनिधियों के समक्ष उठाया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चुनाव के समय नेताओं ने इसी सड़क पर भ्रमण कर ग्रामीणों से वादा किया था कि जल्द ही सड़क का निर्माण कराया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि जब देश भर में सड़क निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है, तब ओरपरता जैसे गांव में आज भी लोग कच्ची सड़कों पर चलने को मजबूर हैं। बरसात के समय कीचड़ और फिसलन के कारण स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को भारी दिक्कत होती है। सड़क निर्माण की मांग को लेकर स्थानीय लोग कोकिल यादव, थानेश्वर यादव, अशोक सिंह, लालमणि यादव, अंगेश यादव, रोहित यादव, सुमन यादव, प्रयाग सिंह,प्रदीप सिंह, चंदन सिंह, चंद्रिका सिंह, रितिक कुमार, सुजीत कुमार समेत अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की अपील की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र ही सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय मनुआ में पेरेंटिंग मंच का आयोजन

**रामगढ़।** पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय मनुआ मांडू रामगढ़ में मंगलवार को पेरेंटिंग मंच का आयोजन झारखंड शिक्षा परियोजना के बैनर तले किया गया। जिसमें अभिभावकों को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। कहा गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार शिक्षक को सामाजिक भावनात्मक के साथ शिक्षा का दायित्व भी हैं। फलतः विभाग की ओर से पेरेंटिंग मंच के माध्यम से अभिभावकों को बच्चों की सामाजिक शिक्षा और भावनात्मक विकास के साथ पालन पोषण का आह्वान किया गया।

## एलआईसी के रीजनल डायरेक्टर ने टीम के साथ स्मार्ट क्लास का किया अवलोकन

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में चल रहे स्मार्ट क्लास का अवलोकन एलआईसी के रीजनल डायरेक्टर और सपोर्ट संस्था के पदाधिकारियों ने किया और विद्यालय में चल रहे शिक्षण कार्य की जानकारी अपने टीम के साथ लिया। इस अवसर पर रिजनल डायरेक्टर कोलकाता सौरव कुमार चक्रवर्ती ने स्मार्ट क्लास का अवलोंकन किया । पूरी टीम का स्वागत विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने किया। स्मार्ट क्लास की जानकारी डॉ कश्यप के माध्यम से प्राप्त मिली। डॉ सुनील कुमार कश्यप ने बताया कि स्मार्ट क्लास के लिए एलआईसी के माध्यम से 34 विद्यालयों का चयन किया गया है । अभी तक 15 विद्यालयों को स्मार्ट टीवी उपलब्ध कराया गया है जो सभी सरकारी विद्यालय हैं ।इन सभी विद्यालयों में स्मार्ट टीवी के माध्यम से बच्चों को आधुनिक पद्धति से शिक्षा दी जा रही है। कहा कि मौसम खराब रहने के बावजूद भी रिजनल डायरेक्टर विद्यालय और सपोर्ट संस्था के पदाधिकारी पहुंचे और उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर में स्मार्ट क्लास का अवलोन किया। इस मौके पर विद्यालय में एक सादे समारोह का आयोजन किया गया और इसमें विशेष जानकारी सौरव कुमार चक्रवर्ती सहित एलआईसी के साथियों को दी गई।

## महिलाओं ने बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार करने की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्दी**

गिद्दी तूफान चौक की महिलाओं ने मुहल्ला में बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है। इसे लेकर कॉलोनी की दर्जन भर महिलाएं बुधवार को विद्युत अभियंता से मिलने के लिए सबस्टेशन पहुंची। पर महिलाओं को विद्युत अभियंता से मुलाकात नहीं हुई। महिलाओं ने बताया इन दिनों गिद्दी तूफान चौक मुहल्ला में शाम होते ही बिजली एक फेस हो जाता है। जिसे बनवाने के लिए मुहल्ला के लोग जब सबस्टेशन पहुंचते हैं तो वहां पर ड्यूटी में मात्र दो तीन कर्मी होते हैं और वे मुहल्ला वालों को सिढ़ी ढोकर ले जाने के लिए बोलते हैं कहते हैं उनके पास आदमी नहीं है। सिढ़ी ढोकर ले चलिएगा तो बिजली ठीक होगा। इसलिए गिद्दी सबस्टेशन रात में एक फोरमैन, दो टंडेल, 2 हेलफर को पदस्थापित किया जाए। ताकी मेंटेनेस का कार्य रात में समय पर हो सके।सबस्टेशन जाने वाली महिलाओं में वीणा सिन्हा, बलविंद्र कौर, अनिता राय, बबीता देवी, रेणु देवी, शांति देवी, विनोद मुंडा, गीता देवी, उषा देवी, सबिता देवी, सुनीता देवी, अन्नू देवी आदि शामिल थीं।

**जंगलों पर खतरा** बरही वन क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं पर की जा रही लगातार कार्रवाई

# 300 सीएफटी खैर लकड़ी जब्त, माफियाओं में दहशत

- खैर प्रजाति की लकड़ियों को अवैध रूप से एकत्र कर उन्हें बाहर भेजने की तैयारी की जा रही है

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**



वन क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटाई और तस्करी के खिलाफ वन विभाग की लगातार कार्रवाई जारी है। मंगलवार की देर शाम को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बरही वन क्षेत्र पदाधिकारी कमलेश सिंह के निर्देशन में फोरेस्टर अमर आनंद सरस्वती ने बुंडू, बेलहारा, गुड़ियों वन सीमाना में बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 300 सीएफटी जंगली खैर प्रजाति की लकड़ी जब्त की। सभी लकड़ियों को बरही वन क्षेत्र कार्यालय में सुरक्षित रखा गया है। सूत्रों के अनुसार, मंगलवार शाम करीब 4:00 बजे उन्हें सूचना मिली थी कि उक्त क्षेत्रों में खैर प्रजाति की लकड़ियों को अवैध रूप से एकत्र कर उन्हें बाहर भेजने की तैयारी की जा रही है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और मौके से सभी लकड़ियां जब्त कर लीं। फोरेस्टर अमर आनंद सरस्वती ने बताया कि मामले की गहन छानबीन की जा रही है और दोषियों की पहचान कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस छापेमारी अभियान में वनरक्षक भोला साहू, शिशिर जॉन मिंज और क्यूआरटी टीम के सदस्य भी शामिल थे। उल्लेखनीय है कि बरही वन क्षेत्र कार्यालय द्वारा यह महीने भर में पांचवीं बड़ी कार्रवाई है, जिससे लकड़ी माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। वन विभाग की सतत निगरानी और तेजी से हो रही कार्रवाइयों से क्षेत्र में अवैध लकड़ी तस्करी पर अंकुश लगाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। जिस तरह लकड़ी माफियाओं ने छुपे चोरी लकड़ियों की तस्करी कर रहे हैं, इससे साबित होता है कि यह लोग ही जंगलों के दुश्मन हैं और पर्यावरण को खतरा पहुंचाने में इनलोगों का सबसे बड़ा हाथ है। आज जो बारिश की कमी हो रही है यह पर्यावरण का नहीं बचना सबसे बड़ा कारण है। आज जंगली जानवरों को रहना मुश्किल हो गया है। वह पानी की तालाश में जंगल से निकलकर रहायशी इलाकों में जाकर लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जो काफी नुकसानदायक है।

### जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास की आवश्यकता : डॉ एके बरेलिया

**रामगढ़।** मारवाड़ी प्रतिभा सम्मान मंच का 14 वां सम्मान समारोह मारवाड़ी धर्मशाला के सभागार में मंगलवार को आयोजित किया गया। समारोह में दसवीं तथा बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 15 विद्यार्थियों को पौधा, चाकलेट, सम्मान पत्र और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त जेइइ एडवांस और हिन्दुस्तान ओलंपियाड में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दो विद्यार्थियों को, फुल मैराथन के लिए दो युवाओं और डाक्टर बनने पर एक युवा को मारवाड़ी युवा प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। मंच के अध्यक्ष डॉ एके बेरलिया ने सभी को हार्दिक बधाइयाँ दी।

# सिमडेगा विधायक ने सीएम से जिले की समस्याओं पर की चर्चा

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाक़ात कर सिमडेगा विस के कई समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सुरक्षा, पलायन आदि जैसे बुनियादी सुविधाओं पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए तत्काल समाधान की मांग की। उन्होंने यह भी प्रस्ताव रखा कि मुख्यमंत्री स्वयं सिमडेगा का दौरा करें और जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ मिलकर विकास योजनाओं की समीक्षा करें। ताकि योजनाओं का प्रभाव ज़मीन पर दिख सके।विधायक भूषण बाड़ा ने बताया कि सिमडेगा जिले के सदर अस्पताल सहित ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की हालत बेहद खराब है। डॉक्टरों की भारी कमी है और मरीजों को समय पर इलाज भी नहीं होती। उन्होंने आग्रह किया कि हर प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने, पर्याप्त मात्रा में चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों को पदस्थापित करने, पीएचसी-सीएचसी में ही सभी बीमारी के इलाज की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।विधायक भूषण बाड़ा ने जिले के शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता सुधारने और उच्च शिक्षा के लिए तकनीकी व व्यावसायिक कॉलेजों की स्थापना पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षकों की नियमित बहाली और सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास रूम की व्यवस्था की मांग की। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने का आग्रह किया।विधायक ने समसेरा में हुई डकैती और तीन धर्मगुरुओं पर हमले की घटना का ज़िक्र करते हुए धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को मज़बूत करने की माँग की। उन्होंने श्री रामरेखा धाम में पूर्व में घटित घटना की भी याद दिलाई और धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे, पुलिस चौकी और सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था की सिफारिश की। विधायक ने करौंदाबेड़ा एवं बानाबीरा में घटित घटना का भी जिक्र करते हुए बताया कि यहाँ धर्म गुरुओं को अपनी जान भी गंवानी पड़ी है। इन घटनाओं के याद कर एक बार फिर क्षेत्र के धर्मगुरुओं में भय का माहौल है। भूषण बाड़ा ने मुख्यमंत्री को बताया कि सिमडेगा जिले के युवा एवं ग्रामीण आज भी रोज़गार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं। उन्होंने आग्रह किया कि स्थानीय स्तर पर लघु उद्योग, सालों भर कृषि की समुचित व्यवस्था, फसलों की बिक्री के लिए बाजार की उपलब्धता, वनोत्पाद आधारित उद्योगों की स्थापना कराने की माँग की। जिससे रोज़गार स्थानीय स्तर पर सृजित हो।विधायक ने जिले के कई मुख्य मार्गों और ग्रामीण सड़कों की दयनीय स्थिति की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि बरसात में हालात और भी ख़राब हो जाते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से विशेष सड़क मरम्मती योजना शुरू करने का आग्रह किया।मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने विधायक की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि सभी सुझावों पर विभागीय समीक्षा कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सिमडेगा जैसे सीमावर्ती और आदिवासी बहुल जिलों को सरकार विशेष प्राथमिकता दे रही है।

# उर्सुलाईन के मैट्रिक व इंटर के टॉप टेन बच्चे हुए सम्मानित

● बच्चे अपने लक्ष्य को निर्धारित करें व उसे प्राप्त करने के लिए पूरी लगन एवं कड़ी मेहनत करें : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उर्सुलाईन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय-सह-इंटर कॉलेज, सामटोली में जिले में मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टॉप 10 में स्थान रखने वाले छात्राओं के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा की उपायुक्त कंचन सिंह उपस्थित रहीं।विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर सबीना तिग्गा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उपायुक्त का स्वागत किया एवं सोल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया।इसके पश्चात् कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक स्वागत गान से हुई। छात्राओं ने भी उपायुक्त महोदया का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मुख्य अतिथि सहित बच्चों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।समारोह के दौरान जिले की मैट्रिक एवं इंटर परीक्षाओं में जिला स्तर पर टॉप 10 में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।उपायुक्त ने अपने संबोधन में छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें सतत परिश्रम करने की प्रेरणा दी। उन्होंने अपने जीवन के संघर्षों का उल्लेख करते हुए बताया कि कठिन परिश्रम और शिक्षा के बल पर ही वे आज आईएएस अधिकारी बन सकीं। उन्होंने छात्राओं से कहा कि सभी बच्चे अपने लक्ष्य को निर्धारित करें और उसे प्राप्त करने के लिए पूरी लगन एवं कड़ी मेहनत करें। और अपने परिवार, विद्यालय, समाज और देश का नाम रोशन करें आगे कहा कि आप सभी के बीच आकर और आपको देखकर मुझे अपना बचपन याद आ रहा है। जब मैं भी विद्यालय में पढ़ती थी तब इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजन किए जाते थे। विद्यालयों में प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करने की यह परंपरा बहुत ही सराहनीय है, जिससे अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिलती है। टॉप करने वाले बच्चों को देखकर अन्य छात्र भी आगे बढ़ने की सीख लेते हैं। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा है, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। आने वाले समय में मेहनत कर वे भी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।उपायुक्त ने छात्राओं से कहा कि शिक्षा सबसे अमूल्य धन है, जिसे कोई चुरा नहीं सकता, नष्ट नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि धन-संपत्ति तो कभी भी नष्ट हो सकती है, लेकिन शिक्षा जीवनभर साथ देती है और यही शिक्षा आपको आपके सपनों की मंजिल तक पहुंचाएगी। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे पढ़ाई के साथ-साथ सिलाई, बुनाई और अन्य घरेलू कार्यों में भी दक्षता हासिल करें।



# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना की हर माह दो बैठकें अनिवार्य: उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

● सीएम स्वास्थ्य सहायता योजना के 11 लाभुकों के आवेदनों पर स्वीकृति

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्वास्थ्य सहायता के लिए प्राप्त आवेदनों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उपायुक्त महोदया ने सभी आवेदनों की बारी-बारी से समीक्षा करते हुए मरीजों की बीमारी की गंभीरता, आवश्यक इलाज एवं सरकार द्वारा निर्धारित सहायता राशि के आधार पर अनुमोदन प्रदान किया।बैठक में कुल 11 आवेदनों पर विचार-विमर्श किया गया। समिति के सभी सदस्यों द्वारा इन आवेदनों की गंभीरता से समीक्षा कर निर्णय लिया गया। चर्चा के उपरांत सभी 11 आवेदनों को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृत आवेदनों में 8 आवेदन अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित थे, जबकि 3 आवेदन अन्य पिछड़ा वर्ग से जुड़े हुए थे। बैठक में यह भी सुनिश्चित किया गया कि स्वीकृत लाभार्थियों को स्वास्थ्य सहायता की राशि शीघ्र उपलब्ध कराई जाए ताकि वे समय पर बेहतर उपचार प्राप्त कर सकें।उपायुक्त ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना राज्य सरकार की एक अत्यंत महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद एवं गरीब मरीजों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि इलाज के दौरान हुए आर्थिक हानि की पूर्ति हो, तथा बीमार से पीड़ित व्यक्ति उस राशि से पोषण युक्त आहार लेकर अपने आप को जल्द स्वस्थ कर सकें। उन्होंने निर्देश दिया कि इस योजना की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक प्रत्येक माह में दो बार अनिवार्य रूप से आयोजित की जाए।

# बोरे में बंद मिले शव मामले का पुलिस ने किया उद्भेदन, आरोपी गिरफ्तार




नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के बसेरकोचा जंगल में विगत 12 जून को बोरे में बंद मिले शव मामले का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी सिमडेगा मो अर्शी ने बुधवार को प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि 12 जून को पुलिस को बसेरकोचा जंगल में एक सफेद प्लास्टिक बोरे में बंद शव मिला था। जिसके बाद पुलिस ठेठईटांगर थाना काण्ड संख्या-39/2025 के तहत अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान शुरू की। मामले के अनुसंधान के लिए एसपी के निर्देश पर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की गई । इस ये द्वारा अनुसंधान के क्रम में पता चला कि बोरे में मिला शव गिरजाटोली निवासी सुशील बा का है। मृतक की पहचान होने के बाद पुलिस हत्या के एक एक तारों को जोड़ते हुए हत्या करने वाले पिताम्बर लोहरा तक पहुंची। तब हत्या के कारणों का खुलासा हुआ। दरअसल ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के गिरजाटोली निवासी सुशील बा नामक व्यक्ति 05 जून को गांव के हीं पिताम्बर लोहरा नामक व्यक्ति की पत्नी दुलारी देवी उर्फ दुल्लो के साथ छेड़खानी का प्रयास किया था। इसके अगले दिन 06 जून की रात्रि समय करीब 09.00 बजे पिताम्बर एवं सुशील बाः, हडिया पीकर जब घोड़ीटोली से वापस अपने घर जा रहे थे तभी रास्ते में नीमटोली पुल के पास सुशील बाः ने अपने आगे चल रहे पिताम्बर लोहरा को एक दो थप्पड़ मारा। जिससे बदले की भावना व बीती रात की छेडखानी की बात से आहत होकर पीताम्बर लोहरा ने अपने साथ रखे कुल्हाड़ी से सुशील बाः को मारकर हत्या कर दिया। इसके बाद सुशील के शव को प्लास्टिक के बोरे में भरकर रस्सी एवं साड़ी का टुकड़ा के सहारे बाँध दिया एवं साईकिल में लाद कर लतापानी एवं घोडीटोली के बीच बसेरकोचा जंगल की झाडी में फेक दिया। पुलिस को गिरफ्तार पिताम्बर लोहरा के निशानदेही पर काण्ड में प्रयुक्त लोहे का कुल्हाड़ी जिसमें लकड़ी का बेंत लगा हुआ है, एक हरा रंग का साड़ी का टुकड़ा, जिसका एक टुकड़ा बोरे में बंद शव को बांधने में प्रयोग किया गया था तथा दो बांस का बना झोरी, जिसमें एक में पिले रंग का नायलोन का रस्सी लगा हुआ है इसी रस्सी का एक अन्य टुकड़ा का प्रयोग बोरा को बांधने के लिये किया गया था और एक हिरो कंपनी का साईकिल जिसका इस्तेमाल शव को जंगल में ले जाकर फेंकने में प्रयोग किया गया था। बरामद हुआ।

## झामुमो जिला एवं नगर समिति का विस्तार वर्ग संगठनों का पुनर्गठन

**सिमडेगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमडेगा जिला इकाई की बुधवार को महत्वपूर्ण बैठक परिसदन भवन सिमडेगा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना ने की। इस अवसर पर जिला समिति, नगर समिति, केन्द्रीय समिति सदस्यगण, प्रखंडों के पदाधिकारीगण एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संगठन विस्तार एवं वर्ग संगठनों के पुनर्गठन पर गहन विचार-विमर्श किया गया।बैठक में सर्वसम्मति से जिला समिति एवं नगर समिति का विस्तार किया गया तथा सभी वर्ग संगठनों का पुनर्गठन करते हुए नये पदाधिकारियों का चयन किया गया। चयनित नामों को झामुमो जिला समिति सिमडेगा द्वारा केन्द्रीय समिति रांची को अनुमोदन हेतु अनुशंसा पत्र के माध्यम से भेजा गया है। अनुमोदन के पश्चात ही नव-निर्वाचित पदाधिकारियों के नाम औपचारिक रूप से घोषित किए जाएंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहेः झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना, जिला सचिव मो. सफीक खान, जिला उपाध्यक्ष रीतेश बड़ाईक, कोषाध्यक्ष राजेश टोप्पो, केन्द्रीय समिति सदस्य नोवास केरकेट्टा, संजीव डांग, विरजो कंडुलना, जुसब लुगुन, मो. इरसाद, प्रफुल्लित डुंगडुंग, सुनिल खेस्स, फिरोज अली, नूसरत खातून, अनिल तिर्की, ओस्कर डांग, हेतु सामूहिक एकजुटता पर जोर दिया गया।

# रथयात्रा की व्यवस्था और ट्रैफिक नियंत्रण को लेकर एसपी ने दिए कई निर्देश




नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा सहित आगामी त्योहारों को लेकर जिले में विधि व्यवस्था एवं ट्रैफिक नियंत्रण सुनिश्चित करने हेतु बुधवार को सिमडेगा पुलिस अधीक्षक मो. अर्शी की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभाकक्ष में क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के सभी थाना प्रभारियों और वरीय पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।मीटिंग के दौरान एसपी ने लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए अनुसंधान को सशक्त एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि किसी केस में अनुसंधान जितना बेहतर होगा, केस डायरी उतनी ही मजबूत बनेगी और अपराधियों को शीघ्र सजा दिलाई जा सकेगी। इस उद्देश्य से बैठक में पीपी और एपीपी द्वारा केस लेखन एवं अनुसंधान की बारीकियों पर एक प्रेजेंटेशन भी दिया गया, जिसमें अधिकारियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।एसपी ने रथयात्रा के दौरान विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विशेष चर्चा की। उन्होंने बताया कि पूजा-अनुष्ठान के समय मंदिरों एवं सड़कों पर भीड़ रहने की संभावना है, ऐसे में पुलिस बल को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। सभी थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।एसपी ने यह भी स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर फैलाए जाने वाले अफवाहों एवं आपत्तिजनक पोस्ट पर नजर रखने के लिए साइबर निगरानी टीम सक्रिय रहेगी। वहीं ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर एक विशेष टीम गठित की गई है, जो त्योहारों के दौरान प्रमुख चौक-चौराहों पर तैनात रहकर यातायात को नियंत्रित करेगी और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाएगी।मीटिंग में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में एलआरपी व क्षेत्र गश्ती अभियान तेज करने, अपराध नियंत्रण हेतु गुप्तचर तंत्र को और सक्रिय करने, तथा थाना स्तर पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

**हत्या की साजिश** मुफस्सिल थाना क्षेत्र में प्रेम, डर और बदले की वारदात का पर्दाफाश

# कुल्लुकेरा में हुए हत्याकांड में महिला व 05 आरोपी गिरफ्तार

● मनोज तेली द्वारा कुंती देवी को फोन पर धमकी व मानसिक प्रताड़ना

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कुल्लुकेरा में 16 जून की रात हुए हत्या का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने एक महिला सहित 05 आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा। एसपी सिमडेगा मो अर्शी ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कुल्लुकेरा में गिरमा नदी चेक डैम के पास से मनोज तेली नामक एक व्यक्ति का शव मिला था। पुलिस इस मामले में पुलिस ने मृतक के परिजनों के आवेदन लड़ मुफस्सिल थाना कांड संख्या-13/2025 के तहत हत्या का मामला दर्ज किया। पुलिस ने मृतक के भाई के बयान के आधार पर कुंती देवी, कृष्ण देहरी, बजरंग देहरी, सुरेंद्र नेगी और विक्की नेगी को प्राथमिक अभियुक्त बनाते हुए मामला दर्ज किया। पुलिस ने सभी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताया गया कि कुंती देवी को मृतक मनोज तेली काफी दिनों से फोन करके परेशान करते था तथा धमकी देते था कि तुम्हारे पति एवं बच्चा को जान से मार देंगे। एवं मनोज तेली का मोबाइल उपरोक्त चारों लड़के अपने पास रख लिए और मनोज तेली के शव को झाड़ी में छुपा दिए। घर जाने के क्रम में करंगागुड़ी पूल के पास चारों पुरुष अभियुक्त मनोज तेली के मोबाइल को पूल से नीचे फेंक दिए तथा अपने गांव बेतमा भोटको टोली कुंभी डोभा जाकर नहाए एवं खून लगे कपड़े को झाड़ी में छुपा दिए। अभियुक्तों के स्वीकारोक्ति के आधार पर घटना में प्रयुक्त बैट, मनोज तेली का मोबाइल, एवं खून लगा हुआ कपड़े को बरामद कर लिया गया है तथा सभी को जेल भेज दिया गया।

**धमकी से डरकर रची हत्या की साजिश**

जिससे डर कर कुंती देवी उपरोक्त चारों अभियुक्त के साथ मिलकर मनोज तेली की हत्या का योजना बनाई। इसके बाद कुंती देवी मिलने के लिए मनोज तेली को गिरमा नदी तेलीघाट के पास बुलाई तथा सबने मिलकर मनोज तेली के साथ मारपीट किया जब मनोज दिल्ली इसका विरोध किया तो सुरेंद्र नेगी द्वारा बैट से दो-तीन बार सर पर मार दिया। जिससे मनोज तेली का मृत्यु हो गया। इसके बाद पुलिस से बचने के लिए करने में प्रयुक्त बैट को नदी के झाड़ी में छुपा दिया।

## न्यूज बॉक्स

### सीओ व एसआई की उपस्थिति में जमीन विवादों की सुनवाई

**बानो।** थाना परिसर बानो में बुधवार को थाना दिवस का आयोजन सीओ रवि भूषण प्रसाद एवं एस आई विनय कुमार की उपस्थिति में हुई।सीओ ने बताया कि थाना दिवस पर लोगों के जमीन से संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों को सुनते हुए मामलों का निष्पादन किया जा रहा है जिससे लोग काफी खुश हैं।सुनवाई के दौरान जमीन की स्थित की जांच अंचल कर्मचारी से कराकर त्वरित कार्यवाही की जाती है। थाना दिवस पर जमीन से संबंधित कुल 15 मामले आए सभी मामलों की सुनवाई दोनों पक्षों से कर 09 मामलों का निष्पादन के दिया गया एवं 06 मामले की सुनवाई अगले तीथि को निर्धारित किया गया।कार्यक्रम में सीआई विल्सन केरकेट्टा,चंद्रेश्वर उराँव राजस्व उप निरीक्षक,शैलेश डुंगडुंग राजस्व उप निरीक्षक, मुंशी सतेंद्र कुमार सिंह,चौकीदार प्रिया सिंह द्वारा सहयोग किया गया।

### सुतरूउली गांव में जंगली हाथी ने घर को किया क्षतिग्रस्त

**बानो।** प्रखंड अंतर्गत बेड़ाइरगी पंचायत के सुतरूउली गांव में मंगलवार की रात 11 बजे एक जंगली हाथी ने सरस्वती कुमारी के घर को नुकसान पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हाथी संभवतः अपने झुंड से बिछड़कर गांव में भटक गया था और सरस्वती कुमारी के कच्चे घर को क्षतिग्रस्त कर दिया।हाथी ने घर में रखे गए अनाज के बोरों को भी खा लिया, जिससे पीड़ित परिवार को आर्थिक क्षति हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही झामुमो सोय पंचायत अध्यक्ष संदीप समद मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने वन विभाग को इस घटना से अवगत कराते हुए जल्द से जल्द मुआवजा देने की मांग की।संदीप समद ने कहा कि वन विभाग द्वारा उचित आकलन कर पीड़िता को नुकसान की भरपाई की जानी चाहिए, ताकि प्रभावित परिवार को राहत मिल सके। ग्रामीणों में हाथियों के बढ़ते आतंक को लेकर चिंता व्याप्त है।

### बानो के रामजोल तेलेदा में जंगली हाथी ने एक व्यक्ति को कुचलकर मार डाला

**बानो।** प्रखंड के रामजोल तेलेदा गांव में मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक घटना घटी, जब एक जंगली हाथी ने एक ग्रामीण को पटक-पटक कर मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पहचान मसीह दास बारला के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मसीह दास बारला दोपहर 4 से 5 बजे के बीच घर से लगभग एक किलोमीटर दूर आम चुनने के लिए निकले थे। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटे तो परिजनों ने सोचा कि वह किसी परिचित के यहां गए होंगे। लगातार बारिश के कारण रात में खोजबीन नहीं हो सकी।अगली सुबह बुधवार को भी जब मसीह दास घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान उनका शव क्षत-विक्षत अवस्था में एक खेत में पड़ा मिला। शव को देखकर साफ पता चल रहा था कि जंगली हाथी ने हमला कर बर्बरतापूर्वक उन्हें कुचला है।घटना की सूचना मिलते ही जिला परिषद सदस्य बीरजो कंडुलना मौके पर पहुंचे और उन्होंने वन विभाग को सूचित किया। सूचना पाकर वन विभाग से मनीष डुंगडुंग, लखिन्द्र सिंह, सुरेश टेटे और होमगार्ड के जवान गांव पहुंचे और मामले की जानकारी ली। बांकी पंचायत के मुखिया अजय डांग ने भी पीड़ित परिवार से मिलकर संवेदना प्रकट की और ढांढस बंधाया।वन विभाग की ओर से तत्काल राहत के तौर पर मृतक के पिता को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। वहीं, बानो पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया। मौके पर एसआई अशोक कुमार राम भी मौजूद थे।

### लचरागढ़ में 30 जून को कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम

**लचरागढ़।** द्विवेदी कॉम्प्लेक्स, मेन रोड स्थित सक्सेस पॉइंट कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्थान में 30 जून को कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम मैट्रिक, इंटरमीडिएट और स्नातक उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए रखा गया है।इस कार्यक्रम में बीए,बीएसी, बीकॉम बीसीए बीबीए सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकन हेतु मार्गदर्शन दिया जाएगा। साथ ही डीएलएड, नर्सिंग, होटल प्रबंधन,बी फार्मा, डी फार्मा में प्रवेश के लिए जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। परास्नातक पाठ्यक्रमों एमए, एमकॉम, एमएससी, एमबीए, एमसीए में नामांकन से संबंधित जानकारी भी दी जाएगी। गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना व छात्रवृत्ति संबंधी सहायता की जानकारी भी दी जाएगी।कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा। सभी छात्र-छात्राएं समय पर उपस्थित होकर लाभ उठाएं।

### जनजातीय सशक्तिकरण के लिए सिमडेगा में 'धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान' शुरू

**सिमडेगा।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा जनजातीय समुदायों के सर्वांगीण सशक्तिकरण के लिए "धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान" की शुरुआत की गई है। इसका उद्देश्य जनजातीय बहुल गांवों में निवासरत वंचित जनजातीय परिवारों को चिन्हित कर उन्हें केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाना है ताकि उनका समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।सिमडेगा जिले में यह अभियान उपायुक्त कंचन सिंह के नेतृत्व में 16 जून से 28 जून 2025 तक "जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविरों" के माध्यम से चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को बांसजोर एवं जलडेगा प्रखंडों में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया।शिविरों में जनजातीय समुदायों के लोगों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि, जनधन योजना, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना, मातृ वंदना योजना, विश्वकर्मा योजना, सिकल सेल मिशन, नेशनल डायलिसिस कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन मिशन जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई।

### सिमडेगा में युवा कांग्रेस की प्रमंडल स्तरीय बैठक संपन्न, संगठन सशक्तिकरण पर जोर

**सिमडेगा।** बुधवार को सिमडेगा जिला परिषदन भवन में झारखण्ड प्रदेश युवा कांग्रेस की प्रमण्डल स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सिमडेगा युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष चन्दन कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि झारखण्ड युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिजित राज सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत संगठन मजबूती पर विशेष चर्चा की गई साथ ही इच्छुक कार्यकर्ता को उनके कार्य क्षमता के अनुसार पार्टी में जगह देने और पार्टी विचारधारा को गाँव के अंतिम छोर तक पहुंचाते हुए सरकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार करते हुये झारखण्ड वासियों को ज्यादा से ज्यादा लाभवांवित करने की भी बात कही गई। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष चंदन कुमार सिंह, प्रभारी सह भारत यात्री दीनबंधु बोयपोई, झारखण्ड राज्य युवा आयोग सदस्य विशाल अंबर तिर्की, झारखण्ड प्रदेश सचिव वेद प्रकाश मिश्रा, झारखण्ड युवा कांग्रेस सचिव कुणाल कच्छप, खूंटी जिलाध्यक्ष अरुण सांगा, प्रदेश युवा सचिव वारिस रजा, संदीप कुमार, सुरेश सेवइया, अमीत कु साहु, राहुल किण्डो, दीपक कुमार, सोनल लकड़ा, आदि उपस्थित हुए।

### बानो में शुरू हुई 64वीं सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता

**बानो।** प्रखंड स्तरीय 64वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को कुमार संतोषनाथ शाहदेव विद्यालय, जराकेल बानो मैदान में हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन बानो के प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री नईमुद्दीन अंसारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में खेल में कैरियर की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।मुख्य अतिथि ने उद्घाटन मैच से पूर्व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें खेल के लिए शुभकामनाएं दीं। लगातार हो रही बारिश के बावजूद मैदान में खिलाड़ियों और शिक्षकों का उत्साह देखने लायक था, जिसे देख श्री अंसारी ने सभी को बधाई दी।प्रतियोगिता के अंतर्गत बालक वर्ग (अंडर-15) का फाइनल मुकाबला एस एस +2 उच्च विद्यालय बानो और उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय कोनसोदे के बीच खेला गया, जिसमें एस एस +2 उच्च विद्यालय बानो की टीम ने 1-0 से विजय प्राप्त की। वहीं अंडर-17 बालक वर्ग के फाइनल में एस एस +2 उच्च विद्यालय ने गवर्नमेंट अपग्रेड +2 उच्च विद्यालय कोनसोदे को 2-0 से हराया। अंडर-17 बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बानो की टीम विजेता बनी।इस आयोजन में कई गणमान्य अतिथि, शिक्षक, खेल प्रेमी एवं इसके अलावा बीपीएम विकास शरण, मुकेश साहू, गोपाल डांग, प्रेमकिशोर नायक, हीरालाल साहू, घनश्याम साहू, अनासतासिया मिंज, संदीप कुमार सिंह, सहित अन्य गणमान्य उपस्थित हुए।

### धनबाद में बिचौलियों की चल रही मनमानी

# सरकारी अस्पताल में रेफर मरीज को प्राइवेट हॉस्पिटल में करवा दिया भर्ती, कार्रवाई की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

झारखंड सरकार गरीब तबके के लोगों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने का दावा करती है. स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार के उठाए गए कदम सराहनीय हैं, लेकिन बिचौलियों के कारण गरीब तबके के लोग निजी अस्पताल में इलाज कराने को मजबूर हैं. ऐसा ही एक मामला गिरिडीह जिले में रहने वाले राजेश हेंब्रम के साथ पेश आया है. दरअसल, राजेश हेंब्रम गिरिडीह जिले के गांडेय थाना क्षेत्र के बेलाटांड़ के रहने वाले हैं. उनका वाहन से गिरने के कारण पैर टूट गया था. पीड़ित राजेश ने बताया कि वह इलाज के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल गए थे. बाद में डॉक्टर ने उन्हें धनबाद के एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया, जिसके बाद वह एक निजी एंबुलेंस से धनबाद के एसएनएमएमसीएच के लिए निकले लेकिन एंबुलेंस चालक ने उन्हें एसएनएमएमसीएच के बजाय, निजी जेपी हॉस्पिटल ले जाकर भर्ती करा दिया. इस दौरान उनसे करीब 54 हजार रुपए बतौर इलाज के लिए जमा कराने को कहा गया, जिस पर पीड़ित राजेश के पिता ने कहा कि हमारे पास इतने पैसे नहीं हैं. जिसके बाद हमने निजी अस्पताल से छुट्टी कराने को कहा लेकिन वह पैसे की मांग करते रहे.

**निजी अस्पताल की मनमानी पर लगे लगाम : राजेश**

राजेश के परिजनों ने मीडिया की धमकी दी तो निजी अस्पताल ने 22 हजार रुपए लेकर मरीज को डिस्चार्ज कर दिया. उन्होंने आगे बताया कि 22 हजार रुपए ऑनलाइन पेमेंट किया है. निजी अस्पताल में आधा अधूरा इलाज किया गया है. जिसके बाद फिर धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल पहुंचे. राजेश ने अपील करते हुए कहा कि सरकार को ऐसे अस्पतालों और बिचौलियों पर अंकुश लगाने की जरूरत है, ताकि गरीब वर्ग लुटने से बच सके. इस मामले पर राजेश हेंब्रम के पिता जीवन हेंब्रम ने बताया कि गिरिडीह सदर अस्पताल से एसएनएमएमसीएच रेफर किया गया था, लेकिन हम नहीं जानते हैं कि एसएनएमएमसीएच कहां हैं? एंबुलेंस चालक ने जेपी हॉस्पिटल ले जाकर भर्ती कर दिया. उन्होंने गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से ऐसे बिचौलियों और अस्पताल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है.

### सर्विस रोड़ को लोगों ने बना दिया डंपयार्ड

## आवागमन में हो रही परेशानी प्रशासन ने लिया संज्ञान



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

थाना क्षेत्र के कोनहारा खुर्द स्थित जीटी रोड पर बने सर्वीस रोड़ को कुछ लोगों ने डंप यार्ड बना दिया। जिससे लोगों को आने जाने में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं लोगों की शिकायत पर थाना प्रभारी गौतम उरांव, अंचल निरीक्षक सुरेन्द्र पासवान, अंचल अमीन अजमल अंसारी ने उक्त स्थल का निरीक्षण कर लोगों से रोड़ पर रखे ईंट, बालू और गिट्टी को हटाने का निर्देश दिया। विदित हो कोनहारा खुर्द जीटी रोड पर अंडरपास का कार्य प्रगति पर है। और भारी वाहनों को गुजरने के लिए बाई लेन रोड के साथ साथ सर्वीस रोड़ बनाया गया है। जिसपर कोनहारा खुर्द के कुछ लोगों ने घर बनाने के लिए ईंट, बालू और गिट्टी को सर्वीस रोड़ पर ही स्टाक कर दिया गया है। जिससे राहगीरों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं प्रशासन की ओर अतिशीघ्र हटाने का निर्देश दिया गया। ताकि लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो।

## न्यूज बॉक्स

### हजारीबाग जिले में 19 जून 2025 को कक्षा 8 तक के सभी विद्यालय रहेंगे बंद

हजारीबाग। मौसम विज्ञान केंद्र, बिरसा मुंडा विमानपत्तन, रांची द्वारा 17 जून 2025 को जारी विशेष बुलेटिन एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड सरकार की सलाह के आलोक में हजारीबाग जिला Red Zone के अंतर्गत चिह्नित किया गया है। इसे ध्यान में रखते हुए Disaster Management Act 2005 की धारा 34 के तहत उपायुक्त, हजारीबाग द्वारा आदेश निर्गत किया गया है कि जिले के सभी सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक विद्यालय सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में कक्षा 8 तक की पठन-पाठन गतिविधियां दिनांक 19 जून 2025 तक स्थगित रहेंगी।यह निर्णय विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य/प्रमुख शिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे उक्त अवधि में विद्यालय बंद रखने के आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। यह आदेश सभी संबंधित शिक्षा पदाधिकारियों, क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारियों, विद्यालय निरीक्षकों, नगर शिक्षा पदाधिकारियों, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित कर दिया गया है।

### दामोदर और भैरवी नदी का जलस्तर बढ़ा रजरप्पा मंदिर के पास दुकानों तक पहुंचा



**रामगढ़।** जिले में लगातार हो रही बारिश से रजरप्पा स्थित दामोदर और भैरवी नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है. भैरवी नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण भैरवी नदी के किनारे स्थित कुछ दुकानों तक नदी का पानी पहुंच गया है. इस बारिश ने लोगों का चल दोभर कर दिया है। जहां सड़कें गड्ढे हैं वहां पूरी तरह पानी भर गया है, जिससे यात्रियों को चलना मुश्किल हो गया है। पानी भरने दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। लगातार बारिश होने से दिहाड़ी मजदूरों का काम पूरी तरह ठप हो गया है। मजदूरों का कहना है कि अगर इसी तरह एक दो और रहा तो हमलोंगों को खाने पर भी आफत आ जाएगा। इधर दुकानदारों का कहना है की बारिश ने हमलोगों की बिक्री काफी कम कर दी है और ग्राहकों का आना भी काफी कम हो गया है।

### चितरपुर प्रखंड में जेंडर रिसोर्स सेंटर के सलाहकार समिति का किया गया गठन



**रामगढ़।** बुधवार को प्रखण्ड सभागार चितरपुर में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में जीआरसी सलाहकार समिति का गठन किया गया। जीआरसी सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रखण्ड विकास पदाधिकारी दीपक मिंज होंगे। जबकि प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक लुकेश्वर साव संयोजक के रूप में कार्य करेंगे। इसके अलावा, प्रखण्ड प्रमुख, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, डीएलएसए प्रतिनिधि, पुलिस थाना प्रभारी, प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी,एनजीओ /सीएसओ प्रतिनिधि, डीआरपी जेएसएलपीएस और प्रखण्ड के सभी संकुल संगठन से दो प्रतिनिधि सदस्य के रूप में शामिल होंगे। समिति जेंडर संबंधी मुद्दों पर चर्चा करने, नीतियों और कार्यक्रमों को विकसित करने, और जेंडर समानता को बढ़ावा देने के लिए काम करेगी। यह सलाहकार समिति प्रखण्ड के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और जेंडर समानता को बढ़ावा देने में मदद करेगी। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए और समिति के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपक मिंज, जिला प्रबंधक (सामाजिक विकास) सौरभ प्रसाद, प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक लुकेश्वर साव, थाना प्रभारी प्रतिनिधि - अशोक कुमार सिंह , आश्रेंद्र कुमार - क्षेत्रीय कोऑर्डिनेटर (प्रदान), लक्ष्मी कच्छप - स्वास्थ्य विभाग, संकुल प्रतिनिधि सबिता कुमारी, रेखा देवी, सुनीता राज मेहता , सेवंती देवी, जेंडर सीआरपी कुमारी अर्चना, बेबी कुमारी पुष्पा कुमारी, रूबी कुमारी, रजिया खातून, मंजू देवी, पियशो कुमारी, प्रतिमा कुमारी, सुमित्रा देवी और अन्य जीआरसी सलाहकार समिति के सदस्यगण उपस्थित हुए।

### उपायुक्त ने की मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की कार्य प्रगति की समीक्षा

# योग्य लाभुकों को योजना का लाभ देने के लिए कार्रवाई सुनिश्चित करें

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



समाहरणालय सभागार में उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में बुधवार को कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सर्वप्रथम जिला कल्याण पदाधिकारी से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत गिरिडीह जिले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के लाभुकों को दिए जा रहे लाभ की जानकारी ली। इस संबंध में हो रहे कार्यों की जानकारी देने के उपरांत जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में योजना का लाभ लेने के उद्देश्य से कुल 140 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसके पश्चात बैठक में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुदान राशि के लिए प्राप्त आवेदनों को प्रस्तुत किया गया। आवेदनों की समीक्षा के उपरांत कुल 133 आवेदनों का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को योजना का लाभ देने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। झारखंड कल्याण विभाग की ओर से सरकार अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्गों को बीमारी में आर्थिक सहायता प्रदान करती है। इसके लिए विभाग चिकित्सा सहायता योजना चला रही है। योजना के तहत किसी तरह की बीमारी या सर्जरी होने पर या कैंसर के इलाज के लिए आर्थिक सहायता देने का प्रावधान है। अब सरकार ने इसमें संशोधन करते हुए इसमें कोविड होने पर भी लाभ देने का प्रावधान शुरू किया है।

**● आवेदनों की समीक्षा के उपरांत कुल 133 आवेदनों का अनुमोदन किया गया**

अगर आप अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग में आते हैं और आपको कोविड हुआ है या हुआ था या आप होम आइसोलेशन में थे, तो सरकार आपको 2500 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक की आर्थिक सहायता देगी वहीं अब इस योजना का नाम बदलकर मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता कर दिया गया है। 18 से अधिक उम्र वालों को बीमारी के 7 दिन से अधिक होने पर 3000 से 5000 रुपये, कोविड के लिए 5000 रुपये से लेकर 10,000 रुपये की सहायता और कैंसर होने पर लगभग 25,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जायेगी।

### रक्तदान शिविर में 14 यूनिट रक्त संग्रह किया गया



**गांडेय,गिरिडीह।** गिरिडीह उपायुक्त के निर्देश पर गांडेय प्रखंड परिसर में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर का शुरुआत प्रमुख राजकुमार पाठक,बीडीओ निशांत अंजुम,चिकित्सा प्रभारी अबु कासिफ हसन,रक्त कोष प्रभारी सोहेल अख्तर ने सयुक्त रूप से किया। रक्तदा न शिविर में कुल 14 यूनिट रक्त संग्रह किया गया उक्त शिविर में डोंकीडीह पंचायत की मुखिया अकबर अंसारी,अनिल बेसरा, सी एच ओ आकाश रूपम सहित 14 लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर लैब टैक्नीशियन शंत कुमार , रंधीर कुमार , आशीष कुमार, शिव नारायण मंडल, रमेश मुर्मू सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

### पचंबा थाना क्षेत्र से दो युवक हथियार के साथ गिरफ्तार




**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस द्वारा पचम्बा थाना क्षेत्र के पेसराबहियार गांव से दो युवकों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। इस बाबत एसपी डॉ. विमल कुमार ने बुधवार को एक प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि दोनों युवक टोटो में सवार होकर राहगीरों को धमका रहे थे और लूट की फिराक में थे। गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी कौशर अली के नेतृत्व में छापेमारी की गई। पुलिस को देख युवक भागने लगे, लेकिन सशस्त्र बलों की मदद से उन्हें पकड़ लिया गया। गिरफ्तार युवकों की पहचान जाहिद अंसारी (आजाद नगर) और अनिकेत तांती (झरिया गादी) के रूप में हुई। जाहिद के पास लोडेड देसी कट्टा और कारतूस, वहीं अनिकेत के पास एक जिंदा गोली मिली। दोनों के पास इसके वैध कागजात नहीं थे। मामले में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

### गावां में नशामुक्ति को लेकर बीडीओ ने दिलाई शपथ

**गावां गिरिडीह।** 10 से 26 जून तक चलाए जा रहे राज्यव्यापी निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को प्रखंड कार्यालय गावां के सभागार में नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बीडीओ महेंद्र रविदास ने प्रखंड कर्मियों और कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। मौके पर बीडीओ ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नहीं, बल्कि उसके भविष्य, परिवार और समाज को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और नशामुक्त समाज निर्माण में सहयोग करें।

## कार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत



**रामगढ़।** नईसराय में 18 जो को एक सड़क दुघर्टना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। अतिकुर रहमान के पिता मोहम्मद मुस्तकीम नईसराय अस्पताल में भर्ती है । उन्ही का खाना लेकर अतिकुर रहमान खाना लाने गए थे। उसी क्रम में वहां से गुजर रही एक कार की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर अवस्था में उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई।

### प्रखण्ड दारू में आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन

**हजारीबाग।** बिरसा हरित ग्राम योजना( मनरेगा )के तहत प्रखण्ड स्तरीय आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन इरगा पंचायत भवन में किया गया। बागवानी मेला का उदघाटन उप विकास आयुक्त हज़ारीबाग इश्तियाक अहमद द्वारा किया गया। इस दौरान परियोजना पदाधिकारी मनरेगा प्रभात रंजन, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मो हारून रशीद, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी राजीव आनंद उपस्थित थे।बागवानी मेला में प्रखण्ड के सभी पंचायत के लाभुक के द्वारा आम की प्रदर्शनी लगायी गयी।मिले के आयोजन के सन्दर्भ में कार्यक्रम पदाधिकारी राजीव आनंद ने बागवानी के उद्देश्य से लोगो को अवगत कराया.उप विकास आयुक्त ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए अधिक से अधिक बागवानी की योजनाओं को लेने तथा आर्थिक लाभ के बारे में विस्तार से बताया।परियोजना पदाधिकारी प्रभात रंजन ने आम बागवानी के तकनीकी पहलु की जानकारी प्रदान की। मौके पर अतिथि के द्वारा स्टाल का निरिक्षण किया गया।

## सीपीआई का आज से विद्युत महा प्रबंधक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन रद्द

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



बिजली की बदहाल स्थिति को लेकर दिनेश कुमार सिंह महाप्रबंधक-सह-मुख्य अभियन्ता विद्युत आपूर्ति क्षेत्र, हजारीबाग से बुधवार को महाप्रबंधक कार्यालय में मुलाकात कर बिजली की बदहाल स्थिति में सुधार को लेकर वार्ता किया जिसमें सकारात्मक पहल की बात की गई और महाप्रबंधक के द्वारा आश्वस्त किया गया कि दो से तीन दिनों में नियमित रूप से 18 से 20 घंटा बिजली आपूर्ति की जाएगी। आश्वासन मिलने के बाद सीपीआई द्वारा आगामी 19 जून को प्रायोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को रद्द किया जाता है। उक्त बातें झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं सीपीआई के वरिष्ठ नेता सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा। उन्होंने कहा कि हजारीबाग वासियों की विद्युत संबंधित समस्या को लेकर लगातार आवाज बुलंद किया जा रहा है।

### उत्क्रमित मवि में पुस्तक व बैग का हुआ वितरण

**गिरीडीह।** कक्षा एक से कक्षा आठ तक के 200 छात्र-छात्राओं के बीच पुस्तक एवं वैग का वितरण लोहेडीह मुखिया अर्जुन महतो एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया।मुखिया ने बच्चों को पढ़ाई के महत्व के बारे में समझाते हुए कहा कि विद्या एक ऐसा धन है जिसे ना कोई बांट सकता है और ना कोई चुरा सकता है।उन्होंने बच्चों से प्रतिदिन समय पर विद्यालय आने एवं अनुशासनात्मक तरीके से अपनी पढ़ाई करने के लिए कहा।इस दौरान वार्ड सदस्य पोखन महतो,नकुल महतो,विनोद कुमार,धनेश्वर महतो प्रधानाध्यापक कमल किशोर महतो शिक्षक प्रयाग महतो,ऐनुल अंसारी,गीता देवी एसएमसी अध्यक्ष भुनेश्वरी देवी संयोजिका कुंती कुमारी आदि उपस्थित थे।


**Office of Executive Engineer**
**Rural Development Special Division , Ramgarh**
2nd Floor, Block "B", Collectorate Ramgarh, Chatarmandu, Ramgarh- 829122
Email: rdsdramgarh@rediffmail.com, website: www.ramgarh.nic.in
**Tender Reference No: - RE-03/EOI-01/RDSD/RAMGARH/2025-26(4th Call)**
**Date:- 18.06.2025**
**-: Short Tender Notice :-**

| Sl. No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Library in Panchayat Bhawan (02 Unit) Location of the Project Area Gram Panchayat Hariharpur & Pali in Patratu Block, Dist - Ramgarh Under Rurban Scheme |
| 2 | cost of Bid | Rs.- 461000/- |
| 3 | Period of Work | 01 Month |
| 4 | Date of Publication of Bid on website | Date – 21.06.2025 |
| 5 | Tender Cost | Rs. 5000.00 in the form of DD in favour of Executive Engineer, Rural Development Special Division , Ramgarh |
| 6 | Earnest Money to be Deposited (EMD) | Rs. 47000.00 in the form of TD/NSC/FD (Valid for at least 01 Years from the last date of submission of the bid) duly pledged in the favour of Executive Engineer Rural Development Special Division , Ramgarh. |
| 7 | Last date and time of receipt of Bid | Date : 11.07.2025 Time : 01:00 PM |
| 8 | Date and time of opening of Bid | Date : 11.07.2025 Time : 03:00 PM |
| 9 | Bid submission Place | Office of Executive Engineer, Rural Development Special Division, Ramgarh, "B" Block, 2nd Floor, Collectorate Ramgarh, Chhattarmandu, Ramgarh-829122 |
| 10 | Bid Opening Place | Office of Executive Engineer, Rural Development Special Division, Ramgarh, "B" Block, 2nd Floor, Collectorate Ramgarh, Chhattarmandu, Ramgarh-829122 |

PR 355398 Rural Work Department(25-26)D
**Office of Executive Engineer Rural Development Special Division, Ramgarh**


**आयोजन**

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन 21 जून को अग्रसेन भवन में,तैयारियां जोरों पर

# योग भारत की अमूल्य धरोहर, इसे जन-जन तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी : चंद्र प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन बड़े ही उत्साह और व्यापक सहभागिता के साथ किया जाएगा। यह आयोजन मालवीय मार्ग स्थित अग्रसेन भवन सभागार में सुबह 6 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से कई लोगों की भागीदारी अपेक्षित है। इसी को लेकर मंगलवार को संस्था की एक विशेष बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने की। बैठक की शुरुआत अहमदाबाद विमान हादसे में दिवंगत लोगों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की गई। इसके पश्चात बैठक में आगामी योग दिवस आयोजन को लेकर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श हुआ और तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। इस योग शिविर में भाग लेने वालों को उम्र के आधार पर चार वर्गों में विभाजित किया गया है, जिसमें 6 वर्ष से 15 वर्ष, 16 वर्ष से 30 वर्ष, 31 वर्ष से 50 वर्ष एवं 51 वर्ष से ऊपर के सभी स्वस्थ व्यक्ति शामिल हैं। आयोजन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को संस्था की ओर से सम्मानित भी किया जाएगा। नामांकन पूर्णतः निशुल्क रखा गया है, ताकि समाज के हर वर्ग के लोग इसमें भाग ले सकें। इच्छुक प्रतिभागी 20 जून की संध्या 5 बजे तक प्रमोद खण्डेलवाल (मो. 8210591950) एवं विवेक तिवारी (मो. 7889781439) से संपर्क कर अपना नाम दर्ज कर सकते हैं। संस्था के द्वारा इस वर्ष कार्यक्रम संयोजक के रूप में विकास केसरी एवं रोहित बजाज को नियुक्त किया गया है। दोनों संयोजक पूर्व में भी संस्था के विभिन्न आयोजनों में अपनी सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं और अपनी दूरदर्शिता, कर्मठता एवं अनुभव से कार्यक्रम को सफल बनाने की दिशा में जुटे हुए हैं। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मा और शरीर के बीच संतुलन का माध्यम है। भारत की इस अनमोल परंपरा को जन-जन तक पहुँचाना हम सबका कर्तव्य है। योग दिवस के इस आयोजन के माध्यम से हम न केवल समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना चाहते हैं, बल्कि युवाओं और बच्चों को सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा भी देना चाहते हैं। कार्यक्रम संयोजक विकास केसरी ने जानकारी देते हुए कहा कि यह आयोजन सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का एक माध्यम है। वहीं संयोजक रोहित बजाज ने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग द्वारा किया जा रहा यह आयोजन केवल एक दिन की गतिविधि न होकर एक जीवनशैली को अपनाने की दिशा में एक संगठित प्रयास है। हजारीबाग यूथ विंग के इस प्रयास को लेकर समाज के विभिन्न वर्गों में उत्साह देखा जा रहा है। और संस्था सभी लोगों से आग्रह करती है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस आयोजन में भाग लें और स्वस्थ जीवन की दिशा में एक सशक्त कदम बढ़ाएं।

**● योग दिवस के इस आयोजन के माध्यम से हम न केवल समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना चाहते हैं, बल्कि युवाओं और बच्चों को सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा भी देना चाहते हैं**

सुप्रभात

विचार प्रवाह

अनेक व्यक्ति अपनी भूलों की तो अनदेखी करते रहते हैं लेकिन दूसरे व्यक्तियों को बड़ी कठोरता से परखते हैं। हमें इस दृष्टिकोण को पलट कर दूसरों की कमियों को अनदेखा करके अपनी त्रुटियों की कठोरतापूर्वक जाँच करनी चाहिए। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# परमाणु हथियार या साम्राज्य

इस्राइल ने बीते 13 जून को 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' के तहत ईरान पर हवाई हमला किया और नतांज, इस्फहान और फरादो जैसी न्यूक्लियर साइट्स को निशाना बनाने के साथ-साथ ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के प्रमुख सहित कई सैन्य कमांडरों व परमाणु वैज्ञानिकों को मार दिया। जवाबी कार्रवाई में ईरान ने 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 3' लांच किया और इस्राइल पर 150 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें तथा 100 से अधिक ड्रोन दागे। दोनों देशों के बीच भीषण संघर्ष अब भी जारी है। जिस तरह से ईरान व इस्राइल के शीर्ष नेतृत्व की तरफ से बयान आ रहे हैं, उससे लगता है कि यह संघर्ष अभी रुकने वाला नहीं है। अब प्रश्न यह उठता है कि क्या यह संघर्ष रोका नहीं जा सकता था? क्या इसे पश्चिम एशिया में एक नए युद्ध की शुरुआत माना जाए? एक प्रश्न और, क्या यह समय युद्ध का है? स्पष्टतया नहीं, फिर भी दोनों देश युद्ध की तरफ बढ़ रहे हैं। अगर कुछ विदेशी, खासकर अमेरिकी अखबारों पर नजर डालें, तो कुछ दिन पहले से ही यह संकेत मिलने लगे थे कि इस्राइल ईरान पर हमला करने वाला है। अमेरिकी प्रशासन को नेतन्याहू की मंशा पता थी, इसके बावजूद हमला हुआ है, तो इसके निहितार्थ भी होंगे। वैसे नेतन्याहू अमेरिका से किसी निर्णय के लिए सलाह या अनुमति नहीं लेते, बल्कि उसे सूचना देते हैं, क्योंकि इस्राइल की सुरक्षा व सहयोग अमेरिका का दायित्व है। अमेरिका के पास इस्राइल का कोई विकल्प नहीं है। दूसरे शब्दों में कहें, तो अमेरिका को यदि पश्चिम एशिया में अपने हितों की रक्षा करनी है, तो उसे इस्राइल का सहयोग करना ही होगा। सवाल उठता है कि वह संस्था कहां है, जिसे 1945 में वैश्विक शांति के उद्देश्य से स्थापित किया गया था। संयुक्त राष्ट्र हमेशा गहरी नींद में दिखता है। शांति की पहल करने वाला अंतरराष्ट्रीय समुदाय भी कहीं नहीं दिखता। नेतन्याहू 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' को उचित ठहरा रहे हैं, तो ईरान अपने 'ऑपरशन ट्रू प्रॉमिस 3' को। क्या यही 21वीं सदी की विशेषता होनी चाहिए? क्या अब समझौते और संधियों की कोई महत्ता नहीं रह गई? क्या यह बढ़ते कट्टर राष्ट्रवाद का परिणाम है या हथियारों के ढेर पर बैठी दुनिया का शगल है, जहां सब कुछ लड़ाई से हासिल होने का दंभ पाल लिया गया है? इस्राइल कह सकता है कि ईरान ने इतने बड़े पैमाने पर यूरेनियम संवर्धन कर लिया है कि उससे इस्राइल के लिए चिंताजनक हालात निर्मित हो गए हैं। इसलिए ईरान को रोकने के लिए कठोर कदम उठाना जरूरी था। इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) ने अपने 12 जून के वक्तव्य में कहा कि ईरान अपने परमाणु अप्रसार दायित्वों का उल्लंघन कर रहा है। इसी आधार पर रैज जिमिट, जो इस्राइली खुफिया विश्लेषक और आईएनएसएस थिंक टैंक में ईरान कार्यक्रम के निदेशक हैं, ने यह निष्कर्ष निकाला कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम अब 'क्रॉस रोड्स' (चौराहे) पर पहुंच चुका है। इससे पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी सैन्य परिवारों को वह क्षेत्र छोड़ने की अनुमति प्रदान की थी। इस अनुमति में यह तथ्य छिपा हुआ था कि वहां जल्द ही कुछ बड़ा होने वाला है। जैसे बड़ा संघर्ष अथवा युद्ध। क्षेत्र के कई राजनयिकों ने अमेरिकी बलों की वापसी को वार्ता से पहले दबाव बनाने की एक रणनीति के रूप में देखा, न कि तत्काल किसी सैन्य कार्रवाई के संकेत के रूप में। आईएईए भी यह मान चुकी है कि ईरान ने 60 प्रतिशत तक यूरेनियम संवर्धन में सफलता हासिल कर ली है, इसलिए वह परमाणु बम बनाने के बहुत करीब पहुंच गया है।

*अमेरिकी प्रशासन को नेतन्याहू की मंशा पता थी, इसके बावजूद हमला हुआ है, तो इसके निहितार्थ भी होंग।*

# अंतरिक्ष में भारत की खगोलीय यात्रा के 11 वर्ष



केरल के थुंबा में मछली पकड़ने वाले शांत गाँव के चर्चयार्ड से साउंडिंग रॉकेट के प्रक्षेपण के साथ शुरू हुई भारत की अंतरिक्ष यात्रा के बारे में शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि एक दिन देश कितनी ऊँचाईयों को छूएगा। यह समय दृढ़ संकल्प का था, जब सितारों तक पहुँचने का सपना सीमित साधनों, लेकिन असीम महत्वाकांक्षा के साथ परवान चढ़ा। आज, वह सपना विकसित होकर एक राष्ट्रीय मिशन का रूप अख्तियार कर चुका है, और जब हम नरेन्द्र मोदी सरकार के ग्यारह वर्षों को चिन्हित कर रहे हैं, तो भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में आमूल-चूल बदलाव आ चुका है – यह साहसपूर्ण, समावेशी और आम नागरिकों के जीवन से गहराई से संबद्ध है। यह परिवर्तन केवल रॉकेट और उपग्रहों से ही संबंधित नहीं है, अपितु यह लोगों के बारे में है। यह दर्शाता है कि दूरदराज के गाँव के किसान से लेकर डिजिटल कक्षा के छात्र तक, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी किस प्रकार रोजमर्रा की जिंदगी की लय में खामोशी से शामिल हो चुकी है ।

प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और अंतरिक्ष विभाग के रणनीतिक नेतृत्व में, भारत ने विकास, सशक्तिकरण और अवसर के उपकरण के रूप में अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम की नए सिरे से परिकल्पना की है।

साल 2014 से शुरू किए गए सुधारों ने नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। 2020 में इन-स्पेस की स्थापना ने निजी कंपनियों को अंतरिक्ष गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान किया, जिससे नवाचार की लहर उठी। आज, 300 से अधिक अंतरिक्ष-प्रौद्योगिकी स्टार्टअप उपग्रह बना रहे हैं, प्रक्षेपण वाहन डिजाइन कर रहे हैं तथा कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और नेविगेशन के क्षेत्र में सेवाएं देने वाले अनुप्रयोग विकसित कर रहे हैं। ये स्टार्टअप केवल प्रौद्योगिकी ही सृजित नहीं कर रहे हैं - वे खासकर टियर 2 और टियर 3 शहरों में युवा इंजीनियरों और उद्यमियों के लिए रोजगार के अवसरों का भी सृजन कर रहे हैं। उदारीकृत अंतरिक्ष नीति ने अंतरिक्ष सेवाओं को अधिक किफायती और सुलभ बना दिया है, जिससे उन्नत प्रौद्योगिकी का लाभ जमीनी स्तर पर पहुंच रहा है।

भारत के उपग्रह अब मौसम पूर्वानुमान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनकी बदौलत किसानों को अपनी बुवाई और कटाई के चक्रों की योजना अधिक सटीकता से बनाने में मदद मिलती है। बाढ़-ग्रस्त क्षेत्रों में, उपग्रह डेटा प्रारंभिक चेतावनी और आपदा प्रतिक्रिया को सक्षम बनाता है, जिससे जीवन और आजीविका की रक्षा होती है। चक्रवातों और सूखे के दौरान रिमोट सेंसिंग के कारण अधिकारियों को तैयार रहने और नुकसान को कम करने में मदद मिलती है। ग्रामीण क्लीनिकों में, उपग्रह कनेक्टिविटी द्वारा संचालित टेलीमेडिसिन की बदौलत शहरी केंद्रों के डॉक्टरों द्वारा दूरदराज के क्षेत्रों में रोगियों को परामर्श मुमकिन हो पाता है, जिससे स्वास्थ्य सेवा से संबंधित खाई पाटना संभव होता है। सैटेलाइट बैंडविड्थ द्वारा समर्थित ई-लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म यह सुनिश्चित करते हुए कि भूगोल अब सीखने में बाधा नहीं रहा है, दूर-दराज के गाँवों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हैं। भारत के स्वदेशी जीपीएस नेटवर्क-नाविक प्रणाली का इस्तेमाल अब वाहनों में नेविगेशन, ट्रेनों और जहाजों पर नज़र रखने और मछुआरों को किनारे पर सुरक्षित वापस लाने के लिए किया जाता है। कृषि में, उपग्रह परामर्श से किसानों को मिट्टी की नमी, फसल की सेहत और कीटों के संक्रमण की निगरानी करने में मदद मिलती है, जिससे उचित निर्णय लेने और बेहतर पैदावार प्राप्त करने में मदद मिलती है। ये काल्पनिक लाभ नहीं हैं, बल्कि - ये लाखों लोगों के जीवन में आया वास्तविक, उल्लेखनीय सुधार हैं। बीते दशक में शुरू किए गए मिशनों ने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है।

मंगलयान भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता प्रदर्शित करते हुए अपने पहले ही प्रयास में मंगल पर पहुँच गया। चंद्रयान-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट उतरा, ऐसा क्षेत्र जहां बर्फ होने का अनुमान है, और इसके रोवर ने ऐसे प्रयोग किए जो भविष्य के चंद्र मिशनों को जानकारी प्रदान करेंगे। आदित्य-एल1 अब सौर तूफानों का अध्ययन कर रहा है, जिससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष के मौसम तथा संचार प्रणालियों और बिजली ग्रिड पर इसके प्रभाव को समझने में मदद मिल रही है। साल 2027 के लिए निर्धारित गगनयान मिशन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजेगा।

लेकिन चालक दल की उड़ान से पहले ही, यह मिशन नई पीढ़ी को प्रेरित कर रहा है। अंतरिक्ष यात्रियों का प्रशिक्षण, सुरक्षा प्रणालियों का विकास और चालक दल रहित परीक्षण उड़ानें व्यापक प्रभाव उत्पन्न कर रही हैं - अनुसंधान को बढ़ावा दे रही हैं, प्रतिभाओं को आकर्षित कर रही हैं और राष्ट्रीय गौरव का निर्माण कर रही हैं। भविष्य पर गौर करते हुए, भारत 2035 तक अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन- भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन- बनाने की योजना बना रहा है। पहला मॉड्यूल 2028 में लॉन्च होने की उम्मीद है, और अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग की हाल की सफलता ने इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य के लिए आवश्यक तकनीकों की पुष्टि की है। यह स्टेशन दीर्घकालिक निवास और अनुसंधान का अवसर देगा, जिससे गहन अंतरिक्ष अन्वेषण और अंतरग्रहीय मिशनों के लिए द्वार खुलेंगे। इन बढ़ती महत्वाकांक्षाओं में सहायता देने के लिए, भारत अगली पीढ़ी के प्रक्षेपण यान (एनजीएलवी) का विकास कर रहा है, जो पृथ्वी की निचली कक्षा में 30,000 किलोग्राम वजन ले जाने में सक्षम है। इसमें पुनः प्रयोज्य चरण और मॉड्यूलर प्रणोदन प्रणाली होगी, जिससे अंतरिक्ष तक पहुँच अधिक किफायती और टिकाऊ हो जाएगी। लॉन्च की बढ़ती बारंबारता को संभालने और वाणिज्यिक मिशनों की सहायता करने के लिए श्रीहरिकोटा में एक तीसरा लॉन्च पैड और तमिलनाडु में एक नया स्पेसपोर्ट बनाया जा रहा है।

भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम बेहद सहयोगपूर्ण भी है। नासा के साथ निसार मिशन पृथ्वी के पारिस्थितिकी तंत्र और प्राकृतिक खतरों की निगरानी करेगा। जापान के साथ लूपेक्स मिशन भारी रोवर के साथ चंद्रमा के ध्रुवीय क्षेत्रों का पता लगाएगा। ये साझेदारियां एक विश्वसनीय वैश्विक अंतरिक्ष भागीदार के रूप में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाती हैं।

लेकिन अंतरिक्ष सिर्फ़ अन्वेषण के बारे में नहीं है - यह ज़िम्मेदारी के बारे में भी है। हज़ारों उपग्रहों के पृथ्वी की परिक्रमा करने के कारण अंतरिक्ष मलबा एक गंभीर चिंता का विषय बन गया है। इसरो का अंतरिक्ष परिस्थिति जागरूकता कार्यक्रम मलबे की रियल-टाइम निगरानी करता है, टक्कर होने से बचने और अंतरिक्ष गतिविधियों की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए रणनीति विकसित करता है। देश के कोने-कोने में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का प्रभाव दिखाई दे रहा है।हिमालयी राज्यों में, उपग्रह डेटा भूस्खलन और हिमनदों की गतिविधियों की निगरानी में मदद करता है। तटीय क्षेत्रों में, यह समुद्री संरक्षण और आपदा की तैयारी में सहायता करता है। जनजातीय और दूरदराज के क्षेत्रों में, यह उपग्रह इंटरनेट के माध्यम से डिजिटल समावेशन को सक्षम बनाता है। खामोशी से हो रही ये क्रांतियाँ - परिवर्तन हैं, जो बिना किसी दिखावे के जीवन को प्रभावित करते हैं।

हम अगले दशक पर गौर करें, तो लक्ष्य स्पष्ट हैं: 2040 तक चालक दल के साथ चंद्रमा पर उतरना, पूरी तरह से चालू अंतरिक्ष स्टेशन, और वैश्विक अंतरिक्ष नवाचार में नेतृत्व की भूमिका। ये केवल सपने नहीं हैं - ये ऐसे राष्ट्र के लिए रणनीतिक अनिवार्यताएँ हैं, जिसने हमेशा समाज को बदलने के लिए विज्ञान की शक्ति में विश्वास किया है। थुंबा के साइकिल शेड से लेकर कक्षा में डॉकिंग मेन्युवर तक, भारत की अंतरिक्ष यात्रा दृढ़ता, कल्पनाशीलता और अथक प्रयास की दास्तान है। यह एक ऐसी दास्तान है जिसका ताल्लुक हर नागरिक, हर वैज्ञानिक, हर स्वपनदृष्टा से है। और अब, जबकि हम परिवर्तनकारी शासन के ग्यारह वर्षों का जश्न मना रहे हैं, तो हम एक ऐसे राष्ट्र का भी कीर्तिगान कर रहे हैं जो वास्तव में सितारों तक जा पहुँचा है - और उनकी रोशनी को वापस घर ले आया है।

आज की बात



**डॉ. जितेन्द्र सिंह**
केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री

## प्रयोग योग का



बचपन से योग से वियोग रहा। छठी कक्षा तक गणित में संघर्ष की मेरी गाथा ऐसी प्रसिद्ध हुई कि प्रधान अध्यापक तक मेरे भविष्य को लेकर निश्चिन्त हो गए थे। उनका मत था कि एक क्षेत्र राजनीति ही बचेगी, जिसमें हमारी प्रतिभा को सम्मान मिल सकता है, लेकिन राजनीति में जाने के विशेष लक्षण भी ढूंढने पर नहीं मिले थे। घर वाले तक को कोई आशा ही नहीं थी। योग में भूल करने की प्रतिभा से पुलिस सेवा में रहते धन योग के संयोग न बन सके-और स्वयं को अब तक धिक्कारने के अतिरिक्त कुछ नहीं कर पाया। एक दशक पूर्व तक भारतीय राजनीति में योग का प्रयोग बड़ा प्रचलित हुआ। इसी योग के वियोग में बाजपेयी जी की सरकार एक मत से एकमत न रह सकी और गिर गयी थी। कांग्रेस ने योग के बड़े प्रयोग कर खूब मीठे फल खाए। अब उनके योग से सत्ता का न संयोग बनना लगने लगा है। उनकी योग की गयी सम्पत्तियाँ भी वियोग में लगी हैं पर राजनीति से मुझे क्या? व्यापारियों, उद्योगपतियों और राजनीतिज्ञों की बात छोड़ दें तो अंकगणित योग में भारतीय नौकरशाही के अधिकारियों की बराबरी कोई नहीं कर सकता। वे जोड़ के साथ तोड़ पर ध्यान देकर जोड़-तोड़ की कला में एक वर्ष में इतने पारंगत हो जाते हैं कि लक्ष्मी जी और सत्तासीन उनके वाहन तक उनसे प्रसन्न रहते हैं। सरकार किसी भी दल की हो, ये कभी किसी दलदल से सफलतापूर्वक सकुशल निकल ही आते हैं। लौटकर फिर वही योग पर योग। करोड़ों के बाद भी योग की घड़ी टिकटिक करती बढ़ती रहती है। वे योग के प्रयोग से वियोग से बचते बचाते संयोग ले ही आते हैं। बड़े से बड़े शतरंज के खिलाड़ी उनकी चालों को देख पानी भरने लगें। इधर योग ने व्यापारियों / उद्योगपतियों और सत्ता के योग का ऐसा प्रयोग होने लगा है कि माता लक्ष्मी इन तीनों घरानों में ही प्रवास करने लगीं हैं। चिंता भगवान विष्णु के बदले हम आम जनता करने लगे हैं। हमारी अवस्था सुधरने का योग भी संयोग से नहीं बन रहा। लेखन से जुड़ा हम लेखकों का कुनबा ढन-ढन योग ने आगे बढ़ते हुए ठन - ठन गोपाल भजन गाने लगा है। योग सीखता तब ही न बात बनती! एक रोचक प्रसंग स्मरण हो आया है। एक बड़े अधिकारी का दौरा आपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध जनपद में हुआ। आवश्यक गोपनीय बैठक का नामकरण दिया गया और छोटे से बड़े हर महत्वपूर्ण अधिकारियों को बुलहटा भेजा गया। बैठक स्थल एक मनोहर झरने के पास खुले में तय हुआ। एक आरामकुर्सी बड़े साहब के लिए और साधारण कुर्सियां अधिकारियों के लिए कुछ टेंट भी लगाए गए। शराब-कबाब और शबाब की व्यवस्था भी टेंटों में की गयी। हलवाई लगे भोजन के बाद बड़े अधिकारी ने कुछ नए अधिकारियों से अनौपचारिक बातचीत में पूछा-कितने साल की नौकरी है? सभी ने अधिकतम चार वर्ष बताया बड़े अधिकारी ने फिर पूछा-कितना योग हुआ। किसी ने एक फ्लैट , किसी ने दो कहा लेकिन उनके सबसे प्रिय चमचे ने कहा - सर, चार वर्षों की नौकरी में सिर्फ तीन फ्लैट और एक फार्म हाउस ही योग कर पाया। बैठक के बाद सभी अपना-अपना चढ़ावा साहब की बंद जीप में रखवा दिया। बड़े साहब के योग के प्रयोग का संयोग बन गया। फिर सभी लौट गए। पाठक भी अपनी प्रतिभा से देख लें, जो बन पड़े जोड़ लें। योग में न चूकें! नहीं तो बस मेरी अवस्था को प्राप्त न हो जाएँ। योग का संयोग ही न बने! प्रयोग करें!

व्यंग्य की बात



**डॉ प्रशान्त करण**

# साइप्रस यात्रा के जरिए तुर्की को कूटनीतिक जवाब

ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी से पूछा गया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर भारत की कार्रवाई इतनी सटीक क्यों रही? पाकिस्तान की खुफिया सेवा इसे भांप क्यों नहीं पाई, पाकिस्तानी राजनेता और सेना क्यों भारतीय कार्रवाई का अंदाजा नहीं लगा पाए। सवाल खत्म होते ही प्रधानमंत्री ठठाकर हंस पड़े। हंसते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना और राजनीति भारत के विपक्षी दलों की ही तरह हैं। जिस तरह वे मेरे बारे में अंदाजा नहीं लगा सकते, कुछ उसी तरह पाकिस्तानी भी अंदाजा नहीं लगा सकते। दिल्ली में केंद्रीय सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी के कदमों को देखिए। हर बार वे चौंकाते रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब समूचा विपक्ष भारत सरकार की विदेश नीति की नाकामी को लेकर मोदी सरकार पर निशाना लगा रहा था, प्रधानमंत्री ने साइप्रस की यात्रा करके देश को चौंका दिया है। भूमध्य सागर के द्वीपीय देश साइप्रस की यात्रा का अचानक से ऐलान होना और कनाडा जाते हुए रास्ते में प्रधानमंत्री मोदी का साइप्रस उतरना और वहां के शीर्ष नेताओं से मिलना भारतीय विदेश नीति का चौंकाऊ फैसला ही है। देश के शीर्ष नेताओं की विदेश यात्राएं अरसा पहले से तय होती हैं, उसकी जानकारी राजनीति के साथ ही पत्रकारिता को भी होती है। लेकिन प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा अचानक से हुई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा का 14 मई को अचानक ऐलान किया। साइप्रस की राजधानी निकोसिया में प्रधानमंत्री मोदी ने वहां के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स से बातचीत भी की। ऐसे में सवाल यह उठ सकता है कि साइप्रस की यह अचानक यात्रा क्यों ? इस सवाल के जवाब में एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुई घटनाओं की ओर लौटना होगा। याद कीजिए, तब पाकिस्तान ने भारत पर ड्रोन के जरिए सैकड़ों हमले किए थे। उन हमलों को बेशक भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। साइप्रस की यात्रा के लिए हमें उन हमलों में इस्तेमाल हुए ड्रोन को देखना होगा। पाकिस्तान ने जिन ड्रोन से हमले किए, ज्यादातर तुर्की में बने सोनगार ड्रोन थे। हवाई हमलों में तुर्की के इन ड्रोन को बेहद मारक माना जाता है। हालांकि वे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम के सामने बेकार ही साबित हुए। कूटनीतिक हलकों को पता है कि तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन ने पाकिस्तान को उपलब्ध कराया। अर्दोआन ने पर्दे के पीछे से पाकिस्तान का साथ दिया। इतना ही नहीं, भारत ने जब इस बात को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने रखा तो अर्दोआन ने ट्वीटर पर 'पाकिस्तान-तुर्की दोस्ती जिंदाबाद' लिखकर एक तरह से भारत के आरोप को साबित कर दिया। इसे भारत को मुंह चिढ़ाना भी कह सकते हैं। यह उस तुर्की का कदम था, जिसे भारत ने दो साल पहले दिल खोलकर मानवीय आधार पर सहयोग दिया था। छह फरवरी 2023 को तुर्की में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, उस झटके में तुर्की में 53 हजार लोगों की मौत हो गई थी, हजारों लोग घायल हो गए थे। जान-माल के भारी नुकसान के बाद भारत ने मानवीय सहायता के साथ ही विशेषज्ञों की टीम के साथ बचाव दल भेजा था। राहत के तुर्की पहुंचने वाली टीमों में भारत की टीम भी शामिल थी। तुर्की के राष्ट्रपति ने जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से दोस्ती को जगजाहिर किया तो उसे भारत के लोगों ने भारत के लिए मुंह चिढ़ाना माना। रही-सही कसर पूरी हुई मई के आखिर में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की तुर्की की यात्रा से। तब भारत के सामने अर्दोआन के रूख को लेकर कोई गुंजाइश ही नहीं रही। तुर्की को लेकर भारतीय समुदाय की सोच अब भी ऐसी ही है। ऐसा नहीं कि पहली बार तुर्की ने भारत के खिलाफ पाकिस्तान का पक्ष लेते हुए ऐसा कदम उठाया है। संयुक्त राष्ट्र संघ समेत कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के पक्ष में अर्दोआन सहयोगी भूमिका पेश करते रहे हैं। इन वजहों से तुर्की को लेकर भारत में गुस्सा भी बहुत रहा है। कश्मीर के मसले पर तुर्की हर बार पाकिस्तान के साथ ही खड़ा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी का साइप्रस दौरा भारत के उसी गुस्से की अभिव्यक्ति और भारत को मुंह चिढ़ाने के अर्दोआन के प्रयासों का जवाब माना जा सकता है। इसकी वजह है कि साइप्रस और तुर्की के बीच जारी बरसों पुराना विवाद। साइप्रस में यूनानी और तुर्की मूल के लोग रहते हैं। तुर्की के दोनों समुदायों में नस्ली आधार पर विवाद रहा है। साइप्रस में साल 1974 में तत्कालीन सरकार के खिलाफ यूनानी मूल के आतंकी समूहों ने तख्तापलट की कोशिश की। इसे तुर्की ने अपने लोगों के खिलाफ युद्ध माना। इसके बाद तुर्की ने साइप्रस पर हमला कर दिया। इस दौरान तुर्की की सेनाओं ने साइप्रस के दूसरे नंबर के मशहूर शहर वरोशा पर कब्जा कर लिया। यह शहर अपने बहुमंजिला भवनों के लिए प्रसिद्ध रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**उमेश चतुर्वेदी**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

जय हो, घी, रोटी कई, लेकर शब्द उधार।
'अंकल' ने लूटा यहाँ, रिश्तों का संसार।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# युद्ध से तो नहीं निकल पाएंगे विवादों के समाधान!

दुनिया भर में यह आदर्श वाक्य सुना जा सकता है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता, लेकिन फिर भी दुनिया के तमाम देश हथियार की होड़ में लगे हुए हैं और एक दूसरे पर इन हथियारों की धमकी से दबंगई करते नजर आते हैं । यदि यकीन नहीं होता तो पिछले दो दशक के आंकड़े उठाकर देख लें, यकीन हो जाएगा। अधिकांश देश अपनी सीमा के अंदर और सीमा पार से उपजती समस्याओं का समाधान बातचीत से निकालने की बजाय एक-दूसरे पर हिंसक कार्रवाई करने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। आप देख सकते हैं कि इन दिनों दुनिया भर के कई देशों के बीच आपस में युद्ध चल रहा है और इस के कारण न केवल वह देश प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि इसका असर पूरा दुनिया पर देखने को मिल रहा है। दुनिया की शांति का संदेश देने वाला भारत कभी भी युद्ध का पक्षधर नहीं रहा है। विश्व युद्ध प्रथम हो या द्वितीय, भारत ने कभी भी किसी भी धड़े का साथ न देते हुए गुटनिरपेक्षता का नया मार्ग दुनिया को दिखाया। इस नीति पर वो अब भी कायम है। लेकिन परिस्थितियों के अनुसार भारत को भी अपनी सुरक्षा के लिए हथियार निकालने पड़ते हैं हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया, लेकिन यह कार्रवाई आतंकवाद के विरुद्ध थी। हालांकि आतंकवादियों पर किए गए हमले से पाकिस्तान बौखला गया और भारत को घेरने की कोशिश की, जिसके बाद उसको माकूल जवाब मिला। मगर हकीकत यही है कि रूस और यूक्रेन युद्ध हो या फिर इजरायल और ईरान युद्ध, भारत किसी भी एक पक्ष के साथ खड़ा नहीं होता है बल्कि हमेशा से यह युद्ध का युग नहीं है वाला फॉर्मूला सभी जंग में उतरे लोगों को देता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा से ही युद्धों को रोकने की अपील करते आ रहे हैं। एक बार फिर से उन्होंने और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोदौलिदेस के साथ मिलकर पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर गहरी चिंता जताई है और कहा कि यह युद्ध का युग नहीं है। साइप्रस में लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और साइप्रस ने एशिया और यूरोप में चल रहे संघयों पर चिंता व्यक्त की है। दोनों का मानना है कि "यह युद्ध का युग नहीं है बुद्ध का युग है।" प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों ही देश पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर चिंता व्यक्त की। उनका नकारात्मक प्रभाव फेवल उन क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं है। हम दोनों मानते हैं कि यह युद्ध का युग नहीं है। बातचीत के माध्यम से समाधान और स्थिरता की बहाली मानकता का आह्वान है। दोनों ही देशों ने संवाद, समाधान और स्थिरता की बहाली करनी चाहिए। साथ ही दोनों देशों की ओर से भूमध्यसागरीय क्षेत्र के साथ संपर्क बढ़ाने पर भी चर्चा की। हम इस बात पर सहमत हैं कि भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा इस क्षेत्र में शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा। अगर देखा जाए तो इस्राइल और ईरान की लड़ाई शुरू हुए अभी हफ्ता भी नहीं गुजरा है, लेकिन युद्धों के इतिहास में इसका मुकाम कुछ अलग ढंग का ही लगने लगा है। आबादी और क्षेत्रफल में ईरान से बहुत छोटा होने के बावजूद इजरायल का पलड़ा तकनीक, युद्ध कौशल, पूंजी और बाहरी समर्थन की दृष्टि से बहुत भारी है, लेकिन अचानक हमले के सारे फायदे लेकर भी नुकसान उसको इस लड़ाई में बराबर का हो रहा है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि वो जल्द ही दोनों देशों के बीच जंग को रुकवा देंगे, पर जब वो खुद दोनों पक्षों में से एक के साथ मजबूती से खड़े हैं. ऐसे में ईरान किस तरह उनकी बात पर भरोसा करेगा यह समझ से परे है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत की विदेश नीति ऐतिहासिक रूप से तटस्थता, रणनीतिक स्वायत्तता और राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने पर आधारित रही है। दोनों देशों ईरान और इजरायल के साथ भारत के गहरे और रणनीतिक संबंध हैं, और किसी एक को चुनना भारत के लिए आसान निर्णय नहीं होगा। इजरायल के अस्तित्व में आने के चाद करीब 4 दशकों तक भारत इस्लामी राष्ट्रों के दबाव में इजरायल के साथ कूटनीतिक रिश्ते नहीं बना सका। भारत और इजरायल के बीच 1992 में पहली बार नरसिम्हा राव के कार्यकाल में पूर्ण कूटनीतिक संबंध स्थापित हुए। उसके बाद से भारत-इजरायल के बीच रिश्ते तेजी से मजबूत हुए हैं। इजरायल भारत के लिए एक महत्वपूर्ण रक्षा और प्रौद्योगिकी साझेदार बन गया है। भारत ने इजरायल से बराक मिसाइल रक्षा प्रणाली, ड्रोन, राडार सिस्टम और अन्य जात हथियार प्रणालियां खरीदी हैं। 2023 तक भारत के रक्षा आपात में इजरायल का हिस्सा लगभग 10 से 12 प्रतिशत रहा है। इजरायल की साइबर सुरक्षा तकनीक और खुफिया सहयोग भी भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं। खासकर आतंकवाद विरोधी अभियानों में। भारत और इजरायल दोनों आतंकवाद को एक साझा खतरे के रूप में देखते हैं। इजरायल की खुफिया एजेंसियां, जैसे मोसाद और भारत की रॉ के बीच सहयोग ने आतंकवाद से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**मनोज कुमार अग्रवाल**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# प्राचीन श्री मनकामेश्वर मंदिर में ड्रेस कोड लागू

एजेंसी। प्रयागराज

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अति प्राचीन श्री मनकामेश्वर मंदिर में ड्रेस कोड लागू होगा, जिसका कड़ाई से पालन कराने के लिए मंदिर समिति ने कदम उठाए हैं। समिति ने मंदिर में पूजा-अर्चना के दौरान स्कर्ट, टॉप, जींस और पैंट पहनने पर पूरी तरह से पाबंदी लगाई है। सावन के महीने की शुरुआत के साथ ही नियम लागू होंगे। इसके तहत महिलाएं पूजा के समय केवल साड़ी या सलवार-सूट पहनेंगी, जबकि पुरुष धोती पहनकर ही पूजा-अर्चना कर सकेंगे। जींस, पैंट, स्कर्ट जैसे आधुनिक कपड़ों को मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के दौरान पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालु इस पहल का स्वागत कर रहे हैं। एक श्रद्धालु ने कहा, 'यह बहुत अच्छी पहल है। आजकल देखते हैं कि कुछ भी पहनकर लोग मंदिर चले जाते हैं, लेकिन मंदिर में ड्रेस कोड से बड़ा अच्छा संदेश जाएगा।" एक अन्य शख्स ने कहा, "यहां पुरुषों के लिए धोती-कुर्ता पहनना अनिवार्य किया गया है, यह सही पहल है। आज के समय में बहुत जरूरी है। हम लोग धर्म स्थल पर आते हैं, यह कोई पिकनिक मनाने की जगह नहीं है।

## सावन में रुद्राभिषेक हेतु पारंपरिक वस्त्र अनिवार्य

मंदिर के पुजारी इस कदम का स्वागत कर रहे हैं और मानते हैं कि इससे धार्मिक और वैदिक परंपराओं का सम्मान और पालन होगा। श्री मनकामेश्वर मंदिर के महंत ब्रह्मचारी श्री धरानंद जी महाराज ने कहा कि लोगों को सावन के महीने में ड्रेस कोड अपनाने के लिए मंदिर समिति ने बोला है। उन्होंने कहा, "जब रुद्राभिषेक होता है तो अक्सर देखा गया है कि लोग पैंट पहनकर और बेल्ट लगाकर बैठते हैं। लोग परंपरागत वस्त्र पहनना लगातार छोड़ते जा रहे हैं। कहीं न कहीं परंपराओं के साथ खिलवाड़ हो रहा है। मंदिर समिति ने फैसला लिया है कि सावन के महीने में जो भी रुद्राभिषेक होंगे, उसमें पुरुषों को धोती पहनना अनिवार्य होगा। महिलाओं को साड़ी या सूट पहनना होगा। कटे-फटे या जो भद्दे कपड़े हैं, इस तरह के पहनावे को लेकर पहले से रोक है। उसके अच्छे परिणाम भी आए।"



स्कर्ट-टॉप, जींस और पैंट पर पाबंदी

रेलवे का ऐतिहासिक निर्यात मिशन शुरू

# पीएम दिखाएंगे पहले लोकोमोटिव इंजन के निर्यात को हरी झंडी

एजेंसी। पटना



भारतीय रेलवे अपने राजस्व को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पश्चिमी अफ्रीका के तटीय देश गिनी को इंजनों का निर्यात शुरू करने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 जून को बिहार के सारण जिले के मरहौरा स्थित डीजल लोकोमोटिव फैक्ट्री में निर्मित निर्यात के लिए पहले लोकोमोटिव को हरी झंडी दिखाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी पाटलिपुत्र (बिहार) और गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) के बीच वंदे भारत ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाएंगे। यह पहली बार है जब भारतीय रेलवे लोकोमोटिव का निर्यात करेगा, जिससे इसके राजस्व में वृद्धि होगी। रेल मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पहले निर्यात लाइन ऑफ क्रेडिट के रूप में किया जाता था, जो विभिन्न देशों में विकास परियोजनाओं के लिए एक तरह की सहायता थी। इन इंजनों को बांग्लादेश, मोजाम्बिक जैसे देशों में भेजा गया था। अधिकारी ने बताया कि गिनी को तीन साल में कुल 150 इंजन सप्लाई किए जाएंगे। मरहोरा फैक्ट्री को पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर बनाया गया है और इसे अमेरिकी कंपनी वेबटेक के हिस्से जीई ट्रांसपोर्टेशन और भारतीय रेलवे के संयुक्त उद्यम द्वारा चलाया जाता है। अधिकारी ने कहा, "इस कारखाने ने गिनी द्वारा जारी वैश्विक निविदा में बोली जीती है।

## सरकारी मदद के बगैर बीसीपीएल को टिकाऊ बनाने के लिए कर रहे काम: हिमंत

एजेंसी। असम



असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि उनका प्रशासन ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलीमर लिमिटेड (बीसीपीएल) को सरकारी मदद के बगैर टिकाऊ बनाने के लिए एक स्थायी समाधान पर काम कर रहा है। शर्मा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''इस राह में कई चुनौतियां हैं और हम उन पर चर्चा कर रहे हैं।'' बीसीपीएल पूर्वोत्तर का सबसे बड़ा पेट्रोकेमिकल परिसर है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत बीसीपीएल को जनवरी, 2016 में चालू किया गया था। यह संयंत्र देशभर में उच्च गुणवत्ता वाले पॉलिमर के विभिन्न ग्रेड का उत्पादनकरता है। इसकी प्रमुख शेयरधारक कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड इसके उत्पादों का विपणन कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीसीपीएल ने अपने इस्तेमाल के लिए ओडिशा के पारादीप में जमीन मांगी थी और राज्य सरकार इसके लिए कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, ''हम यहां तैयार उत्पाद बनाने के लिए एक समूह के साथ बातचीत कर रहे हैं क्योंकि इससे उद्योग को मजबूती मिलेगी।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर सरकारी मदद नहीं मिली तो यह परियोजना बंद हो जाएगी।

## हिमाचल प्रदेश पर मोदी सरकार मेहरबान 2000 करोड़ की मदद का ऐलान : जेपी नड्डा

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति ने 2023 में बाढ़, भूस्खलन, बादल फटने की घटना के बाद रिकवरी और पुनर्निर्माण योजना के लिए हिमाचल प्रदेश को 2006.40 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है। वित्त मंत्री, कृषि मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष की सदस्यता वाली समिति ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के तहत रिकवरी और पुनर्निर्माण फंडिंग विंडो से राज्य को वित्तीय सहायता के प्रस्ताव पर विचार किया। उच्च स्तरीय समिति ने हिमाचल प्रदेश राज्य को 2006.40 करोड़ रुपये की रिकवरी योजना को मंजूरी दी है, जो राज्य को 2023 मानसून के दौरान बाढ़, बादल फटने और भूस्खलन के कारण हुए नुकसान और विनाश के कारण रिकवरी और पुनर्निर्माण गतिविधियों को पूरा करने में मदद करेगी। इसमें से 1504.80 करोड़ रुपये राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष के तहत रिकवरी और पुनर्निर्माण फंडिंग विंडो से केंद्रीय हिस्सा होगा। इससे पहले 12 दिसंबर 2023 को गृह मंत्रालय ने इस आपदा से प्रभावित हिमाचल प्रदेश के लिए एनडीआरएफ से 633.73 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वित्तीय सहायता को मंजूरी दी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार प्राकृतिक आपदाओं और आपदाओं के दौरान राज्य सरकारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

# देश का पहला एंटी सबमरीन वारफेयर 'अर्णाला' समुद्री बेड़े में शामिल

- हिंद महासागर क्षेत्र में आत्मनिर्भर समुद्री शक्ति के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत होगी

एजेंसी। नई दिल्ली

देश का पहला एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट 'अर्णाला' बुधवार को भारत के समुद्री बेड़े में शामिल हो गया। महाराष्ट्र के वसई के ऐतिहासिक 'अर्णाला' किले के नाम पर बना यह युद्धपोत भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को दर्शाता है। यह पोत भारत की नौसैनिक क्षमताओं में बड़ा बदलाव लाने के साथ ही तटीय सुरक्षा को मजबूत करेगा। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद महासागर क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर समुद्री शक्ति के रूप में उभरेगा।विशाखापट्टनम के नौसेना डॉकयार्ड में आज चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान की अध्यक्षता में कमीशनिंग समारोह में जहाज को नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया। स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित 16 पनडुब्बी रोधी युद्धक उथले जल पोत (एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट) में से यह पहला पोत है। इस युद्धपोत में 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। इसमें भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), एलएंडटी, महिंद्रा डिफेंस और एमईआईएल सहित प्रमुख भारतीय रक्षा फर्मों की उन्नत प्रणालियां शामिल हैं। इस परियोजना में 55 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) ने सहयोग दिया है। गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) में निर्मित ये जहाज पुराने हो चुके अभय श्रेणी के कोरवेट की जगह लेंगे। 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ ये जहाज जहाज निर्माण और रक्षा प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता को दर्शाते हैं। जहाज के शिखर के नीचे एक रिबन खूबसूरती से फहराया गया है, जिस पर गर्व से जहाज का आदर्श वाक्य 'अर्णवे शौर्यम्' (अर्नावे शौर्यम्) प्रदर्शित किया गया है, जिसका अर्थ है 'महासागर में वीरता'। यह शिलालेख जहाज के अटूट साहस, दुर्जेय शक्ति और विशाल समुद्र पर प्रभुत्व को दर्शाता है। स्वदेशी जहाज निर्माण न केवल घरेलू रक्षा उद्योग को मजबूत करता है, बल्कि विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता को भी कम करता है। तटीय और उथले पानी वाले क्षेत्रों में इन जहाजों की प्राथमिक भूमिका दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाना और उन्हें ट्रैक करना है।




### 'अर्णाला' से नौसेना की ताकत में इजाफा

युद्धपोत निगरानी टीमों की देखरेख में निर्मित 'अर्णाला' को 08 मई को भारतीय नौसेना को सौंपा गया था। विभिन्न खतरों के खिलाफ मजबूती से खड़े रहे 'अर्णाला' किले की तरह इस जहाज को समुद्र में मजबूत उपस्थिति के लिए डिजाइन किया गया है। इसका मजबूत निर्माण और उन्नत क्षमताएं सुनिश्चित करती हैं कि यह जहाज समुद्री क्षेत्र की चुनौतियों का सामना करके उभरते खतरों से भारत के जल की रक्षा कर सकता है। नौसेना के अनुसार 'अर्णाला' जहाज को पानी के नीचे निगरानी रखने, तलाश और बचाव कार्यों और कम तीव्रता वाले समुद्री संचालन (एलआईएमओ) के लिए तैयार किया गया है। यह जहाज तटीय जल में एंटी-सबमरीन वारफेयर संचालन में सक्षम है। साथ ही यह माइन बिछाने की उन्नत क्षमता से युक्त है। एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट पोत के शामिल होने से भारतीय नौसेना की उथले पानी की पनडुब्बी रोधी युद्धक क्षमता में बढ़ोतरी होगी। यह भारतीय नौसेना का 1490 टन से अधिक सकल भार वाला 77 मीटर लंबा डीजल इंजन-वाटर जेट से संचालित होने वाला सबसे बड़ा युद्धपोत है। जहाज का बख्तरबंद पतवार किले की स्थायी पत्थर की दीवारों को दर्शाता है, जबकि इसके अत्याधुनिक हथियार और सेंसर उन तोपों की जगह लेते हैं, जो कभी आक्रमणकारियों से बचाव करते थे।

## समावेशी विकास के लिए जरूरी है जाति जनगणना: मदनी

एजेंसी। नई दिल्ली



आगामी जाति-आधारित जनगणना का जोरदार समर्थन करते हुए जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने इस अभ्यास को भारत में न्याय, समावेशी शासन और समान संसाधन वितरण को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक बताया। मौलाना मदनी ने इस बात पर जोर दिया कि जाति-आधारित जनगणना एक नियमित सरकारी प्रक्रिया से आगे निकल गई है। उन्होंने कहा, "यह अब एक जरूरी सामाजिक और राजनीतिक आवश्यकता है," उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि एकत्र किए गए डेटा का नीति निर्माण पर सीधा प्रभाव पड़ेगा।

### मुस्लिम समुदाय से सक्रिय भागीदारी का आह्वान

पूर्ण सहयोग का आग्रह करते हुए मदनी ने देश भर के सभी मुसलमानों से जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। उन्होंने प्रत्येक मुस्लिम परिवार से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि उनकी जाति की पहचान सही ढंग से दर्ज की गई है, उन्होंने कहा कि यह जानकारी समुदाय को प्रभावित करने वाले भविष्य के नीतिगत निर्णयों के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने जमीयत उलमा-ए-हिंद की स्थानीय शाखाओं, मुस्लिम संगठनों, धार्मिक संस्थानों और समुदाय के नेताओं से भी अपील की।

## राहुल गांधी और जयराम रमेश का दिल भारत में नहीं, बल्कि पाकिस्तान में बसता है,

एजेंसी। नई दिल्ली



कांग्रेस सांसद जयराम रमेश के बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है। पार्टी नेता प्रदीप भंडारी ने कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी भारत के नैरेटिव पर विश्वास नहीं करती है, तो यह स्पष्ट हो जाना चाहिए कि राहुल गांधी और जयराम रमेश का दिल भारत में नहीं, बल्कि पाकिस्तान में बसता है। इंटरनेशनल फेक न्यूज फैक्ट्री कांग्रेस पार्टी आज इतनी अलग-थलग पड़ गई है कि झूठ फैलाना उसका काम बन गया है... आज कांग्रेस पार्टी की विश्वसनीयता ऐतिहासिक और वैश्विक स्तर पर शून्य पर है। प्रदीप भंडारी ने आगे कहा कि जयराम रमेश जो कुछ भी कहते हैं, उस पर कांग्रेस पार्टी में राहुल गांधी को छोड़कर कोई भी विश्वास नहीं करता। मान लीजिए कि उनमें थोड़ी भी देशभक्ति है। उस स्थिति में, उन्हें देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान और उसके बाद उन्होंने पाकिस्तानी नैरेटिव को आगे बढ़ाया।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट‌ए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## भूमि घोटाले को उजागर करने पर ग्राम पंचायत सदस्य की हत्या

एजेंसी। नागपुर

नागपुर में भूमि घोटाले को उजागर करने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता एवं ग्राम पंचायत सदस्य की हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। खापरखेडा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे सावनेर तहसील के पिपला डाकबंगला गांव की है।

उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान अतुल पाटिल के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष मुक्ता कोकडे के पति एवं पूर्व सरपंच विष्णु कोकडे के कहने पर हिमांशु कुंभलकर ने पाटिल की उसके घर में घुस कर कथित तौर पर चाकू से हमलाकर हत्या कर दी।

उन्होंने बताया कि कुंभलकर और कोकडे दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जब कोकडे सरपंच थे तो पाटिल ने जमीन घोटाले को उजागर किया था और उनकी शिकायतों के कारण कोकडे और अन्य के खिलाफ पुलिस मामला दर्ज किया गया था।




- नागपुर में भूमि घोटाले की शिकायत करने वाले भाजपा कार्यकर्ता की हत्या, आरोपी गिरफ्तार
- पुलिस ने आरोपी पूर्व सरपंच और उनके पति को दबोचा
- कोकडे सरपंच थे तो पाटिल ने जमीन घोटाले को उजागर किया था

## जंगलचट्टी के पास पैदल मार्ग पर पहाड़ी से बोल्डर गिरे, दो की मौत

**केदारनाथ।** केदारनाथ में एक बार फिर दर्दनाक हादसा हुआ है। इस बार पहाड़ी से पत्थर गिरने की घटना में 2 लोग मारे गए हैं, जबकि 3 लोग घायल हैं। एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची, जिसने रेस्क्यू करके लोगों को बाहर निकाला। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, केदारनाथ पैदल मार्ग पर जंगलचट्टी के समीप घटना हुई। पहाड़ी से बड़े बोल्डर मलबे के साथ रास्ते पर आ गए थे। इस दौरान 5 लोग इसकी चपेट में आए। तस्वीरों में पुलिस और एसडीआरएफ की टीम को लोगों की मदद करते हुए देखा गया। नीचे खाई से एसडीआरएफ लोगों को निकालकर लाई। फिलहाल दुर्घटना में 2 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। इसके पहले केदारनाथ में हेलीकॉप्टर क्रैश होने के कारण 7 लोगों की मौत हो गई थी। केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी जा रहा हेलीकॉप्टर गौरीकुंड के पास जंगली इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

क्लासरूम घोटाला

## दिल्ली में 37 ठिकानों पर ईडी की कार्रवाई

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को दिल्ली के क्लासरूम कंस्ट्रक्शन घोटाला मामले में शामिल ठेकेदारों और निजी संस्थाओं से जुड़े 37 स्थानों पर छापेमारी की। बीते दिनों क्लासरूम कंस्ट्रक्शन मामले में एसीबी ने एफआईआर दर्ज की थी। ईडी की कार्रवाई उसी एफआईआर से संबंधित है। जानकारी के अनुसार, क्लासरूम कंस्ट्रक्शन घोटाला मामले में ईडी की टीम दिल्ली के राजेंद्र नगर में स्थित बब्बर एंड बब्बर आर्किटेक्ट्स समेत 37 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। यह मामला दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्रियों और निजी ठेकेदारों के खिलाफ दिल्ली के विभिन्न स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाओं के निर्माण में कथित अनियमितताओं से जुड़ा है। बता दें कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मंजूरी मिलने के बाद एसीबी ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। एसीबी ने 30 अप्रैल को मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।




### असम में आठ करोड़ का मादक पदार्थ जब्त

**असम।** असम के श्रीभूमि जिले में आठ करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मादक पदार्थ रोधी अभियान में श्रीभूमि पुलिस ने सदरशी में एक वाहन को रोका और आठ करोड़ रुपये मूल्य की याबा की 40,000 गोलियां जब्त कीं। एक तस्कर अब सलाखों के पीछे है।

## आंध्र प्रदेश में पुलिस के साथ मुठभेड़ में तीन बड़े माओवादी मारे गए

एजेंसी। विशाखापत्तनम

आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में बुधवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में सीपीआई (माओवादी) के तीन बड़े नेता मारे गए। आंध्र-ओडिशा सीमा पर स्थित देवीपटनम वन क्षेत्र में विशिष्ट माओवादी विरोधी बल ग्रेहाउंड्स के जवानों और माओवादियों के बीच गोलीबारी हुई। जंगलों में तलाशी अभियान चला रहे ग्रेहाउंड्स के जवानों ने माओवादियों को देखा और उनसे आत्मसमर्पण करने को कहा। जब माओवादियों ने गोलीबारी शुरू की तो सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की और तीन माओवादियों को मार गिराया। मुठभेड़ रामपचोदवरम और मारेदुमिल्ली मंडलों के बीच जंगलों में कोंडामोडालु के पास हुई। मारे गए माओवादियों की पहचान आंध्र ओडिशा बॉर्डर (एओबी) स्पेशल जोन कमेटी के सचिव गजरला रवि उर्फ उदय, स्पेशल जोन कमेटी सदस्य अरुणा और स्पेशल जोन कमेटी एसीएम अंजू के रूप में हुई।

अंतरराष्ट्रीय योग | प्रधानमंत्री 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशाखापट्नम में करेंगे योग

# 5 लाख लोगों संग योग, बनेगा विश्व रिकॉर्ड

- विशाखापट्नम में समुद्र पर पांच लाख लोगों के साथ योगा का रिकॉर्ड बनाने की तैयारी

विशाखापट्नम, 18 जून (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 जून को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशाखापट्नम में योगाभ्यास करेंगे। इस साल के योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य' है। इस आयोजन को एतिहासिक बनाने के लिए राज्य सरकार खास व्यवस्था कर रही है। राज्य सरकार योग आंध्र-2025 के लिए विशाखापत्तनम के रामकृष्ण बीच रोड पर स्थित समुद्र तट पर एक साथ 5 लाख लोगों के साथ योगा कर रिकॉर्ड बनाने की तैयारी में जुटी है। इसकी व्यवस्था मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू और उनके बेटे लोकेश स्वयं देख रहे हैं। विशाखापत्तनम के समुद्र तट पर होने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम को राज्य सरकार ऐतिहासिक बनाने में जुटी है। इसके लिएमैदान समुद्र तट पर 5 लाख लोगों के साथ योग आसन कर विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है। इसके लिए आरके बीच स्थित कालीमाता मंदिर से लेकर विजयनगरम जिले के भोगापुरम तक समुद्र तट के किनारे योगासन करने की व्यवस्था की जा रही है। बीच रोड पर 326 कंपार्टमेंट तैयार किए जा रहे हैं। हर कंपार्टमेंट में 40 फीट पर एक छोटा मंच बनाया जा रहा है। मुख्य मंच के पास सड़क पर हरे रंग के कालीन बिछाए जा रहे हैं। कार्यक्रमों को देखने के लिए मुख्य मंच पर एलईडी स्क्रीन लगाई जा रही हैं। नगर पुलिस आयुक्त के अनुसार इस महीने की 19 तारीख से बीच रोड पर वाहनों का आवागमन बंद कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री के आदेश पर आंध्र विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग ग्राउंड पर भी वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। अगर 21 तारीख को बारिश होती है तो इस ग्राउंड पर योगासन किया जाएगा। अगर बारिश नहीं हुई तो दोनों मंचों पर योगासन किए जाएंगे। सरकार ने आंध्र विश्वविद्यालय में बीस हजार आदिवासी छात्रों के लिए सूर्य नमस्कार करने की व्यवस्था कर रही है।




### मैट पर होंगे क्यूआर कोड और नंबर

प्रत्येक कंपार्टमेंट में एक हजार लोग ही योग कर सकेंगे। इसके लिए मैट पर नंबर आवंटित किए जाएंगे। व्हाट्सएप पर पंजीकरण कराने वालों को कंपार्टमेंट का विवरण भेजा जाएगा। प्रवेश करते समय क्यूआर कोड को स्कैन किया जाएगा। प्रत्येक कंपार्टमेंट के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी को प्रभारी नियुक्त किया गया है। योग करने वालों को एक टी-शर्ट और मैट दी जा रही है। अब तक विशाखापट्नम में 1.50 लाख टी-शर्ट और 1.50 लाख मैट आ चुके हैं।

## खिताब जिताने वाले कोच को मेलबर्न रेनेगेड्स का तोहफा

### तीन साल के लिए फिर से अनुबंध



**मेलबर्न (आईएएनएस)**

मेलबर्न रेनेगेड्स ने बीते सीजन महिला बिग बैश लीग का खिताब जिताने वाले हेड कोच साइमन हेल्मोट को बड़ा तोहफा दिया है। फ्रेंचाइजी ने हेल्मोट के साथ फिर से तीन साल के लिए कॉन्ट्रैक्ट किया है। बिग बैश लीग ने बुधवार को इसका आधिकारिक ऐलान किया। मेलबर्न रेनेगेड्स ने बयान में कहा, "बेखौफ क्रिकेट पर आधारित अभियान में, हेल्मोट ने अपने चौथे सीजन में रेनेगेड्स को सफलता दिलाई और कम से कम विमेंस बीबीएल-13 के अंत तक वह टीम के साथ होंगे। साइमन हेल्मोट के पास ऑस्ट्रेलिया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोचिंग का अच्छा-खासा अनुभव है। इसमें आईपीएल, सीपीएल और आईएलटी में भूमिकाएं शामिल हैं। साइमन हेल्मोट इससे पहले बीबीएल-1 से बीबीएल-4 तक रेनेगेड्स पुरुष टीम के साथ रहे थे। साल 2020 में दोनों टीमों के असिस्टेंट कोच के रूप में वह फिर से क्लब में लौटे और इसके बाद महिला टीम की जिम्मेदारी संभाली। साइमन हेल्मोट ने कहा, "पिछला सीजन हमारे प्लेइंग ग्रुप और स्टाफ के लिए बेहद खास रहा। मैं हेड कोच के तौर पर बने रहने को लेकर रोमांचित हूं। खिताब जीतना कभी आसान नहीं होता, जो इस ग्रुप का हिस्सा होने को और भी खास बनाता है। हमारे जनरल मैनेजर, जेम्स रोसेनगार्डन और हमारी कप्तान, सोफी मोलिनक्स के शानदार नेतृत्व में, हमने जो हासिल किया, वह एक अविश्वसनीय अनुभव था। हमारे पास खिलाड़ियों और लोगों का एक बेहतरीन कोर ग्रुप है, जो क्लब के प्रति जुनूनी हैं। मैं इसके लिए उत्साहित हूं कि हम आगे क्या कर सकते हैं।

> **2020 में दोनों टीमों के असिस्टेंट कोच के रूप में वह फिर से क्लब में लौटे और इसके बाद महिला टीम की जिम्मेदारी संभाली**

# कोहली का संन्यास भारत के लिए सबसे बड़ा नुकसान : ज्योफ्री बायकाट



**लंदन (आईएएनएस)**

इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ज्योफ्री बायकाट के अनुसार रोहित शर्मा के संन्यास से कहीं ज्यादा विराट कोहली की गैर-मौजूदगी भारत के लिए एक बड़ा झटका है। इसी के साथ उन्होंने विराट कोहली को टीम इंडिया का 'की-प्लेयर' बताया है। बायकाट ने बुधवार को 'डेली टेलीग्राफ' में अपने कॉलम में लिखा, "इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपके पास कितना टैलेंट या अनुभव है। अगर आप मानसिक रूप से तरोताजा नहीं हैं और चुनौती के लिए तैयार नहीं हैं, तो यह थका देने वाला हो जाता है। रोहित एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं। अपने सर्वश्रेष्ठ समय में, एक बेहतरीन स्ट्रोक प्लेयर, लेकिन उन्हें कोहली जितना याद नहीं किया जाएगा, क्योंकि उनका टेस्ट रिकॉर्ड 'असाधारण' होने के बजाय 'अच्छा' था। पिछले कुछ सालों में उनकी बल्लेबाजी थोड़ी अनुचित रही। उन्होंने आगे लिखा, "रोहित, कोहली की तरह कभी भी स्वाभाविक एथलीट नहीं रहे। उन्हें पता है कि इंग्लैंड में पारी की शुरुआत करना काफी मुश्किल हो सकता है, क्योंकि नई गेंद अधिक घूमती है। आपको वास्तव में सफलता के लिए चुनौती झेलने को तैयार रहना होगा। मुझे लगता है कि समय के साथ पारी की शुरुआत करने और तीनों फॉर्मेट में कप्तान होने की थकान ने उन्हें थका दिया है। रोहित और कोहली दोनों ने मई में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। इसी के साथ भारत को ओपनिंग और चौथे नंबर पर बैटिंग के लिए उपयुक्त बल्लेबाज की तलाश है। 36 वर्षीय कोहली ने 123 टेस्ट में 9,230 रन बनाए। वह टेस्ट में भारत के सर्वकालिक रन-स्कोरर की लिस्ट में चौथे स्थान पर हैं। विराट कोहली और रोहित शर्मा की गैर-मौजूदगी में भारत के लिए इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज जीतना मुश्किल-सा नजर आ रहा है। इंग्लैंड पिछले महीने ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे को हराने के बाद भारत के खिलाफ इस अहम सीरीज में उतरेगा। बायकाट ने बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम से भारत को हराने के लिए अपनी बैजबॉल शैली को संयमित करने और कुछ कॉमनसेंस का इस्तेमाल करने का आग्रह किया है। बायकाट ने अपने कॉलम में लिखा, "इंग्लैंड को भारत के खिलाफ जीत दर्ज करनी चाहिए, अगर वह अपने बैजबॉल को संयमित करें और कुछ कॉमनसेंस का उपयोग करें। कई बार उनका क्रिकेट रोमांचक और बेहद मजेदार रहा है, लेकिन लापरवाह बल्लेबाजी के चलते उन्होंने टेस्ट मैच भी गंवाए हैं। उनका एकमात्र मकसद जीतना होना चाहिए, क्योंकि यह बताने का कोई फायदा नहीं है कि आप कितने अच्छे हैं। पिछले तीन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल हमारे देश में खेले गए हैं, लेकिन इंग्लैंड उनमें से किसी के लिए भी क्वालीफाई नहीं कर पाया।

> 1. **बल्लेबाज़ी में गिरावट :** पिछले कुछ वर्षों में रोहित शर्मा की बल्लेबाज़ी का स्तर कुछ हद तक अस्थिर और अनुचित रहा है।
> 2. **एथलेटिक क्षमता की तुलना :** लेखक का मानना है कि रोहित कभी भी कोहली जैसे स्वाभाविक एथलीट नहीं रहे।
> 3. **इंग्लैंड में चुनौतीपूर्ण शुरुआत :** रोहित को पता है कि इंग्लैंड की परिस्थितियों में नई गेंद से पारी की शुरुआत करना बेहद मुश्किल होता है।
> 4. **थकान का प्रभाव :** तीनों फॉर्मेट में कप्तानी करने और निरंतर खेलने की थकान ने उनके खेल को प्रभावित किया है।
> 5. **टेस्ट क्रिकेट से संन्यास :** रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों ने मई में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी।

## क्लब विश्व कप: इंटर मिलान और मॉन्टेरी का मुकाबला 1-1 से ड्रॉ




**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

एफसी इंटरनैजियोनेल मिलानो और सीएफ मॉन्टेरी ने बुधवार (आईएसटी) को रोज बाउल में 1-1 से बराबरी के साथ फीफा क्लब विश्व कप 2025 अभियान की शुरुआत की। दोनों टीमें रिवर प्लेट से दो अंक पीछे हैं, जो सिएटल में उरावा रेड डायमंड्स के खिलाफ 3-1 से विजयी रही थी। इंटर ने पहले हाफ में लगातार दबाव बनाए रखा, लेकिन मॉन्टेरी को कप्तान सर्जियो रामोस ने 25वें मिनट में कॉर्नर किक से गोल करके टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। 39 वर्षीय पूर्व रियल मैड्रिड स्टार ने इंटर सेंटर-बैक एलेसेंड्रो बस्तोनी को पछाड़कर गोलकीपर यान सोमर को छकाते हुए हेडर से गोल किया। इसके बाद 42वें मिनट पर लौटारो मार्टिनेज ने गोल के साथ इंटर को मुकाबले में 1-1 से बराबरी पर ला दिया। 64वें मिनट में मॉन्टेरी ने उस समय बढ़त लगभग हासिल कर ही ली थी, जब सर्जियो कैनालेस का लॉन्ग-रेंज प्रयास सोमर के गोल के बाएं पोस्ट से टकरा गया।

## बीकानेर में पहली बार होगा नेशनल लेवल की शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**बीकानेर (आईएएनएस)**

बीकानेर की 'विनायक स्पोर्ट्स शूटिंग एकेडमी' और अहमदाबाद की 'थंडरबोल्ट शूटिंग एकेडमी' के सहयोग से बीकानेर में पहली बार नेशनल लेवल की शूटिंग प्रतियोगिता आयोजित होने जा रही है। प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक अधिराज सिंह ने बताया कि बीकानेर में होने वाली यह प्रतियोगिता महाराजा करणी सिंह की स्मृति में आयोजित कराई जा रही है। अधिराज अन्तरराष्ट्रीय स्तर के निशानेबाज रह चुके हैं। वह एक ट्रेनर भी हैं। चार दिवसीय थंडर बोल्ट शूटिंग चैंपियनशिप 20 से 23 जून तक आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता लालेश्वर महादेव मंदिर शिवबाड़ी स्थित महाराजा करणीसिंह शूटिंग रेंज में आयोजित होगी। अधिराज सिंह ने बताया कि यह सब जूनियर, अंडर-12, यूथ, जूनियर और सीनियर पिस्टल और राइफल्स मैन और वूमैन प्रतिस्पर्धा होगी। इसमें विजेताओं को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक दिए जाएंगे। अधिराज सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के आखिरी दिन श्रेष्ठ खिलाड़ियों को चार अलग अलग कैटेगरी में चैम्पियन ऑफ चैंपियंस ट्रॉफी दी जाएगी। इसमें नकद राशि बतौर प्राइज मनी दी जाएगी। अधिराज सिंह ने पत्रकारों से कहा, "यह क्लब और टूर्नामेंट राजस्थान रायफल एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त है।

## सूर्यकुमार यादव हर्निया का इलाज कराने इंग्लैंड रवाना, जरूरत पड़ी को सर्जरी कराएंगे

**नई दिल्ली । एजेंसी**

भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव स्पोर्ट्स हर्निया के इलाज के लिए इंग्लैंड गए हैं। वे वहां स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स से चोट के बारे में कंसल्ट करेंगे। इतना ही नहीं, यदि जरूरी हुआ तो वहां उनकी सर्जरी भी हो सकती है। 34 साल के सूर्यकुमार के एक करीबी ने न्यूज एजेंसी PTI को नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया- 'सूर्या पेट के निचले हिस्से में दाहिनी तरफ स्पोर्ट्स हर्निया से पीड़ित हैं। वे परामर्श के लिए ब्रिटेन गए हैं। यदि आवश्यक हुआ तो वे सर्जरी करवाएंगे।' सूर्या पिछले 3 महीने से यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने दर्द के बीच कई मुकाबलों में हिस्सा लिया। अगस्त में बांग्लादेश का दौरा करेगी टीम इंडिया भारतीय टीम को अगस्त महीने में बांग्लादेश का दौरा करना है। टीम को वहां 17 अगस्त से 3 वनडे और 3 टी-20 मैच की सीरीज खेलनी है। टी-20 सीरीज 26 अगस्त से शुरू होगी। फिलहाल, भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर गई है।




## डब्ल्यूटीसी जीत के बाद मारक्रम की टेस्ट रैंकिंग में उछाल

**दुबई (आईएएनएस)।** दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम उन दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) विजेता बनने के बाद आईसीसी पुरुष टेस्ट रैंकिंग में उछाल का अनुभव किया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 282 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 207 गेंदों पर 136 रनों की मैच विजयी पारी खेलने वाले मार्करम पुरुषों की टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में सात पायदान ऊपर चढ़कर ग्यारहवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वह अब न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल से केवल दो अंक पीछे हैं, जो 725 रेटिंग अंकों के साथ 10वें स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिए कुछ महत्वपूर्ण विकेट लेने वाले मार्करम को ऑलराउंडर रैंकिंग में भी 44 पायदान ऊपर चढ़ने का इनाम मिला है। डेविड बेडिंघम, जो दक्षिण अफ्रीका की जीत के समय क्रीज पर थे।

## भारत 2026 महिला टी20 विश्व कप के लिए पाक ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका के साथ एक ग्रुप में

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत को 2026 महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप 1 में पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और दो अज्ञात क्वालीफाइंग टीमों के साथ रखा गया है, जो 12 जून से 5 जुलाई तक इंग्लैंड में खेला जाएगा। 24 दिनों तक चलने वाले टूर्नामेंट के दसवें संस्करण की शुरुआत 12 जून को एजबस्टन में मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच मुकाबले से होगी। एजबस्टन के अलावा हैम्पशायर बाउल, हेडिंग्ले, ओल्ड ट्रैफर्ड, द ओवल, ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड और लॉर्ड्स अन्य टूर्नामेंट स्थल हैं। एजबस्टन में ही भारत 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान का पहला मैच खेलेगा, उसके बाद 17 जून को हेडिंग्ले में क्वालीफाइंग टीम के खिलाफ खेलेगा। भारत 21 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड पर दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा और फिर 25 जून को उसी स्थान पर एक अन्य क्वालीफाइंग टीम के खिलाफ खेलेगा। भारत का ग्रुप चरण 28 जून को लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर कई बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक बड़े मुकाबले के साथ समाप्त होगा। इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने एक बयान में कहा, "विश्व कप हमेशा खास होते हैं, लेकिन यह पहले से ही अलग लग रहा है - इसमें वास्तव में खेल को बदलने की क्षमता है। यह हमारे खेल के लिए एक बड़ा क्षण होने जा रहा है और युवाओं को प्रेरित करने और देश भर के प्रशंसकों को लुभाने का एक शानदार अवसर है।






# 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रही भारत की जीडीपी, आने वाले समय में आठ ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी : हरदीप पुरी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत की अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है और आने वाले समय में इसका आकार आठ ट्रिलियन डॉलर कर पहुंच जाएगा। यह बयान केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को दिया। "भारत वर्तमान में दो ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन चुका है और 6.5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ रहा है। इसी रफ्तार से आने वाले समय में देश आठ ट्रिलियन डॉलर तक की अर्थव्यवस्था बन जाएगा।" उन्होंने आगे कहा, "देश की अर्थव्यवस्था बढ़ने का असर प्रत्यक्ष तौर पर नागरिकों पर पड़ता है। देश में आर्थिक गतिविधियां भी बढ़ती हैं और प्रति व्यक्ति आय में इजाफा होता है। दुनिया इंटर कनेक्टेड है इसलिए गुड्स और सर्विसेज का एक्सचेंज भी बढ़ेगा। इसके अतिरिक्त, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था बढ़ने से दुनिया में आपकी स्वीकार्यता बढ़ती है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अप्रैल 2025 में कहा था कि 2025 में भारत की नॉमिनल जीडीपी बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगी। वहीं, जापान की जीडीपी का आकार 4,186.431 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। आईएमएफ के अनुमानों के अनुसार, आने वाले वर्षों में भारत जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन सकता है। 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है और इस दौरान जीडीपी का आकार 5,069.47 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। वहीं, 2028 तक भारत की जीडीपी का आकार 5,584.476 अरब डॉलर होगा, जबकि इस दौरान जर्मनी की जीडीपी का आकार 5,251.928 अरब डॉलर रहने का अनुमान है।

आईएमएफ के मुताबिक, 2025 में अमेरिका 30,507.217 अरब डॉलर के आकार के साथ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। वहीं, चीन 19,231.705 अरब डॉलर के साथ दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा।




### 2025 में भारत की नॉमिनल जीडीपी

- अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार, भारत की जीडीपी 2025 में बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगी।
- **जापान से मामूली बढ़त :** उसी वर्ष जापान की जीडीपी अनुमानित रूप से 4,186.431 अरब डॉलर रहेगी, जिससे भारत जापान से आगे निकल सकता है।
- **विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की संभावना :** आईएमएफ का अनुमान है कि आने वाले वर्षों में भारत जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बन सकता है।
- 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा पार : भारत की अर्थव्यवस्था 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है।
- **अनुमानित जीडीपी :** 5,069.47 अरब डॉलर
- **2028 में और वृद्धि :** भारत की जीडीपी 2028 तक बढ़कर 5,584.476 अरब डॉलर होने की संभावना है।
- **इस दौरान जर्मनी की जीडीपी अनुमानित:** 5,251.928 अरब डॉलर

## टाटा मोटर्स ने एलपीओ 1622 बस लॉन्च कर कतर में अपनी उपस्थिति की मजबूत

**दोहा (आईएएनएस)।** टाटा मोटर्स ने मध्य पूर्व के बाजार में अपनी उपस्थिति मजबूत करते हुए बुधवार को कतर में अपनी नई एलपीओ 1622 बस लॉन्च की। कंपनी के एक बयान के अनुसार, कर्मचारियों के परिवहन के लिए विशेष रूप से विकसित, मध्य पूर्व में कंपनी की पहली यूरो VI-अनुपालन वाली बस बेहतर परफॉर्मेंस, आरामदायक यात्री अनुभव और स्वामित्व की कम लागत प्रदान करती है। टाटा एलपीओ 1622 बस एक विश्वसनीय कमिंस आईएसबीई 5.6एल यूरो VI-अनुपालन इंजन द्वारा संचालित है, जो 220 एचपी पावर और 925 एनएम का टॉर्क प्रदान करता है। बस दो सीटिंग कॉन्फिगरेशन 65-सीटर और 61-सीटर में उपलब्ध है, जो विभिन्न कर्मचारी परिवहन आवश्यकताओं के लिए फ्लेक्सिबिलिटी प्रदान करती है।

## भारतीय डिफेंस कंपनियों की आय वित्त वर्ष 26 में 15-17 प्रतिशत बढ़ेगी




**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत का डिफेंस सेक्टर वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहा है और देश की डिफेंस कंपनियों की आय वित्त वर्ष 26 में 15-17 प्रतिशत बढ़ेगी। यह जानकारी बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। आईसीआरए के एनालिसिस में कहा गया कि आय में अच्छी बढ़त की वजह ऑर्डर्स का मजबूत एग्जीक्यूशन होना है। वित्त वर्ष 25 के अंत में डिफेंस कंपनियों का ऑर्डर बुक/ऑपरेटिंग इनकम (ओबी/ओआई) रेश्यो 4.4 गुना था। रिपोर्ट में कहा गया कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने घरेलू रक्षा उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने, निवेश को प्रोत्साहित करने और निर्यात का विस्तार करने के लिए 'आत्मनिर्भर भारत' को अपने मूल में रखते हुए कई नीतिगत पहलों को लागू किया है।

इनमें डिफेंस सेक्टर में एफडीआई नीतियों का उदारीकरण, डिफेंस ऑफसेट नीति को जारी रखना, दो डिफेंस इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर की स्थापना और पांच 'सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियों' की अधिसूचना और ऑनलाइन स्वदेशीकरण पोर्टल 'सृजन' के माध्यम से स्वदेशीकरण की दिशा में निरंतर प्रयास शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, "इसके अलावा सरकार ने पूंजीगत परिव्यय पर जोर देते हुए इस क्षेत्र के लिए बजट में भी वृद्धि की है, जो पिछले पांच वर्षों में 8.29 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 के बजट अनुमान (बीई) में 1.92 लाख करोड़ रुपए हो गया है। रिपोर्ट में बताया गया, "सरकार की पहलों के कारण घरेलू विक्रेताओं से डिफेंस खरीद पर व्यय वित्त वर्ष 17 में 61 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 25 में लगभग 75 प्रतिशत हो गया है, जबकि निर्यात 15 गुना से अधिक और 41 प्रतिशत की मजबूत सीएजीआर के साथ वित्त वर्ष 2017-वित्त वर्ष 2025 की अवधि के दौरान 23,622 करोड़ रुपए हो गया है। आईसीआरए के कॉर्पोरेट रेटिंग्स के उपाध्यक्ष और सह-समूह प्रमुख सुप्रियो बनर्जी ने कहा, "वित्त वर्ष 2026 के लिए भारित औसत परिचालन मार्जिन 25-27 प्रतिशत पर मजबूत रहने की उम्मीद है।

## क्रिसिल ने कहा: सीपीआई से सोना हटाकर घरेलू मुद्रास्फीति रुझान बेहतर समझे जा सकते हैं

**(आईएएनएस)**

क्रिसिल की बुधवार को आई एक रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि जिस तरह मुख्य मुद्रास्फीति सूचकांक से फूड और फ्यूल कैटेगरी को बाहर रखा जाता है, उसी तरह कीमतों पर घरेलू मांग के दबाव के वास्तविक प्रभाव का आकलन करते समय सोने को भी बाहर रखा जा सकता है। खासकर तब जब उच्च वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता की अवधि के दौरान सोने की कीमतें बढ़ने लगती हैं। रिपोर्ट में पाया गया है कि मुख्य मुद्रास्फीति सूचकांक में अन्य वस्तुओं की तुलना में 2.3 प्रतिशत हिस्सेदारी के बावजूद सोने की मुद्रास्फीति ने मई 2025 को समाप्त होने वाले 12 महीनों में मुख्य मुद्रास्फीति में 17 प्रतिशत की वृद्धि का योगदान दिया। रिपोर्ट में तर्क किया गया है, "वित्त वर्ष 2025 के दौरान, सोने की मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2024 में 15.1 प्रतिशत के मुकाबले औसतन 24.7 प्रतिशत तक बढ़ गई, जबकि अन्य श्रेणियों ने प्रवृत्ति को तोड़ते हुए केवल 2.4 प्रतिशत की संयुक्त मुद्रास्फीति दर दर्ज की।



## मजबूत राजकोषीय नीति से विकास को बल : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी के बाद भारत की राजकोषीय गतिशीलता में सुधार हुआ है, जिसमें खर्च की गुणवत्ता में सबसे बड़ा बदलाव आया है, जो पिछले पांच वर्षों में सरकार द्वारा किए गए उच्च पूंजीगत व्यय से स्पष्ट होता है। यह जानकारी मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट में दी गई है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि राजकोषीय गतिशीलता में सुधार भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास मिश्रण और मुद्रास्फीति प्रबंधन के लिए अच्छा संकेत है। राजस्व घाटे में कंसोलिडेशन की तेज गति न केवल केंद्र बल्कि राज्यों द्वारा भी बेहतर खर्च मिश्रण को दर्शाती है।

## इजराइल-ईरान तनाव बढ़ने से सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान में हुए बंद

**मुंबई (आईएएनएस)**



भारतीय इक्विटी बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को लाल निशान में बंद हुए। कारोबार के अंत में ऑटो और प्राइवेट बैंक शेयरों में खरीदारी देखी गई। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से निवेशक सतर्क रहे, जिससे कारोबारी सत्र में उतार-चढ़ाव रहा। सेंसेक्स, दिन के निचले स्तर 81,237 पर पहुंचने के बाद 138.64 अंक या 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,444.66 पर बंद हुआ। इसी तरह, निफ्टी 41.35 अंक या 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,812.05 पर बंद हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के विनोद नायर ने कहा, "घरेलू मैक्रो के सपोर्टिव बेस के साथ, लॉन्ग-टर्म आउटलुक बरकरार है और निवेशकों का ध्यान अधिक स्पष्टता आने तक उच्च गुणवत्ता वाले लार्ज-कैप शेयरों पर केंद्रित रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि निवेशकों का ध्यान आज अमेरिकी फेड की नीति पर रहेगा और टैरिफ के खतरे के कारण उच्च मुद्रास्फीति की संभावना फेडरल ओपन मार्केट कमेटी को दरों को अपरिवर्तित रखने के लिए प्रेरित कर सकती है।

### पंचायतों में मजबूत इंटरनेट नेटवर्क की पहल

# डीसी ने सभी पंचायत भवनों में इंटरनेट सुविधा अनिवार्य करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** जिले में पंचायत स्तर पर डिजिटल व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस. ने बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में डीईजीएस, ई-ऑफिस, यूआईडीएआई, एनआईसी एवं आधार से जुड़ी महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह ने एक-एक कर सभी विभागीय प्रगति से उपायुक्त को अवगत कराया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी पंचायत भवन में इंटरनेट कनेक्टिविटी की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत भवन में वीएलई (विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर) की उपस्थिति अनिवार्य हो। बैठक में आधार नामांकन एवं अद्यतन की प्रगति पर विशेष चर्चा हुई। उपायुक्त ने नीलांबर-पीतांबरपुर व हैदरनगर प्रखंड में आधार अद्यतन की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और यूआईडीएआई के डीपीओ को पीवीटीजी समूह का 100% आधार कवरेज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में झारनेट कनेक्टिविटी के तहत ब्लॉक स्तर पर वीसी रूम की स्थिति की भी समीक्षा की गई, जिसमें नवाबाजार ब्लॉक में कैमरा फॉल्ट की बात सामने आई। उपायुक्त ने रामगढ़ ब्लॉक में शीघ्र वीसी रूम की स्थापना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उपायुक्त ने जिले में कार्यरत निष्क्रिय सीएसपी संचालकों को पुनः प्रशिक्षण देकर सक्रिय करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने झारसेवा के तहत जारी प्रमाणपत्रों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित करने पर बल दिया, ताकि सरकारी भर्तियों में युवाओं को समय पर प्रमाणपत्र मिल सके।

## सेवानिवृत्त शिक्षक को दी गई भावभीनी विदाई

**सिमरिया (चतरा)।** इचाक खुर्द उत्क्रमित उच्च विद्यालय के विज्ञान शिक्षक चंद्रदीप शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर बुधवार को विद्यालय परिवार ने भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया। प्रधानाध्यापक शंकर साव की अध्यक्षता और किशोरी कांत शर्मा के संचालन में कार्यक्रम हुआ। श्री शर्मा को विद्यालय में बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में ढोल-नगाड़े के साथ मंच तक लाया। श्री शर्मा 2018 से विद्यालय में कार्यरत रहे और अपनी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और मनोविज्ञान की समझ से बच्चों पर अमिट छाप छोड़ी। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षकों, ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों और ग्रामीणों ने भाग लिया। समारोह के बाद गाजे-बाजे के साथ उन्हें घर तक पहुंचाया गया।

## जिला नियोजन कार्यालय में अभ्यर्थियों का सैलाब, घंटों कतार में खड़े हो रहे युवा




- चतुर्थ वर्गीय बहाली को लेकर निबंधन के लिए भारी भीड़, ऑनलाइन आवेदन की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में चतुर्थ वर्गीय बहाली को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। बुधवार को जिला नियोजन कार्यालय में निबंधन कराने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। विज्ञापन संख्या 01/2025 के तहत 585 पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू होते ही अभ्यर्थी निबंधन के लिए घंटों कतार में खड़े रहे। बारिश के बीच भी अभ्यर्थी लाइन में डटे रहे, जिससे कई बार अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई। कतार तोड़ने की कोशिश में हल्की नोक-झोंक की घटनाएं भी सामने आईं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई थी। अभ्यर्थियों में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। जिला नियोजन पदाधिकारी धनंजय कुमार ने बताया कि प्रतिदिन करीब 1000 अभ्यर्थी निबंधन कराने पहुंच रहे हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों से ऑनलाइन माध्यम से निबंधन कराने की अपील करते हुए कहा कि वे वेबसाइट पर भी रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। ऑनलाइन निबंधन से भीड़ और अनावश्यक खर्च से बचा जा सकता है।

### तेतरियाखांड कोलियरी में हादसा, ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील

# मूसलधार बारिश से बालूमाथ में जनजीवन प्रभावित, ट्रक नदी में गिरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। बुधवार को बारिश का भयावह दृश्य तेतरियाखांड कोलियरी में देखने को मिला, जब एक भारी भरकम ट्रक बाढ़ के पानी के साथ बहकर नदी में जा गिरा। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त ट्रक प्रमोद यादव, ग्राम पिंडारकोम का है। ट्रक मालिक ने बताया कि उनका वाहन पार्किंग क्षेत्र में खड़ा था, लेकिन नदी में जलस्तर अचानक बढ़ने और मिट्टी के तेज कटाव के कारण ट्रक असंतुलित होकर नदी में गिर गया। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और राहत दल मौके पर पहुंचा। क्रेन की सहायता से ट्रक निकालने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन लगातार बारिश और तेज बहाव के कारण रेस्क्यू में परेशानी आ रही है। राहत की बात यह है कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, हालांकि आर्थिक क्षति जरूर हुई है।

### बालूमाथ में बारिश से ग्रामीण जनजीवन ठप




बालूमाथ। लगातार बारिश ने बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय सहित आस-पास के ग्रामीण इलाकों में जनजीवन पूरी तरह से ठप कर दिया है। लोग घरों में दुबके हुए हैं, खेत जलमग्न हो गए हैं और कच्चे रास्ते कीचड़ में बदल चुके हैं। कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई है। तेतरियाखांड नदी के अलावा हहारो, दामोदर और अन्य स्थानीय नदियों में जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। कई नदियां किनारों को छोड़कर खेतों और सड़कों तक फैल गई हैं, जिससे बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। हालांकि बारिश से तापमान में भारी गिरावट आई है और गर्मी से राहत मिली है, लेकिन दिहाड़ी मजदूरों के सामने आजीविका का संकट उत्पन्न हो गया है। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। ग्रामीणों से नदी-नालों से दूर रहने और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन को सूचना देने की अपील की गई है। मौसम विभाग ने जिले में अगले 48 घंटे तक और बारिश होने की संभावना जताई है। लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

## 2 किलोग्राम अवैध अफीम के साथ एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

- एसपी की कार्रवाई से नशे के सौदागरों में मचा हड़कंप

**नवीन मेल संवाददाता**




**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के बरियातू गांव के पास चतरा-हजारीबाग मुख्य सड़क किनारे से पुलिस ने एक व्यक्ति को 2.225 केजी अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया शुभम कुमार खंडेलवाल के नेतृत्व में छापामारी कर आरोपी सुखराम हस्सा पूर्ति (ग्राम केवरा, थाना मुरहू, जिला खूंटी) को पकड़ा गया। आरोपी के पास से एक मोबाइल और एक पीठू बैग बरामद किया गया। गिद्धौर थाना कांड संख्या 45/2025 दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया। एसपी श्री अग्रवाल ने कहा कि नशे के कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। छापामारी टीम में पुलिस निरीक्षक सनोज चौधरी, थाना प्रभारी कुमार गौतम, अवर निरीक्षक सोनी खलखो, सशस्त्र बल के जवान एवं चौकीदार शामिल थे। लगातार हो रही कार्रवाई से आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है, वहीं नशा कारोबारियों में दहशत है।

## मनिका के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा की भयावह स्थिति : ज्या द्रेंज

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** प्रसिद्ध अर्थशास्त्री 'प्रो. ज्या द्रेंज' ने लातेहार में आयोजित प्रेस वार्ता में मनिका प्रखंड के प्राथमिक विद्यालयों की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मनिका के 40 एकल-शिक्षक विद्यालयों में शिक्षा की स्थिति बेहद खराब है। जनवरी से मार्च 2025 के सर्वेक्षण में सामने आया कि इन विद्यालयों में 'शिक्षकों की भारी कमी' है। 40 विद्यालयों में सिर्फ 40 शिक्षक कार्यरत हैं, जबकि मानक के अनुसार 99 शिक्षकों की जरूरत है। इनमें से 87.5% शिक्षक अनुबंध आधारित हैं और महिला शिक्षकों की संख्या मात्र 15% है, जिससे छात्राओं के लिए सुरक्षित माहौल का अभाव है। विद्यालयों में 'छात्रों की उपस्थिति काफी कम' पाई गई, औसतन सिर्फ एक-तिहाई छात्र ही उपस्थित रहते हैं। अधिकांश छात्र बुनियादी गणना और साक्षरता में कमजोर हैं। 84% छात्र SC/ST समुदाय से आते हैं। 'मूलभूत सुविधाएं भी बेहद खराब' हैं—82.5% विद्यालयों के शौचालय अनुपयोगी हैं, पेयजल, बिजली, फर्नीचर और सुरक्षित भवनों की भारी कमी है। मध्याह्न भोजन योजना भी प्रभावित है, रसोइयों को छह महीने से वेतन नहीं मिला है। प्रो. द्रेंज ने 'तत्काल स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति, महिला शिक्षकों की संख्या बढ़ाने, और विद्यालयों में आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने' की मांग की। प्रेस वार्ता में जेम्स हेरेंज सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नीट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पीयूष गुप्ता को किया गया सम्मानित



**चंदवा।** ग्रीनफील्ड एकेडमी के पूर्व छात्र पियूष कुमार गुप्ता को नीट (यूजी) परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित करने पर विद्यालय परिवार ने सम्मानित किया। निदेशक अरविंद कुमार ने कहा कि यह सफलता छात्र की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय के सकारात्मक माहौल का परिणाम है। चेयरपर्सन आनंदी सोरेंग, प्राचार्या अन्नाकुट्टी एवं एडमिन एलेक्स के नेतृत्व की सराहना करते हुए निदेशक ने कहा कि ग्रीनफील्ड एकेडमी बच्चों को शिक्षा के साथ आत्मविश्वास और अवसर देने का कार्य करती है। विद्यालय परिवार ने पीयूष को चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए शुभकामनाएं दीं।

### बीएलओ को नर्सरी नक्शा मैप की दी गई जानकारी

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव की अध्यक्षता में बीएलओ के साथ बैठक हुई। बैठक में बीडीओ ने बीएलओ को जियो फेंसिंग नर्सरी नक्शा मैप की विस्तृत जानकारी दी। फेंसिंग नक्शा और कोऑर्डिनेट से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदु बीएलओ एवं सुपरवाइजर को चितरंजन शर्मा द्वारा समझाए गए। बैठक में पंचायत सचिव उज्ज्वल सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर तरुण कुमार सहित कई बीएलओ मौजूद थे।

### बालूमाथ में झमाझम बारिश से तपती गर्मी से राहत

**बालूमाथ।** लातेहार जिले के बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सोमवार से मौसम ने अचानक करवट ली। आसमान में काले बादलों के घिरते ही झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश से भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों को बड़ी राहत मिली। यह बारिश किसानों के लिए भी वरदान साबित हो रही है। मंगलवार की सुबह भी मूसलधार बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट आई और किसानों के चेहरों पर भी रौनक लौट आई। बालूमाथ, हेरहंज, बारीयातू समेत कई इलाकों में बारिश का व्यापक असर देखने को मिला। बीते दो सप्ताह से बालूमाथ क्षेत्र 40 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ भीषण गर्मी की चपेट में था। बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया। गांवों-कस्बों में लोग बारिश का आनंद लेते नजर आए। स्थानीय निवासी प्रदीप गंझू ने बताया कि बारिश से गर्मी से बड़ी राहत मिली है और अब खेती के अच्छे होने की उम्मीद है। किसान सुलेमान ने कहा कि अगर दो-तीन दिन और बारिश होती रही तो धान की फसल समय पर तैयार होगी। बारिश से पशुओं को भी राहत मिली है। हालांकि बाजारों में बारिश के चलते दुकानों के समय में बदलाव हुआ और सड़क किनारे दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

**सावधानी** मानसून की पहली बारिश में लोध जलप्रपात पर पर्यटकों की भीड़

# प्रशासन ने लोगों से बारिश में न निकलने की अपील की



### सुरक्षा नियमों का पालन अनिवार्य

भारी बारिश के बाद बुढ़ा नदी का जलस्तर बढ़ जाता है, जिससे जलप्रपात का प्रवाह खतरनाक हो सकता है। प्रशासन ने सख्त हिदायत दी है कि पर्यटक गहरे पानी में न उतरें। वन विभाग की टीम मौके पर तैनात रहती है, फिर भी लापरवाही से बचने की अपील की गई है। लोध जलप्रपात जाने के लिए रांची से 200 किमी, लातेहार मुख्यालय से 115 किमी तथा महुआडांड़ से 17 किमी दूरी तय करनी होती है। जलप्रपात परिसर प्लास्टिक-मुक्त क्षेत्र घोषित है। पर्यटकों से अनुरोध है कि वे सफाई का विशेष ध्यान रखें और प्रशासन के नियमों का पालन करें।

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड स्थित झारखंड का प्रसिद्ध लोध (बूढ़ा घाघ) जलप्रपात मानसून की पहली बारिश के साथ ही पर्यटकों से गुलजार हो गया है। तीन ओर से पहाड़ों से घिरे इस 143 मीटर ऊंचे जलप्रपात के सौंदर्य को देखने के लिए पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़ समेत झारखंड के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं। जलप्रपात का भ्रमण सुबह से दोपहर तक करना सुरक्षित माना जाता है क्योंकि शाम 4 बजे के बाद सूरज की किरणें यहां नहीं पहुंचतीं। प्रशासन ने भारी बहाव में सेल्फी लेने और चट्टानों पर खड़े होने से मना किया है।

### मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**चंदवा।** मंगलवार रात से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। चंदवा के साप्ताहिक बुधबाजार पर बारिश का सीधा असर पड़ा और बाजार पूरी तरह प्रभावित रहा। बारिश के कारण मुख्य बाजार में अजय साव का मकान गिर गया और मेन रोड स्थित मो. अरशद की खाद-बीज की दुकान में दो फीट पानी भर गया, जिससे लगभग 10 लाख रुपए का नुकसान हुआ। उधर, खेतों में पानी भरने और नदियों के उफान से किसानों में खुशी का माहौल है। बाजारों में भी कृषि उपकरणों की खरीदारी बढ़ी है। तेज बारिश के कारण चंदवा टाउन फीडर से बिजली आपूर्ति बुधवार सुबह 11 बजे से बाधित रही, जिससे लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी।

## पेज एक के शेष

### रांची सहित राज्य...

इसके साथ ही हजारीबाग, गिरिडीह, देवघर, दुमका और कोडरमा जिले में भी कहीं-कहीं भारी बारिश होने की सम्भावना है। इसके अलावा, 21 जून को गढ़वा, चतरा, पलामू, देवघर, दुमका और जामताड़ा में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की आशंका व्यक्त की है। बुधवार को रांची में न्यूनतम तापमान 22.8 और अधिकतम तापमान 25.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मेदिनीनगर में न्यूनतम तापमान 24.6 तथा अधिकतम तापमान 29.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### खराब मौसम को...

बुलेटिन में 19 जून 2025 को भारी बारिश के परिप्रेक्ष्य में रेड जोन की श्रेणी में रांची जिले को चिह्नित करते हुए भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गई है। इस कारण रांची जिले में संचालित सभी कोटि के सरकारी और गैर सरकारी सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं निजी स्कूलों में केजी से लेकर 12वीं कक्षा तक के विद्यालय बंद रहेंगे। पत्र में कहा गया है कि इस आदेश का पालन नहीं करने वाले स्कूल और उनसे संबंधित संस्थाओं पर आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**नागरिकों के लिए निर्देश :**

1. मौसम विभाग के अलर्ट का पालन करें और अनावश्यक यात्रा से बचें।
2. आपातकालीन स्थिति में नजदीकी प्रशासनिक कार्यालय या हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें।
3. अपने घरों में पानी, भोजन, प्राथमिक चिकित्सा किट और अन्य आवश्यक सामग्री तैयार रखें।

### भारी बारिश के...

फिसलन भरी सड़क पर बाइक सवार ने संतुलन खो दिया और इसके बाद बाइक विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से जा टकराई। हादसे की सूचना मिलते ही टुंडी के थानेदार उमाशंकर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों युवकों को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। पूर्वी सिंहभूम जिले के धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 33 पर दिन में करीब 01:00 बजे एक यात्री बस और हाइवा के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में बस सवार एक यात्री की मौत हो गई, जबकि लगभग 15 यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जमशेदपुर में टेल्को थाना क्षेत्र में एमटीसी के पास बुधवार की सुबह बाइक सवार अमन कुमार की किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौत हो गई। अमन शहर के घोड़ाबांधा इलाके का निवासी था। पुलिस ने उसका शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा है। एक अन्य घटना में, बोकारो के बालीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बालीडीह चौक के पास एक राहगीर अजय सिंह नामक शख्स को एक ट्रक ने कुचल दिया। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। इस घटना के बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने बालीडीह चौक के पास सड़क को करीब एक घंटे तक जाम किए रखा। बाद में पुलिस के समझाने पर जाम हटाया गया।

### जेएसएससी सीजीएल के...

राज्य सरकार की ओर से अदालत को यह भी बताया गया कि था कि परीक्षा का पेपर उपलब्ध कराने के नाम पर कई अभ्यर्थियों से पैसा वसूलने वाले आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया है। बुधवार को जनहित याचिका पर अदालत में हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश के अलावा जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजॉय पिपरवाल और प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने बहस की। ज्ञात हो कि करीब दो हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति के लिए जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा 21-22 सितंबर, 2024 को राज्य भर के 823 केंद्रों पर आयोजित हुई थी। परीक्षा में 3,04,769 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। जेएसएससी ने इस परीक्षा के आधार पर 5 दिसंबर, 2024 को 2145 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया था। इसी बीच, परीक्षा में पेपर लीक के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग को लेकर राजेश कुमार एवं अन्य ने झारखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। इसपर सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने 17 दिसंबर, 2024 को परिणाम प्रकाशित करने पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी। कोर्ट ने राज्य सरकार को पेपर लीक की शिकायत पर परीक्षा संचालन अधिनियम 2023 के तहत एफआईआर दर्ज करने और अनुसंधान कर इसकी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था। इसके बाद झारखंड के अपराध अनुसंधान विभाग एफआईआर दर्ज कर जांच कर रहा है।

### नवाबाजार सीओ 30...

अधिकारी को रंगे हाथ रिश्वत लेते पकड़ लिया गया। गिरफ्तारी के बाद एसीबी टीम ने आरोपी अधिकारी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि नवाबाजार अंचल कार्यालय लंबे समय से दलालों का गढ़ बना हुआ था, जहां एक दर्जन से अधिक दलाल कार्यालय परिसर में सक्रिय रहते थे। ये दलाल कार्यालय आने वाले लोगों से पैसा वसूल कर काम करवाने का भरोसा देते थे और अपनी कमीशन काट कर शेष राशि अंचलाधिकारी तक पहुंचाते थे। स्थानीय लोग इन गतिविधियों से काफी समय से परेशान थे।इस कार्रवाई के बाद लोग इसे भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनप्रतिरोध की एक बड़ी सफलता मान रहे हैं।

### नवाबाजार में अब...

तीसरी गिरफ्तारी शिक्षा विभाग के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बच्चन कुमार पंकज की हुई थी, जिन्हें एक शिक्षक से 10 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा गया था। इन मामलों से स्पष्ट है कि नवाबाजार प्रखंड में भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी हैं। चार-चार गिरफ्तारियों के बावजूद अधिकारी-कर्मचारियों की कार्य संस्कृति में कोई बदलाव नहीं आया है। हर बार गिरफ्तारी के बाद निर्दोष होने की दलीलें दी जाती हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि घूसखोरी यहां एक नियमित प्रक्रिया बन चुकी है।

### जेजेएमपी के सबजोनल...

गतिविधियों की शुरुआत की थी। बाद में वर्ष 2021 में उन्होंने जेजेएमपी का दामन थामा और संगठन के सबजोनल कमांडर के रूप में काम करने लगे। पुलिस के अनुसार, उन पर बरवाडीह, हेरहंज, छिपादोहर, मनिका और लातेहार थाना क्षेत्रों में नक्सली वारदातों में शामिल होने के सात संगीन मामले दर्ज हैं। उनके पास से एके-47 जैसे अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किए जाने की भी पुष्टि हुई है, जिससे उनकी उग्रवादी गतिविधियों की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। सीआरपीएफ कमांडेंट याद राम बुनकर ने इस मौके पर कहा कि जो उग्रवादी अब भी आत्मसमर्पण नहीं करते, उन्हें पुलिस की कार्रवाई का गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार और सुरक्षा बलों की रणनीति अब पहले से अधिक सख्त और निर्णायक है।

### भारत आएंगे अमेरिकी...

राष्ट्रपति ट्रंप ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा कि वह भारत आने के लिए उत्सुक हैं। ज्ञात हो कि क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन का आयोजन इस वर्ष भारत में होना है। क्वाड चार देशों का एक ग्रुप है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, भारत, अमेरिका और जापान शामिल हैं। इस संगठन को चार देशों ने समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के मकसद से बनाया। विदेश सचिव ने जानकारी दी कि कनाडा में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात होनी तय थी, लेकिन ट्रंप को जल्दी अमेरिका लौटना पड़ा, जिस कारण मुलाकात नहीं हो पाई। इसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप के आग्रह पर दोनों नेताओं के बीच फोन पर 35 मिनट बात हुई। विक्रम मिस्त्री ने बताया, 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद दोनों नेताओं की ये पहली बातचीत थी। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद ट्रंप ने पीएम मोदी को फोन पर शोक संवेदना प्रकट की थी और आतंक के खिलाफ समर्थन व्यक्त किया था।

### भारत ने कभी...

कभी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं किया है और भविष्य में भी ऐसी मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करेगा। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने मीडिया को इस बातचीत की जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी के मुताबिक, पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत हुई है। राष्ट्रपति ट्रंप के आग्रह पर बुधवार को दोनों नेताओं की फोन पर लगभग 35 मिनट तक बात हुई। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया, पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को स्पष्ट रूप से कहा है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के संबंध में कभी भी और किसी भी स्तर पर भारत-अमेरिका ट्रेड डील या अमेरिका की ओर से भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता जैसे विषयों पर बात नहीं हुई थी। पाकिस्तान के ही आग्रह पर ये बातचीत हुई थी। पीएम मोदी और ट्रंप की बातचीत को लेकर विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप से 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में विस्तार से बात की। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप से कहा कि 22 अप्रैल के बाद भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का अपना दृढ़ संकल्प पूरी दुनिया को बता दिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 6-7 मई की रात को भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में सिर्फ आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया था।

# आतंकवाद पर पीएम मोदी का आह्वान 'शब्द नहीं, अब ठोस कार्रवाई जरूरी'

## मोदी ने वैश्विक मंच से आतंक के समर्थकों पर एकजुट प्रतिक्रिया की मांग की

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

कनाडा के कनानास्किस में बुधवार को 'जी7 शिखर सम्मेलन' के आउटरीच सत्र में हिस्सा लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'आतंकवाद का समर्थन और उसे बढ़ावा देने वाले देशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई' का आह्वान किया। सुरक्षा चुनौतियों पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने देशों से आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने की बात पर जोर दिया। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को मजबूत समर्थन देने के लिए वैश्विक समुदाय का आभार जताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि "पहलगाम आतंकी हमला सिर्फ भारत पर नहीं, बल्कि पूरी मानवता पर हमला था। ईरान-इजरायल में जारी संघर्ष के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "दुनिया के विभिन्न हिस्सों में अनिश्चितता और संघर्षों ने ग्लोबल साउथ के देशों पर बहुत बुरा असर डाला है। भारत ने ग्लोबल साउथ की आवाज को विश्व मंच पर उठाने की जिम्मेदारी ली है।

पीएम मोदी का यह बयान ऐसे समय में महत्वपूर्ण हो गया है, जब पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर अमेरिका में हैं। मुनीर बुधवार को 'व्हाइट हाउस' में लंच पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी ने यह भी रेखांकित किया कि अगर अंतरराष्ट्रीय समुदाय एक स्थायी भविष्य के बारे में गंभीर है, तो दुनिया के लिए ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं और चिंताओं को समझना महत्वपूर्ण है। 'ऊर्जा सुरक्षा' पर एक सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को उनके निमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया। इसके साथ ही जी7 को अपनी यात्रा के 50 साल पूरे होने पर बधाई दी। अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ऊर्जा सुरक्षा भविष्य की पीढ़ियों के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों में से एक है। समावेशी विकास के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर विस्तार से बात करते हुए उन्होंने कहा कि "उपलब्धता, पहुंच, सामर्थ्य और स्वीकार्यता वह सिद्धांत हैं, जो ऊर्जा सुरक्षा के प्रति भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देते हुए कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है, जिसने समय से पहले अपनी पेरिस प्रतिबद्धताओं को सफलतापूर्वक पूरा किया है।



- पाकिस्तान के आर्मी चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर व्हाइट हाउस में ट्रंप से मिलेंगे
- पीएम मोदी का बयान ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान सेना प्रमुख अमेरिका दौरे पर हैं।

### पीएम ने जी7 शिखर सम्मेलन के ऊर्जा सुरक्षा पर आउटरीच सत्र में हिस्सा लिया, रिन्यूएबल एनर्जी पर दिया जोर

**कनानास्किस (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कनानास्किस में 51वें जी7 शिखर सम्मेलन में एनर्जी सिक्योरिटी पर आउटरीच सेशन में हिस्सा लिया। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि अपने संबोधन के दौरान, पीएम मोदी ने सभी लोगों के लिए एक स्थायी और हरित मार्ग के जरिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की जरूरत पर प्रकाश डाला।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने भारत की वैश्विक पहलों जैसे कि इंटरनेशनल सोलर एलायंस (सौर ऊर्जा पर केंद्रित एक संधि-आधारित अंतरराष्ट्रीय संगठन), डिजास्टर रेसिलिटेंट इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए गठबंधन (सीडीआरआई) और ग्लोबल बायोफ्यूल्स एलायंस के बारे में विस्तार से बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "एआई अपने आप में एक एनर्जी-इंटेंसिव टेक्नोलॉजी है। अगर टेक्नोलॉजी-ड्रिवन सोसायटी की ऊर्जा आवश्यकताओं को स्थायी रूप से पूरा करने का कोई तरीका है, तो वह रिन्यूएब एनर्जी के जरिए है। सस्ती, विश्वसनीय और टिकाऊ ऊर्जा सुनिश्चित करना भारत की प्राथमिकता है। पीएम मोदी ने बताया कि भारत का मानना है कि कोई भी टेक्नोलॉजी तभी मूल्यवान है, जब उसका लाभ हर व्य क्ति तक पहुंचे। ग्लोबल साउथ का कोई भी देश पीछे नहीं रहना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने टेक्नोलॉजी का लोकतंत्रीकरण किया है। डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के जरिए अर्थव्यवस्था के साथ-साथ आम लोगों को सशक्त बनाया है, जबकि सार्थक और गुणात्मक डेटा समावेशी, सक्षम और जिम्मेदार एआई की गारंटी है। प्रधानमंत्री ने कहा, "हमें ग्लोबल गवर्नेंस पर काम करना होगा। एआई से संबंधित चिंताओं को दूर करना होगा। इनोवेशन को बढ़ावा देना होगा। एआई के युग में, जरूरी मिनरल्स और टेक्नोलॉजी के बीच सहयोग जरूरी है। हमें उनकी सप्लाई चेन को सुरक्षित बनाना होगा।

# खामेनेई ने डोनाल्ड ट्रंप के बिना शर्त सरेंडर के आह्वान को खारिज किया

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई ने बुधवार को जंग का एलान करते हुए ट्विटर (एक्स) पर लिखा, "हैदर के नाम पर जंग शुरू होती है। हम आतंकी यहूदी शासन को कड़ा जवाब देंगे।" उनके इस पोस्ट के बाद ईरान ने इजरायल के विभिन्न शहरों पर 25 मिसाइलें दागीं। जवाबी हमले में इजरायल ने भी ताबड़तोड़ हमले किए। इसके बाद ईरान ने इजरायल की ओर फत्ताह मिसाइलें दागीं हैं। इधर, अमेरिका ने यरूशलेम में तीन दिनों के लिए अपना दूतावास बंद कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि, हमें पता है कि खामेनेई कहां छुपा है।

अयातुल्ला अली खामेनेई ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बिना शर्त आत्मसमर्पण के आह्वान को खारिज कर दिया, उन्होंने कहा कि ईरान कभी भी धमकियों या शांति स्थापित करने के लिए नहीं झुकेगा। खामेनेई ने बुधवार को एक टेलीविजन बयान में कहा, "ईरानी राष्ट्र आत्मसमर्पण नहीं करेगा।" "कोई भी अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप अपूरणीय क्षति लाएगा।" उनकी टिप्पणी तब आई जब रात भर के इजरायली हवाई हमलों के बाद हजारों लोग तेहरान से भाग गए। जिनेवा में ईरान के यूएन राजदूत ने चेतावनी दी कि अमेरिका की किसी भी भागीदारी से जवाबी कार्रवाई शुरू हो जाएगी, उन्होंने कहा कि वाशिंगटन पहले से ही "इज़राइल जो कर रहा है उसमें सहभागी है।" ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया कि उसने इजराइल पर नवीनतम हमले में हाइपरसोनिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया, हालांकि नुकसान की सीमा स्पष्ट नहीं है।इधर भारत की हालत यह है कि ईरान में फंसे 110 भारतीय छात्रों के बारे में बताया गया है कि वे तेहरान में भारतीय दूतावास द्वारा की गई व्यवस्था के माध्यम से सीमा पार करके आर्मेनिया पहुंच गए हैं। आर्मेनिया ईरान के उन पड़ोसी देशों में से एक है, जिनसे दिल्ली संपर्क में है। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के ईरान की सीमा से लगे कुछ अन्य देशों – तुर्की, अजरबैजान और पाकिस्तान के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध नहीं हैं। इसके अलावा, तेहरान में भारतीय दूतावास ने एक 24×7 आपातकालीन हेल्पलाइन स्थापित की है, विदेश मंत्रालय ने कहा।लेकिन अभी तमाम भारतीय ईरान में बंकरों में छिपे हैं , कई जगह फँसे हैं, और वहाँ से निकालने की गुज़ारिश कर रहे हैं। कई तो अपना फोटो वगैरह कई मीडिया चैनलों को भेजकर ईरान से निकालने के लिए भारत सरकार से प्रमाण सहित बताने को कह रहे हैं।



- कहा- ईरानी राष्ट्र आत्मसमर्पण नहीं करेगा, कोई भी अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप अपूरणीय क्षति लाएगा


### मॉल में शॉपिंग करते पाक सेना प्रमुख का उड़ रहा मजाक

**नई दिल्ली।** यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के कपड़े पर ट्रंप के कटाक्ष से परेशान पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमें वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से अपनी बहुचर्चित मुलाकात से पहले एक मॉल में शॉपिंग करते नजर आ रहे हैं। यह पहली बार नहीं जब अमेरिका यात्रा के दौरान ज़ेलेंस्की की पोशाक पर डोनाल्ड ट्रंप ने टिप्पणी की हो। इससे पहले राष्ट्रपति भी उनके पहनावे को लेकर कटाक्ष कर चुके हैं।

# देश में लोग अब बच्चे पैदा करने से कतराने लगे हैं

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देश में बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी के कारण बच्चे के परवरिश व पढ़ाई आदि का खर्च उठाने की क्षमता कम होने के कारण लोग बच्चे पैदा करने से कतराने लगे हैं। तमाम लोग तो शादी के बाद पत्नी को छोड़ दे रहे हैं। इन सबके कारण भारत में बच्चे पैदा करने की दर घट रही है। यूएन पॉपुलेशन फंड की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार फर्टिलिटी रेट जो कभी 2.1 पर स्थिर थी, अब उससे नीचे गिर गई है। आंकड़ों के अनुसार, भारत में अब एक महिला औसतन 1.9 बच्चे ही पैदा कर रही है। यह संख्या पहले 2.1 थी। 2.1 की दर को रिप्लेसमेंट लेवल माना जाता था यानी मतलब जनसंख्या को स्थिर रखने के लिए जरूरी दर। लेकिन अब यह उससे भी कम हो गई है। लोगों को बच्चे पैदा करने में कई दिक्कतें आ रही हैं। महंगाई, देर से शादी व जीने के लिए लगातार संघर्ष से तनाव के कारण लोग बच्चा पैदा करने की हिम्मत नहीं कर पा रहे हैं। लगभग 40% लोगों ने सर्वे में कहा कि वे बच्चे पैदा करने का खर्च नहीं उठा सकते। उन्होंने बताया कि नौकरी की असुरक्षा (21%) और घर का महंगा होना (22%) सबसे बड़ी दिक्कत हैं। इसके अलावा 28% लोगों ने खराब सेहत (15%) या बांझपन (13%) को भी कारण बताया।भारत के ग्रामीण व गरीबी वाले क्षेत्र में अभी भी कम उम्र में बच्चे पैदा करने के मामले सामने आते हैं। लेकिन शहरों में नौकरी की समस्या , सेटल होने में देरी , घर नहीं होने , देर से शादी के कारण बच्चा पैदा करने की हिम्मत नहीं कर पा रहे हैं। जो लोग सक्षम हैं वे लोग करियर व पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। शहरों में रहने का खर्च भी बहुत बढ़ गया है। इस वजह से लोग बच्चे पैदा करने में देरी कर रहे हैं।



- बेरोजगारी, महंगाई, असुरक्षित नौकरी, महंगा घर है बड़ा कारण

# यूनुस सरकार का नया हथकंडा अवामी लीग नेताओं पर कार्रवाई

## कई नेता पुलिस रिमांड पर भेजे गए

**ढाका (आईएएनएस)**

बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने अवामी लीग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अवामी लीग के नेताओं पर सख्त कार्रवाई जारी है, जिसके तहत बुधवार को पार्टी के कई प्रमुख नेताओं को पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर भेजा गया। चटगांव के चकोरिया उपजिला से पूर्व सांसद और अवामी लीग के अध्यक्ष जफर आलम को सात अलग-अलग मामलों में 18 दिनों की पुलिस रिमांड पर भेजने का आदेश दिया गया है। यह आदेश जांच अधिकारियों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई के बाद दिया गया। इस फैसले के विरोध में अवामी लीग के कार्यकर्ताओं ने चकोरिया नगर पालिका के मोगबाजार इलाके में विरोध मार्च निकाला और जफर आलम की गिरफ्तारी को झूठे आरोपों पर आधारित "राजनीतिक उत्पीड़न" करार दिया। पुलिस निरीक्षक अनवर हुसैन ने बताया कि जफर आलम को भारी सुरक्षा के बीच अदालत लाया गया। सेना, रैपिड एक्शन बटालियन (रैब) और पुलिस ने अदालत के चारों ओर कड़ी सुरक्षा घेराबंदी की थी।

# 15 अगस्त से 3,000 रुपए वाला फास्ट टैग होगा वार्षिक पास

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में नई टोल नीति का ऐलान किया था, जो 15 अगस्त 2025 से लागू होगी।इसके तहत केंद्रीय मंत्री ने फास्टैग को लेकर एक और घोषणा की है, जो लगातार यात्राएं करने वाले लोगों के लिए लाभ वाली होगी। गडकरी ने एक्स पर अपने आधिकारिक हैंडल से एक पोस्ट जारी किया है, जिसमें लिखा है "एक ऐतिहासिक पहल के तहत, 15 अगस्त 2025 से 3,000 की कीमत वाला पास्ट टैग आधारित वार्षिक पास शुरू किया जा है। यह पास सक्रिय होने की तिथि से एक वर्ष तक या 200 यात्राओं तक, जो भी पहले हो, वैध रहेगा। फास्टैग आधारित वार्षिक पास केवल गैर-व्यावसायिक निजी वाहनों (कार, जीप, वैन आदि) के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है और यह देशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध यात्रा को संभव बनाएगा।फास्टैग आधारित वार्षिक पास को एक्टिव करने व रिन्यू करने के लिए जल्द ही राजमार्ग यात्रा ऐप और एनएचएआई / एमओआरटीएच की वेबसाइट्स पर एक अलग लिंक उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे प्रक्रिया सरल व सुगम होगी।

फास्टैग आधारित वार्षिक पास की यह नीति 60 किलोमीटर के दायरे में स्थित टोल प्लाज़ा को लेकर लंबे समय से चले आ रहे मामलों को आसान करेगी , और एक ही सुलभ लेनदेन के माध्यम से टोल भुगतान को सहज बनाएगी। इसके साथ ही टोल प्लाजा पर प्रतीक्षा समय घटाकर, भीड़ कम कर और टोल प्लाजा पर विवाद समाप्त कर, वार्षिक पास नीति लाखों निजी वाहन चालकों के लिए तेज़, सुगम व बेहतर यात्रा अनुभव के लिए प्रतिबद्ध है।

एक वर्ष या 200 यात्राओं तक के लिए होगा वैध



# ईरान ने जासूसी होने के डर से नागरिकों से फोन से व्हाट्सएप डिलीट करने को कहा

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिका व उसके प्रिय ईजराइल के द्वारा वाट्सऐप के मार्फत खुफियागिरी के डर से ईरान ने अपने देश के लोगों से अपने फ़ोन से वाट्सएप डिलीट करने को कहा है। इसके लिए सरकारी टीवी पर लोगों से अनुरोध किया गया कि अपने फोन से व्हाट्सएप हटा दें। इसकी एक वजह वॉट्सऐप की पैरेंट कंपनी मेटा है, जो मूल रूप से एक अमेरिकी कंपनी है। ईरान सरकार का मानना है कि वॉट्सऐप का मालिकाना हक रखने वाली अमेरिकी कंपनी मेटा, उपभोक्ताओं की डिटेल को इस्त्राइल को भेजती है।इस तरह ईरान के नागरिकों की जानकारी इस्त्राइल तक पहुंच रही है।उसके सहारे भी ईजराइल लोकेशन के हिसाब से हमले का लक्ष्य चुन रहा है। इसी के कारण तमाम अफ़सर व सैनिक भी मारे गये हैं। हालांकि ईरान सरकार द्वारा लोगों से व्हाट्सएप डिलीट करने का आग्रह कितने लोग पालन करते हैं , यह तो ऐसे माहौल में लोगों पर निर्भर है। वैसे अनुमान है लोग इसका पालन करेंगे। क्योंकि इनमें कोई भी अपनी व अपने परिवार तथा इलाके की जानकारी इजराइलियों तक नहीं पहुँचने देकर उनके सेटेलाइट के निशाने पर आना व मरना नहीं चाहेंगे।अन्य देशों की तरह ईरान में भी वॉट्सऐप लोकप्रिय है।इसलिए ईरान सरकार की सलाह पर वॉट्सऐप ने चिंता जताई है।क्योंकि उसके धंधे का नुकसान होगा। टीओआई टेक की रिपोर्ट के अनुसार, वॉट्सऐप ने कहा है कि यह ऐप पर बैन लगाने की कोशिश है। एक बयान में वॉट्सऐप ने कहा है कि कुछ झूठी रिपोर्ट हमारी सर्विसेज को रोकने का बहाना बनेंगी। वॉट्सऐप के मुताबिक जिस वक्त लोगों को उनके ऐप की सबसे ज्यादा जरूरत है, वॉट्सऐप पर बैन लगाने की कोशिश हो रही है। वॉट्सऐप ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह लोगों की सटीक लोकेशन को ट्रैक नहीं करता।

कौन कितने मैसेज भेजता है या किस तरह के मैसेज भेजता है, उन्हें भी ट्रैक नहीं किया जाता है। वॉट्सऐप ने यह भी कहा है कि वह किसी भी सरकार के साथ बल्क में इन्फर्मेशन शेयर नहीं करती।लेकिन वॉट्सऐप इस तरह कितनी भी सफाई देता रहे , जो लोग व कंपनी टेक्नालाजी में माहिर हैं उनको पता है कि वॉट्सऐप कोई दूध का धुला नहीं है। वह भी वह सब कर रहा है जो अमेरिकी खुफिया एजेंसी व सरकार चाहती है। और वॉट्सऐप चैट इन्क्रिप्टेड होने से सुरक्षित होने का सामान्य लोगों के लिए मतलब हो सकता है , टेक्निकल हैकरों व इन सबकी गहन जानकारों के लिए नहीं।इन सबको पता है कि ये बड़ी कंपनियां क्या खेल कर रही हैं। किस तरह अपने लाभ के लिए सरकारों के आगे साष्टांग हो रही हैं।

- वाट्सऐप से लोकेशन व अन्य जानकारी की हो रही खुफियागिरी

### जेडी वेंस से पीएम मोदी ने कहा था-

# पाकिस्तानी हमले का देंगे कड़ा जवाब डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत में हुआ जिक्र

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत हुई है। लगभग 35 मिनट की बातचीत में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का भी जिक्र हुआ। पीएम मोदी ने ट्रंप को बताया कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के समय जेडी वेंस से कहा था कि पाकिस्तान जितना बड़ा हमला करेगा, भारत उससे भी बड़ा जवाब देगा। भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने बुधवार को पीएम मोदी और ट्रंप के बीच हुई इस बातचीत की जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के अनुसार, पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप जब बात कर रहे थे, उस समय प्रधानमंत्री ने बताया कि 9 मई की रात को जेडी वेंस ने फोन करके कहा था कि पाकिस्तान भारत पर बड़ा हमला कर सकता है।



### हेरा फेरी 3 : अक्षय ने कहा-

# 'मुझे उम्मीद है कि सब कुछ ठीक हो जाएगा...'

हेरा फेरी 3 से परेश रावल का अचानक बाहर होना इस फ्रैंचाइज़ के प्रशंसकों के लिए एक बड़ी निराशा रही है। प्रशंसक चाहते हैं कि वे बाबूराव की अपनी भूमिका को फिर से निभाएं, लेकिन परेश रावल ने द लल्लनटॉप से पहले की बातचीत में अपने किरदार को "गले का फंदा" तक कह दिया था। हेरा फेरी 3 से परेश रावल का अचानक बाहर होना इस फ्रैंचाइज़ के प्रशंसकों के




अक्षय कुमार ने प्रशंसकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सब कुछ खत्म नहीं हुआ है। अभिनेता ने फिल्म के भविष्य के बारे में आशा व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि चीजें ठीक हो जाएंगी। पिंकविला के साथ एक साक्षात्कार में, अक्षय ने कहा, "जो कुछ भी हो रहा है वह आपके सामने हो रहा है। मैं अपनी उंगलियां क्रॉस कर रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि सब कुछ ठीक हो जाएगा।" उन्होंने आगे कहा, "सब कुछ ठीक ही होगा। मुझे पक्का पता है। रावल के फिल्म छोड़ने के फैसले से प्रशंसकों और उनके सह-कलाकारों दोनों को झटका लगा। अभिनेता ने पहले एक्स पर घोषणा की थी कि वह 'हेरा फेरी 3' से दूर जा रहे हैं, लेकिन स्पष्ट किया कि निर्देशक प्रियदर्शन के साथ कोई रचनात्मक मतभेद नहीं थे।

### बलूचिस्तान में विस्फोट के बाद जाफर एक्सप्रेस के छह डिब्बे पटरी से उतरे

**बलूचिस्तान (आईएएनएस)**

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में जैकबबाद के पास जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पटरी से उतर गई। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, रेलवे ट्रैक पर एक धमाका होने के बाद ट्रेन के कम से कम छह डिब्बे पटरी से उतर गए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जब विस्फोट हुआ तब ट्रेन क्वेटा से पेशावर जा रही थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट से लगभग छह फीट रेलवे ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारियों को संदेह है कि यह विस्फोट रेल लाइन के किनारे लगाए गए एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बम के कारण हुआ। अधिकारियों ने बताया कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और इलाके को सुरक्षित कर लिया गया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल औपचारिक जांच चल रही है। बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, सशस्त्र बलूच अलगाववादी संगठन बलूच रिपब्लिकन गार्ड्स ने जाफर एक्सप्रेस पर हमले के साथ-साथ बलूचिस्तान के चगाई में रेको दिक परियोजना से जुड़े कंटेनरों को निशाना बनाने की जिम्मेदारी ली है। समूह के प्रवक्ता दोस्तिन बलूच ने एक बयान जारी कर दावा किया कि यह विस्फोट उनके कार्यकर्ताओं द्वारा जैकोबाबाद मवेशी बाजार के निकट रिमोट-कंट्रोल डिवाइस का इस्तेमाल करके किया गया था।


कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
झारखण्ड गो सेवा आयोग, रांची
पारिस्थितिक संतुलन एवं आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में गो सेवा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियां एवं संभावनाए विषय पर कार्यशाला सह संगोष्ठी
दिनांकः–19.06.2025 से 20.06.2025
उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि
श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की
अध्यक्षता
राजीव रंजन प्रसाद
अध्यक्ष, झारखण्ड गो सेवा आयोग, रांची
गरिमामयी उपस्थिति
राजू गिरी
उपाध्यक्ष, झारखण्ड गो सेवा आयोग, रांची
विशिष्ट अतिथि
अबुबकर सिददीक पी०, सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार
श्रीमती किरण पासी, निदेशक पशुपालन, झारखण्ड रांची
व्याख्यान हेतु मुख्य वक्ताओं की सूची
श्री सुनील मानसिंहका, डॉ० वल्लभभाई कथीरिया, डॉ० सत्यप्रकाश वर्मा, श्री देवाराम पुरोहित, श्री मनोज कुमार, ई० गौरव गुप्ता, श्री मदन कुशवाहा, श्री सिद्धार्थ जायसवाल, श्री अजय भरतिया, डॉ० सुदर्शन विश्वास, श्रीमती किरण पासी, डॉ० आर० के० पुंडीर, डॉ० अखिलेश पाण्डेय एवं डॉ० एस० के० मित्तल
स्थान : पशुपालन भवन सभागार, हेसाग हटिया, रांची
निवेदक
सचिव, झारखण्ड गो सेवा आयोग, रांची
PR No. 355411 (Animal Husbandry) 2025-26